*  ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

27 सितंबर, 2023
भाद्रपद, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
बुधवार, वर्ष 08, अंक 337

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही



केंद्र का दावा, आधार दुनिया की सबसे भरोसेमंद डिजिटल आइडी। मूडीज की रिपोर्ट खारिज की।







### पीएम ने जी 20 यूनिवर्सिटी कनेक्ट प्रोग्राम में छात्रों से पूछा

# देश का माल चोरी करेंगे तो उनकी जगह कहां होगी ?

- कार्यक्रम में नरेंद्र मोदी ने अपना 30 दिन का रिपोर्ट कार्ड भी दिया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को भारत मंडपम में जी20 यूनिवर्सिटी कनेक्ट प्रोग्राम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि हमने इतने बड़े इवेंट जी 20 का सफल आयोजन किया। मैं बिल्कुल हैरान नहीं हूं, क्योंकि जिस कार्यक्रम को सफल बनाने की जिम्मेदारी युवा उठा लेता है, उसका सफल होना तय हो जाता है। आप लोगों की वजह से भारत हैपनिंग प्लेस बन गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मुझ पर लोगों को जेल में डालने का आरोप है। आप बतायें जो देश का माल चोरी करेंगे, तो जगह कहां होनी चाहिए? कार्यक्रम का आयोजन यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन (यूजीसी) की तरफ से आयोजित किया गया। इसमें आइआइटी, आइआइएम, एनआइटी और मेडिकल कॉलेज जैसे कई संस्थानों ने हिस्सा लिया। इसमें देशभर के विश्वविद्यालयों के लाखों छात्र एक-दूसरे से जुड़े।

प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं आपको पिछले 30 दिन का रिकैप देना चाहता हूं। इससे आपको नये भारत की स्पीड और स्केल दोनों का पता चलेगा। 23 अगस्त को हर कोई प्रार्थना कर रहा था कि सब ठीक रहे, कुछ गड़बड़ न हो। फिर हर किसी का चेहरा खिल गया। चंद्रयान-3 के चांद पर पहुंचने के साथ ही 23 अगस्त का दिन नेशनल स्पेस डे के नाम से अंकित हो गया। पिछले 30 दिनों में भारत की डिप्लोमेसी नयी ऊंचाई पर पहुंची है। ब्रिक्स कमेटी में भारत के प्रयास से छह नये देश शामिल हुए। हमने जी20 समिट आयोजित की। इतना बड़ा इवेंट आयोजित करना छोटी बात नहीं है। इन्हीं 30 दिनों में विश्वकर्मा योजना लांच की। पिछले हफ्ते ही संसद से महिला आरक्षण बिल पास हुआ है। एक दिन में 9 वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखायी।



### रोजगार मेले में 51 हजार नियुक्ति पत्र बांटे

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को 9वें रोजगार मेले के तहत 51 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र दिया। ये युवा पिछले कुछ दिनों में केंद्र सरकार के अलग-अलग विभागों में भर्ती हुए हैं। इस मौके पर मोदी ने कहा कि पिछले नौ साल में इनोवेटिव तरीके से बड़े बदलाव हुए हैं। तकनीक का इस्तेमाल बढ़ने से भ्रष्टाचार घटा है और सुविधाएं बढ़ी हैं। ये रोजगार मेला देशभर में 46 स्थानों पर आयोजित किया गया। प्रधानमंत्री दिल्ली के नेशनल मीडिया सेंटर में आयोजित इस कार्यक्रम में शामिल हुए। यहां से उन्होंने 45 जगहों पर मौजूद युवाओं को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नियुक्ति पत्र सौंपा।

### 'अबुआ वीर दिशोम वनाधिकार अभियान' पर सीएम ने दिया निर्देश

# भूमिहीन पात्र लोगों को वन पट्टा उपलब्ध कराया जाये: हेमंत सोरेन

- वनों पर निर्भर लोगों को उनका अधिकार देने के लिए अक्टूबर से मिशन मोड पर होगा काम

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि झारखंड में वनों पर निर्भर लोगों को उनका अधिकार मिले, इस निमित्त राज्य में अक्टूबर से मिशन मोड में 'अबुआ वीर दिशोम वनाधिकार अभियान' के तहत वनपट्टा के लिए दावा का सृजन, स्वीकृति और वितरण किया जायेगा। उन्होंने इस अभियान को लेकर अधिकारियों को एक बेहतर कार्य योजना बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार की सोच है कि वैसे व्यक्ति जिन्हें वास्तव में वन पट्टा अब तक मिल जाना चाहिए था, लेकिन नहीं मिल पाया है, उन्हें वन पट्टा उपलब्ध कराया जाये। मुख्यमंत्री मंगलवार को झारखंड मंत्रालय में अनुसूचित संबंधित विभागों के साथ संयुक्त बैठक करते हुए इस संबंध में दिशा-निर्देश दिया।



### मिशन मोड में वितरण करें वनपट्टा

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि 'अबुआ वीर दिशोम वनाधिकार अभियान' के अंतर्गत तीव्र गति से बड़ी संख्या में भूमिहीन पात्र लोगों के बीच वनपट्टा वितरण किया जाये। इस अभियान के तहत प्रक्रिया को सशक्त और पारदर्शी बनाने के लिए सबसे महत्वपूर्ण है ग्राम स्तर पर वनाधिकार समिति (एफआरसी) का गठन करना और उसे सभी आवश्यक अभिलेख उपलब्ध कराना। साथ ही, अनुमंडल स्तरीय वनाधिकार समिति (एसडीएलसी) और जिलास्तरीय वनाधिकार समिति (डीएलसी) का पुनर्गठन भी जल्द किया किया जाए। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार की मंशा है कि राज्य में आदिवासी, मूलवासी, दलित, गरीब तथा भूमिहीनों को उनका पूरा अधिकार मिले। वनाधिकार 2006 के अंतर्गत वन क्षेत्र में निवास करने वाले लोगों को क्या अधिकार दिया गया है इसकी जानकारी उन तक पहुंचायी जाये। लोगों को उनके अधिकार की जानकारी मिल सके इसके लिए विभाग विभिन्न माध्यमों से व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करे। अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग वनाधिकार अभियान की एक बेहतर रूपरेखा तैयार कर इस अभियान को गति देने का काम करे। मुख्यमंत्री ने कहा कि वनाधिकार कानून 2006 के तहत राज्य में वन पट्टा आवंटन कार्य को पूर्ववर्ती सरकारों ने उपेक्षित रखा। हमारी सरकार राज्य में वन क्षेत्र में जीवन यापन करने वाले लोगों के बीच वनपट्टा वितरण कर उन्हें उनका अधिकार देने का काम कर रही है। बैठक में मुख्य सचिव सुखदेव सिंह समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## न्यूज रील्स

### सुरक्षाबलों से झड़प में 30 विद्यार्थी घायल

इंफाल। मणिपुर में मंगलवार 26 सितंबर को सुरक्षाबलों और विद्यार्थियों के बीच हुई झड़प में 30 छात्र घायल हो गये। सूत्रों के मुताबिक जुलाई से लापता दो छात्रों की हत्या के विरोध में विद्यार्थी प्रदर्शन कर रहे थे। राज्य में 23 सितंबर को मोबाइल इंटरनेट से बैन हटने के बाद दोनों छात्रों के शवों की फोटो सामने आयी थी, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है।

### 41 साल बाद भारत को घुड़सवारी में गोल्ड

हांगझोउ। 19वें एशियन गेम्स में तीसरे दिन हांगझोउ में भारत को तीसरा मेडल मिला। घुड़सवारी टीम ने मंगलवार का पहला गोल्ड मेडल दिलाया है। सुदिप्ती हजेला, दिव्यकृति सिंह, हृदय छेड़ा और अनुष अगरवल्ला की जोड़ी ने इस इवेंट में 41 साल बाद देश के लिए गोल्ड जीता। भारत के एशियन गेम्स में अब 14 मेडल हो गए हैं, जिसमें तीन गोल्ड शामिल हैं।

### जम्मू में एक आतंकी 8 सहयोगी गिरफ्तार

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में सुरक्षा बलों ने दो आतंकी मॉड्यूलों का पदार्फाश किया। जिसमें एक ऑपरेशन में उन्होंने एक आतंकवादी और उसके 5 सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। इनमें दो महिलाएं हैं। वहीं दूसरे ऑपरेशन में पुलिस ने तीन आतंकी सहयोगियों को गिरफ्तार किया। ये सभी आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा और द रेजिस्टेंस फ्रंट से जुड़े हैं। पुलिस ने इनके पास से आपत्तिजनक सामग्री, हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किया।

### एटीएस ने पकड़ा आइएसआइ जासूस

लखनऊ। पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी एएसआइ के लिए जासूसी करने वाले एक युवक को यूपी एटीएस ने लखनऊ से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान शैलेश कुमार उर्फ शैलैन्द्र सिंह चौहान पुत्र राजेन्द्र सिंह के रूप में हुई है। शैलेश कासगंज के पटियाली इलाके का रहने वाला है। उसके पास से सेना का फर्जी पहचान पत्र भी मिला है।

# सहायक उत्पाद आयुक्त अरविंद कुजूर हुए सस्पेंड

- दुकान में बेची जा रही नकली शराब पर नहीं दिया स्पष्टीकरण

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** बोकारो में नकली शराब बेचे जाने की शिकायत मिलने के बाद उत्पाद विभाग ने कार्रवाई करते हुए सहायक उत्पाद आयुक्त अरविंद कुजूर को सस्पेंड कर दिया है। अरविंद कुजूर फिलहाल हजारीबाग में तैनात है। बोकारो में पोस्टिंग के दौरान नकली शराब बेचने का आरोप लगा था। उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग ने इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया है। आदेश में बताया गया है कि बीते 27 जून को बोकारो जिला के सदर अंचल में संचालित खुदरा उत्पाद दुकानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान तीनों दुकानों में नकली शराब बरामद की गयी। इस संबंध में सहायक आयुक्त उत्पाद अरविंद कुजूर से दो बार स्पष्टीकरण समर्पित करने का निर्देश दिया गया। कुजूर की ओर से दिया गया स्पष्टीकरण असंतोषजनक पाया गया। इसके बाद विभाग ने अरविंद कुजूर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। निलंबन अवधि में अरविंद कुजुर मुख्यालय पर प्रमंडलीय आयुक्त का कार्यालय संथाल परगना दुमका में योगदान देंगे।

गौरतलब है कि रांची के तत्कालीन सहायक आयुक्त अरविंद कुजूर अक्सर विवादों में रहे हैं। मार्च 2014 में एसीबी की टीम ने उत्पाद विभाग के दारोगा विश्वनाथ राम और सिपाही रामलखन राय को गिरफ्तार किया था। दोनों ने अपने बयान में आरोप लगाया था कि उन्होंने सहायक आयुक्त कुजूर के लिए 40 हजार रुपये घूस लिये थे। इस आधार पर निगरानी ने कुजूर के खिलाफ मामला दर्ज किया था। छापेमारी के दौरान कुजूर के कार्यालय से पिस्का मोड़ स्थित विदेशी शराब के दुकानदार प्रवीण कुमार का परमिट निगरानी ने बरामद किया था। वहीं घूस की राशि के साथ दारोगा और सिपाही की गिरफ्तारी आयुक्त कार्यालय से की गयी थी।

### सीएम हेमंत सोरेन को इडी का पांचवां समन

- 4 अक्टूबर को पेश होने का निर्देश

**रांची (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को प्रवर्तन निदेशालय (इडी) की ओर से पांचवां समन जारी किया गया है। इडी ने उन्हें 4 अक्टूबर को हाजिर होने का निर्देश दिया है। चौथा समन जारी कर इडी ने उन्हें 23 सितंबर को रांची के जोनल कार्यालय में पेश होने को कहा था, लेकिन वे हाजिर नहीं हुए थे। गौरतलब है कि इडी ने 14 अगस्त को जब पहली बार हेमंत सोरेन को भूमि घोटाला मामले में समन भेजा था, तब उन्होंने कहा था कि यह पूरा मामला राजनीति से प्रेरित है। उन्हें फंसाने की कोशिश की जा रही है। इडी को हथियार की तरह इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने इडी से आग्रह किया था कि वह अपना समन वापस ले ले, नहीं तो वह कानूनी रास्ता अपनायेंगे। इसके बाद इडी ने हेमंत सोरेन को फिर समन भेजा। मुख्यमंत्री ने इडी के समन को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर वह हाइकोर्ट में याचिका दायर कर चुके हैं। कोर्ट से उन्होंने इडी के समन को निरस्त करने का आग्रह किया है।

### दिल्ली में 22 देशों के आर्मी चीफ की कांफ्रेंस

# प्रशांत क्षेत्र में शांति से समाधान चाहता है भारत: थल सेना प्रमुख

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** भारत के थल सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडेय ने कहा है कि हिंद प्रशांत क्षेत्र (इंडो-पैसिफिक) में भारत शांति के साथ हर मसले का हल चाहता है। हम बल प्रयोग से बचने और अंतरराष्ट्रीय कानूनों के पालन पर जोर देते हैं। हम सभी देशों की संप्रुभता और अखंडता को बनाये रखना चाहते हैं। थल सेना प्रमुख मंगलवार को दिल्ली के मानेकशॉ सेंटर में आयोजित इंडो-पैसिफिक आर्मी चीफ्स कांफ्रेंस में बोल रहे थे।

जनरल पांडेय ने चीन का नाम लिये बिना कहा कि हम किसी भी तरह के विवाद का शंतिपूर्ण हल चाहते हैं। इसके लिए सभी देशों के बीच बातचीत होनी चाहिए। लड़ाई से इसका समाधान नहीं हो सकता। इस मौके पर अमेरिका के आर्मी चीफ जनरल रैंडी जॉर्ज ने कहा कि



दुनिया में युद्ध का तरीका बदल रहा है। कांफ्रेंस में शामिल देशों के बीच सैन्य समेत हर स्तर पर सहयोग मजबूत करना होगा। एक-दूसरे के साथ विश्वास बढ़ाना होगा। हमारी एकता-प्रतिबद्धता से संबंध और गहरे होते चले जायेंगे। सम्मेलन में कनाडा के डिप्टी आर्मी चीफ मेजर जनरल पीटर स्कॉट ने भी हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि मैं प्रधानमंत्री जस्टिन टूडो के बयान से अवगत हूं। सरकार का रुख, भारत के साथ जांच में भाग लेने और सहयोग करने का अनुरोध है लेकिन वास्तव में यहां इंडो-पैसिफिक सम्मेलन में उस मुद्दे को हम पर इसका प्रभाव नहीं पड़ा। सही मायने में हम सेना से लेकर सेना तक संबंध बनाने के लिए यहां पर मौजूद हैं और हम अपनी-अपनी सरकारो (भारत-कनाडा) को उस मुद्दे से स्वयं निपटने देंगे।

गौरतलब है कि इंडो-पैसिफिक आर्मी चीफ्स कांफ्रेंस का आयोजन भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका की सेनाएं मिल कर कर रही हैं। सेना और नेवी की यह दुनिया की सबसे बड़ी कांफ्रेंस है। मानेकशॉ सेंटर में 25 सितंबर से शुरू हुए इस कांफ्रेंस में अमेरिका और कनाडा समेत 22 देशों के आर्मी चीफ 27 सितंबर तक रहेंगे। इस कांफ्रेंस का मकसद आपसी समझ, संवाद और मित्रता के माध्यम से हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति और स्थिरता को बढ़ावा देना है।



स्व. राजीव गांधी    श्री बंधु तिर्की    श्री हेमंत सोरेन

करम पर्व के शुभ अवसर पर
शक्तिशाली पेसा कानून लागू करने
की ऐतिहासिक पहल पर
माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन जी
को हृदय से आभार.

अपील

5 अक्टूबर, 2023, दिन गुरुवार को बिरसा मुंडा समाधि स्थल से बिरसा चौक तक आयोजित पेसा अधिकार यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल हों।

राज्य बनने के बाद से ही लगातार श्री बंधु तिर्की एवं उनके साथियों द्वारा
'सेन्दरा सगाइ' आन्दोलन के माध्यम से
पूरे राज्य भर में आदिवासियों के बीच पेसा कानून के संबंध
में जागरुकता पैदा करने में महती भूमिका निभायी गयी,
जिसके कारण इन्हें जेल की यातना भी सहनी पड़ी.

निवेदक

शिवा कच्छप - अध्यक्ष, सरना संघर्ष समिति। शिव उरांव- अध्यक्ष, ग्रामीण केन्द्रीय सरना समिति। अजय कच्छप - अध्यक्ष, आदिवासी सेना। मंगा उरांव - अध्यक्ष-प्रखंड कांग्रेस कमिटी, मांडर। पंचू मिंज- अध्यक्ष, आदिवासी कांग्रेस कमिटी, बेड़ो। जयंत बारला- अध्यक्ष, लापुंग प्रखंड कांग्रेस कमिटी। रमेश महली- इटकी प्रखंड, कांग्रेस अध्यक्ष। प्रो. करमा उरांव- अध्यक्ष, प्रखंड कांग्रेस कमिटी, बेड़ो। अलबिन लकड़ा, अमर उरांव, सुशील उरांव, सुनील मिंज, होशे उरांव, अमूल लकड़ा, आकाश लकड़ा, अमूल्य नीरज खलखो, लक्ष्मीनारायण मुंडा, जगदीश लोहरा, सुदामा महली, छोटेलाल करमाली, बेलस तिर्की, जयनारायण उरांव, रतन तिर्की, बीनू लकड़ा, शशिकांत तिर्की, फ्रांसिस तिर्की, मोरहा उरांव, चुमनू उरांव, बुधराम उरांव, मंगरू भगत, मारवाड़ी उरांव, जयनाथ उरांव, लक्ष्मीनारायण भगत, अल्फ्रेंड मिंज, भउवा उरांव, मंगरा उरांव, विश्वास उरांव, तुलसी उरांव, जुएल तिग्गा, संजय तिग्गा, प्रकाश तिग्गा, बुधनाथ उरांव, राजेन केरकेट्टा, राजेश तिर्की, बिरसू उरांव, सरोथिना मिंज, सरिता उरांव, जोसफीन लकड़ा, फ्रांसिस्को मिंज, संगीता मिंज, सुशीला बारला, मेरी बारला, विश्वनाथ मुंडा, विनोद उरांव, संतोष लोहरा, बंधनु लोहरा, बिस्वा उरांव, आशामनी मिंज, मनकू उरांव, पिरकी उरांव, चिंतामनी उरांव, सुशीला उरांव, रवि उरांव, जुगिता उरांव, मंगी उरांव, रवि उरांव, जुगिता उरांव, गंगी उरांव, विश्वनाथ उरांव, अलमा तिर्की, सुदीप तिर्की, टेंबा उरांव, राम मुंडा, विनोद उरांव, सोमुएल बारला, लोधो उरांव, सीतू उरांव, मंगलेश्वर उरांव, जयनाथ भगत, लखन मिंज, महादेव उरांव, पवन भगत, किशोर भगत, संतोष उरांव, चुमनू उरांव, परना उरांव, चरवा उरांव, सरिता कच्छप, मन्ना उरांव, रोपना उरांव, गगेसर उरांव, सोमरा उरांव, प्रभुदान होरो, नोएल होरो, आनंद मर्सी होरो, बेनेडिक्ट लकड़ा, बोनिफस कोंगाड़ी, सुदामा महली, संजय बारला, राजेश बारला, संतोष तिर्की, उदय उरांव, बंधना उरांव, राजू उरांव, राजेश लकड़ा, सुनील उरांव, बुधु उरांव, राजेश लिंडा, कलिंदर उरांव, लालू उरांव, संगीता उरांव, अजय मिंज, शीतल उरांव, बैजू उरांव, रमेश लोहरा, सोमरा भगत, बुधुराम भगत, संजय तिग्गा, बेलस टोप्पो, शीतल कुजूर, एतवा उरांव, सोमा उरांव और लखन उरांव।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
No 1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 55,500 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 73,000 रु./प्रति किलो |

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 27 सितंबर, 2023
www.azadsipahi.in


# मध्यप्रदेश में भाजपा ने अपनाया 'जीतो और जिताओ' का फार्मूला

## ■ प्रत्याशियों की दूसरी सूची के सहारे पार्टी ने साध लिये कई समीकरण

## ■ केंद्रीय मंत्रियों और सांसदों को उतार कर बड़ा खेल खेला है पार्टी ने

आजाद सिपाही विशेष

**मध्यप्रदेश में भाजपा ने विधानसभा उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी कर सभी को चौंका दिया है। कुल 39 प्रत्याशियों के नामों की घोषणा की गयी है, जिनमें तीन केंद्रीय मंत्री समेत सात सांसद हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि भाजपा ने अपने चार सांसदों में से तीन को कांग्रेस के कब्जे वाली सीट पर उतारा है, जिसका मतलब यही निकाला जा सकता है कि पार्टी इस बार 'जीतो और जिताओ' के फार्मूले पर काम कर रही है। पार्टी ने संगठन के लिए काम कर रहे दिग्गज महासचिव सह सांसद कैलाश विजयवर्गीय को भी राज्य की राजनीति में वापस जाने को कहा है, जबकि केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर की भी राज्य में वापसी हो रही है। पार्टी ने 17 अगस्त को 39 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर भी संकेत दिया था कि इस बार वह मध्यप्रदेश को जीतने के लिए किसी तरह का खतरा मोल लेने के मूड में नहीं है। इसके अलावा भाजपा ने बड़े चेहरों को विधानसभा चुनाव में उतार कर क्षेत्रीय और जातिगत समीकरण साधने की कोशिश भी की है। यही वजह है कि महाकौशल क्षेत्र की दो सीटों पर दो बड़े ओबीसी चेहरों को चुनाव में प्रत्याशी बनाया गया है। इस सूची से साफ संकेत मिले हैं कि मोदी-शाह ने मध्यप्रदेश में चुनावी रणनीति में नया प्रयोग किया है। भाजपा नेतृत्व द्वारा जारी इस सूची से यह भी साफ हो गया है कि पार्टी लोकसभा चुनाव की भी तैयारी कर रहा है। जिन सांसदों को विधानसभा का टिकट दिया गया है, वे एक ही सीट से लोकसभा का चुनाव लगातार लड़ते आये हैं। पार्टी अब नये चेहरों को मौका देना चाहती है। यह भी संभव है कि लोकसभा चुनाव में विधायकों को उतार दिया जाये। ऐसे में विधानसभा और लोकसभा दोनों चुनावों में लोकल स्तर पर एंटी इनकंबेंसी को दूर किया जा सकता है। भाजपा प्रत्याशियों की दूसरी सूची का राजनीतिक विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

मध्यप्रदेश भाजपा ने विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की दूसरी सूची में जिन 39 प्रत्याशियों को उतारा है, उनमें तीन केंद्रीय मंत्रियों समेत सात सांसद हैं। इस सूची में तीन विधायकों के टिकट भी काटे गये हैं। इनमें मैहर से नारायण त्रिपाठी, सीधी से केदारनाथ शुक्ला और नरसिंहपुर से जालम सिंह पटेल शामिल हैं। वहीं 31 नये चेहरों पर दांव लगाया गया है। इनमें 37 साल से लेकर 72 साल के उम्मीदवार शामिल हैं। इस सूची के जारी होने के बाद पार्टी के भीतर असंतोष की आवाजें भी उठ रही हैं, लेकिन इस सूची के अपने सियासी मायने हैं। भाजपा ने इस सूची के सहारे कई समीकरण साध लिये हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि पार्टी मध्यप्रदेश को जीतने के लिए हर खतरा उठायेगी। राजनीतिक हलकों में कहा जा रहा है कि भाजपा ने मध्यप्रदेश में कांग्रेस को चौतरफा घेरने के लिए काफी सटीक दांव चला है। मुख्यमंत्री पद के सारे दावेदारों को उतार भाजपा ने यह साफ संदेश दे दिया है कि सभी अपने क्षेत्र को जीतें और जितायें। भाजपा की इस सूची से साफ हो गया है कि मध्यप्रदेश का आगामी विधानसभा चुनाव बेहद रोमांचक होगा। 230 विधानसभा सीटों के लिए भाजपा और कांग्रेस के बीच मुकाबला रोचक होगा। इस समय मध्यप्रदेश में भाजपा की सरकार है और प्रदेश की बागडोर शिवराज सिंह चौहान के हाथों में है। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भोपाल का दौरा कर प्रदेश में पार्टी की संभावनाओं में चार चांद लगा दिये हैं। इससे भाजपा कार्यकर्ताओं को मनोबल बढ़ा है।

### दूसरी सूची में कौन-कौन शामिल?

विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने केंद्रीय मंत्रियों और बड़े नेताओं को उम्मीदवार के तौर पर चुनावी मैदान में उतारा है। सभी अपने-अपने गढ़ से चुनाव लड़ कर जीत का परचम लहराने के लिए तैयार हैं। इस सूची में केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर (ग्वालियर-चंबल), प्रह्लाद पटेल और फग्गन सिंह कुलस्ते, लोकसभा में भाजपा के मुख्य सचेतक और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राकेश सिंह (महाकौशल), राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय



(मालवांचल) का नाम शामिल है। भाजपा ने इस बार छह महिलाओं को भी टिकट दिया है। वहीं दूसरी सूची में गणेश सिंह, राव उदय प्रताप सिंह और रीति पाठक का नाम भी शामिल है।

### सीएम का चेहरा घोषित किये बिना लड़ेगी भाजपा

भाजपा इस बार मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित किये बिना विधानसभा चुनाव लड़ रही है। हालांकि चुनावी मैदान में सभी बड़े चेहरों को मुख्यमंत्री की दौड़ में शामिल माना ही जाता है। भाजपा अगर विधानसभा चुनाव जीत जाती है, तो इससे लोकसभा चुनाव का रास्ता भी साफ हो जायेगा। भाजपा की दूसरी सूची में केंद्रीय मंत्रियों सहित कुल सात सांसदों को विधानसभा चुनाव में उतारना उसकी लोकसभा की तैयारी की एक झलक पेश करता है।

### भाजपा का एक तीर से दो निशाने

भाजपा ने एक तीर से दो निशाने लगाये हैं। संभावना यह है कि आनेवाली सूची में कुछ अन्य सांसदों को भी विधानसभा चुनाव का टिकट दिया जा सकता है। वहीं भाजपा ने इस बार मैहर के विधायक नारायण त्रिपाठी, आदिवासी पेशाब कांड से विवाद में आये केदार शुक्ल और जालम सिंह पटेल को टिकट नहीं दिया है। केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर को दिमनी से प्रत्याशी बनाया गया है। इंदौर-एक सीट से भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय को प्रत्याशी बनाया गया है। इस बार वरिष्ठ नेताओं में भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राकेश सिंह को भी पहली बार विधानसभा चुनाव लड़ाया जा रहा है। सिंह जबलपुर लोकसभा क्षेत्र से चार बार के सांसद हैं।

### क्षेत्रीय और जातीय समीकरण

चार सांसदों और तीन केंद्रीय मंत्रियों को विधानसभा चुनाव लड़ाने के पीछे एक वजह क्षेत्रीय और जातीय समीकरण भी है। महाकौशल में भाजपा बड़े ओबीसी चेहरे के तौर पर प्रह्लाद पटेल और राकेश सिंह को प्रोजेक्ट करेगी। पटेल का नरसिंहपुर, सिवनी और बालाघाट में प्रभाव है, जबकि राकेश सिंह की जबलपुर के अलावा कटनी में पकड़ मजबूत है। इसी तरह सांसद गणेश सिंह को पिछड़ा वर्ग का बड़ा चेहरा माना जाता है।

लोकसभा चुनावों में यह फैक्टर उनकी जीत में बड़ी भूमिका निभाता आया है। सीधी से रीति पाठक को टिकट देकर भाजपा ब्राह्मण वोटरों पर अपनी पकड़ बनाये रखना चाहती है, जो पेशाब कांड की वजह से छिटकता दिख रहा था। विंध्य क्षेत्र में 30 विधानसभा सीटें हैं। इनमें से 23 सीटें ऐसी हैं, जहां ब्राह्मणों की आबादी 30 फीसदी के करीब है। इस बार के टिकट में यदि जातीय समीकरण देखा जाये, तो आठ ठाकुर, सात ब्राह्मण, दो बनिया, छह अति पिछड़ा वर्ग और 14 रिजर्व को लोगों को टिकट दिया गया है। वहीं लैंगिक विश्लेषण करें तो छह महिला और 33 पुरुषों को टिकट दिया गया है। इस प्रकार भाजपा ने मध्यप्रदेश में अब तक 78 उम्मीदवारों के नामों का ऐलान कर दिया है।

### दूसरे राज्यों के लिए भी अहम संदेश

मध्यप्रदेश चुनाव के लिए जारी उम्मीदवारों की सूची का दूरगामी संदेश यह है कि भाजपा दूसरे राज्यों में भी इस बार यही फार्मूला अपनाने जा रही है। वह अब चुनाव बाद की रणनीति के बदले सीधे चुनाव जीतने की रणनीति अपना रही है। इसके लिए पार्टी अब बड़े से बड़ा बलिदान देने से नहीं चूकेगी। मध्यप्रदेश का यह फार्मूला कितना कारगर होगा, यह अभी नहीं कहा जा सकता है।

---

## आदिवासी हितों के लिए अपना सब कुछ झोंक देनेवाले एक राजनेता का सुझाव

# पेसा कानून को अंतिम रूप देना क्रांतिकारी कदम, जल्द लागू करे सरकार : बंधु तिर्की

## ■ जमीन से जुड़े हजारों लोगों के संघर्ष के बाद अब करम परब पर लाखों चेहरे पर मुस्कान, खुशी लौटने का भरोसा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में यदि किसी को ऐसे राजनेताओं की सूची बनाने को कहा जाये, जिसने आदिवासी हितों के लिए अपना सब कुछ झोंक दिया, तो उसमें एक प्रमुख नाम बंधु तिर्की का जरूर होगा, क्योंकि यह नाम झारखंड की राजनीति में ही नहीं, सामाजिक कार्यों में भी प्रमुख स्थान पर है। मांडर के पूर्व विधायक और झारखंड कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की का आदिवासी हितों के मुद्दों पर स्टैंड हमेशा से अलग रहा है। बंधु तिर्की ने झारखंड में पेसा कानून लागू करने समेत दूसरे आदिवासी मुद्दों पर न केवल ठोस स्टैंड लिया, बल्कि उन मुद्दों के लिए निर्णायक लड़ाई भी लड़ी। इस क्रम में उन्होंने बड़ी-बड़ी रैलियां कीं, आक्रामक तरीके से आदिवासी हितों को जनमुद्दा बनाने की खातिर वह जेल तक गये। बंधु तिर्की ने झारखंड सरकार द्वारा पेसा कानून को अंतिम रूप दिये जाने पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए इसे क्रांतिकारी कदम करार दिया है।

### क्या कहा है बंधु तिर्की ने

झारखंड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य बंधु तिर्की ने कहा है कि झारखंड सरकार द्वारा पेसा कानून को अंतिम रूप देना वैसा क्रांतिकारी कदम है, जो प्रदेश के जमीनी हालात और यहां के गांवों की तस्वीर बदलने के साथ ही ग्रामीणों के चेहरे पर मुस्कान लौटाने में सफल होगा। उन्होंने करम परब के अवसर पर झारखंड वासियों को दिये गये पेसा कानून के उपहार के लिए सकारात्मक, मजबूत और निर्णायक कदम उठाने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### कांग्रेस की देन है पेसा कानून

बंधु ने कहा कि राजीव गांधी के कारण ही पंचायती राज कानून लागू हुआ था, जिससे ग्रामीणों को उनका अधिकार मिला और पेसा कानून भी कांग्रेस की ही देन है। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों और पारंपरिक ग्राम सभाओं के अधिकारों को लेकर विरोधाभास था, जिसका आदिवासियों द्वारा विरोध किया जा रहा था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने ही पांचवीं अनुसूची के तहत आनेवाले क्षेत्रों के लिए 1996 में पेसा कानून बनाया था। इसके बाद सभी संबंधित राज्यों को इससे संबंधित कानून एक साल के अंदर बनाना था, पर भाजपा शासित राज्यों ने इस पर कोई कार्रवाई नहीं की। उन्होंने कहा कि सिर्फ कांग्रेस पार्टी ही हमेशा से ग्रामीणों, आदिवासियों, पिछड़ों, दलितों, अल्पसंख्यकों आदि के कल्याण के प्रति समर्पित रही है। उन्होंने कहा कि ऐसा महत्वपूर्ण कदम उठाना केवल कांग्रेस के गठबंधन वाली सरकार के बस की ही बात थी, अन्यथा जिस भारतीय जनता पार्टी ने 15 नवंबर 2000 को झारखंड गठन के बाद से अब तक लगभग 23 साल के कार्यकाल में अधिकांश समय तक शासन किया, वह आम जन की इस आकांक्षा को जरूर पूरा करती, लेकिन भाजपा मूलतः वैसे तत्वों की पार्टी है, जो आम लोगों एवं ग्रामीणों का केवल शोषण करना ही जानती है। इसीलिए भाजपा सरकारों के शासनकाल में ऐसा कानून बना ही नहीं। उन्होंने कहा कि भाजपा ने यदि पंचायती राज अधिनियम लागू भी किया, तो उसमें पांचवीं अनुसूची की अवहेलना की।

### पेसा कानून की कई खूबियां हैं

वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि पेसा कानून के संदर्भ में सरकार का सबसे महत्वपूर्ण कदम यह रहा कि उसने पिछले 31 अगस्त तक आम जनता एवं संगठनों से आपत्तियां एवं सुझाव की मांग की थी और उसके अनुरूप उसने व्यावहारिक सुझावों को भी इस पेसा कानून में शामिल किया है, जो प्रशंसनीय कदम है। उन्होंने कहा कि इस कानून में अनेक वैसे प्रावधान हैं, जिनसे ग्रामीण क्षेत्रों में अपराध पर नियंत्रण लगेगा। साथ ही लोगों में आपसी सहयोग, सामंजस्य एवं सद्भावना की वृद्धि होगी। तिर्की के अनुसार इस कानून के कारण वैसे तत्वों के रास्ते में रुकावटें खड़ी होंगी, जो ग्रामीणों को दिग्भ्रमित कर उनकी जमीन आदि को धोखे से अपने नाम करवा लेते हैं। उन्होंने कहा कि गांव के पारंपरिक प्रधान मानकी, मुंडा, मांझी, परगना, दिउरी, डोकलो, सोहरो, पड़हा राजा जैसे पारंपरिक प्रधान को अधिकार सौंपना वैसा सही कदम है, जिससे झारखंड को उसका पुराना स्वाभिमान लौटाने में सहायता मिलेगी। इससे न केवल झारखंड में विकास एवं स्वाभिमान को सही स्थान मिलेगा, बल्कि पूरे देश में इस प्रदेश की प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि जमीनी स्तर पर लोकतंत्र को मजबूत करने की दिशा में उठाया गया यह शक्तिशाली एवं क्रांतिकारी कदम है।

### ग्रामीण क्षेत्रों में अपराधों पर लगेगी लगाम

श्री तिर्की ने कहा कि वैसे तो आइपीसी की कुल 36 धाराओं के तहत अपराध करने वालों पर न्यूनतम 10 रुपये से लेकर अधिकतम एक हजार रुपये तक के दंड का प्रावधान है और मोटे तौर पर देखने पर ऐसा प्रतीत होता है कि जल स्रोतों को प्रदूषित करने, जीव-जंतुओं के साथ उपेक्षापूर्ण व्यवहार, अश्लील काम करने, अश्लील गाना बजाने, धार्मिक भावनाओं को भड़काने या उसे ठेस पहुंचाने, दंगा-फसाद, चोरी करने, छल-कपट, जीव-जंतु को मारने या विकलांग करने, मानहानि, खोटे बाट का इस्तेमाल, जबरन काम कराने, लोक शांति भंग करने आदि पर दंडित करने का अधिकार ग्राम सभा को होगा, लेकिन वास्तविकता यह है कि इससे ग्रामीण क्षेत्रों में सभी तरह के अपराधों पर नियंत्रण लगेगा।

### शुरू से ही किया गया आंदोलन

श्री तिर्की ने कहा कि पेसा कानून को लागू करवाने की मांग करते हुए उन्होंने पूरे झारखंड में सैकड़ों रैलियां की थीं। उनके साथ ही अनेक लोगों को जेल की प्रताड़ना सहनी पड़ी। झारखंड गठन के तत्काल बाद उनके द्वारा पेसा कानून को लागू करने के लिए तीव्र आंदोलन किया गया। पारंपरिक शासन व्यवस्था को लागू करने के लिए सैकड़ों रैलियां एवं जनसभाएं की गयी थीं। आंदोलन के तहत सेंदरा सगाड़ (रथ) निकाला गया था, जिसकी यात्रा पूरे झारखंड में हुई। उन्होंने कहा कि आज 23 साल बाद उनके मन में जो प्रसन्नता है, उसे शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता।

श्री तिर्की ने कहा कि पेसा कानून की सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धि यह भी है कि इससे ग्रामीण क्षेत्रों में सही रास्ते पर चलते हुए आय अर्जित करने और असामाजिक गतिविधियों से बचने पर नियंत्रण लगेगा, क्योंकि अनेक अपराध के दोषी व्यक्तियों को दंडित करने का उसे अधिकार होगा, लेकिन प्राकृतिक जल स्रोतों के प्रबंधन के साथ ही गैर इमारती वन प्रबंधन के संदर्भ में निर्णय लेने का पेसा कानून का प्रावधान वस्तुतः क्रांतिकारी कदम है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि राज्यपाल की सकारात्मक सहमति पेसा कानून को प्राप्त होगी, जिससे इस कानून को जल्द से जल्द जमीनी स्तर पर इसका व्यावहारिक लाभ न केवल आदिवासियों या मूलवासियों, बल्कि झारखंड के सभी लोगों को मिलेगा और जमीन की लूट रुकेगी।

### कौन हैं बंधु तिर्की

वर्ष 2001 में नये बने झारखंड के डोमिसाइल आंदोलन में किसी धूमकेतु की तरह सियासत के आकाश में एक नाम चर्चित हुआ और वह था बंधु तिर्की का। झारखंड के मूलवासियों के हितों के लिए रांची के बाहरी इलाके बनहौरा का यह नौजवान सूट-बूट छोड़ कर खादी के कपड़ों में नजर आने लगा और देखते-देखते ही डोमिसाइल आंदोलन का मुख्य किरदार बन गया। इससे पहले हालांकि एकीकृत बिहार में राजद से जुड़ कर बंधु तिर्की राजनीति में आ गये थे, लेकिन उन्हें पहचान इसी आंदोलन से मिली। इसके बाद से तो वह झारखंड की सियासत में एक प्रमुख किरदार बन गये। 2009 में मांडर विधानसभा क्षेत्र से पहली बार विधायक चुने गये। उनकी लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से मिल जाता है कि उन्हें चुनाव लड़ने के लिए ग्रामीणों ने प्रोत्साहित भी किया और मदद भी की। चुनाव जीतने के बाद वह राज्य के शिक्षा और खेल मंत्री बने। उनकी लोकप्रियता बहुतों को रास नहीं आयी और उन्हें जेल भी भिजवाया, लेकिन उनकी लोकप्रियता कभी कम नहीं हुई। 2014 में वह चुनाव तो हार गये, लेकिन लगातार आदिवासी हितों के लिए संघर्ष करते रहे,



समस्याओं के निदान के लिए जूझते रहे। विधायक नहीं रहने के बावजूद वह लोगों के साथ जुड़े रहे। उनके चेहरे या काम करने के तरीके में कोई बदलाव नहीं हुआ। चाहे किसी को मदद की जरूरत हो या बच्चे के नामांकन में दिक्कत हो रही हो, बंधु ने हमेशा मदद का हाथ बढ़ाया। इसका पुरस्कार उन्हें 2019 में मिला, जब वह मांडर से एक बार फिर विधायक चुने गये। 2022 में उन्हें अदालती फैसले के कारण विधायक पद से हटा दिया गया, लेकिन उनकी लोकप्रियता आज भी बरकरार है। उन्होंने आदिवासी हित में कभी समझौता नहीं किया।

#### आदिवासी संस्कृति के बड़े पैरोकार

बंधु तिर्की ने ऐसे नेता हैं, जो सच को सच कहने की हिम्मत रखते हैं। यही कारण है कि उनकी छवि लगातार निखरती गयी। इसके अलावा आदिवासी संस्कृति की पहचान धुमकुड़िया के निर्माण के लिए उन्होंने जिस तरह की सक्रियता दिखायी है, उसकी चौतरफा तारीफ हो रही है। आज भी बंधु तिर्की सुबह अपने आवास से निकलते हैं और देर रात को ही लौटते हैं। कोरोना काल में उन्होंने लोगों की जितनी मदद की है, वह सराहनीय है। पढ़ाई हो या शादी, इलाज हो या श्राद्ध, बंधु तिर्की हमेशा लोगों की उम्मीदों के केंद्र में रहते हैं। वह काम में राजनीति को आड़े नहीं आने देते। पिछले महीने उन्होंने जब इटकी यक्ष्मा आरोग्यशाला को एम्स के रूप में विकसित करने की मांग की, तो उन्होंने तमाम राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता भुला कर स्थानीय सांसदों और भाजपा के केंद्रीय नेताओं को पत्र भेजा। मांडर की विकास योजनाओं के लिए वह किसी भी दल के नेता के पास पहुंचते हैं और उनका यही गुण उन्हें दूसरों से अलग करता है। लोग भी उनसे बगैर किसी झिझक के मिलते हैं और यह बताता है कि वह सभी उम्र और वर्ग के लोगों में समान रूप से लोकप्रिय हैं।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 32.0 °c | 22.5 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | 17.43 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 05.39 बजे | |



# करम डाली विसर्जन के दौरान पांच बच्चों की डूबने से मौत, एक युवक की करंट ने ली जान

आजाद सिपाही संवाददाता

**चौपारण/महुदा।** प्रकृति पर्व करम के बाद डाली विसर्जन के दौरान झारखंड में दो दुखद घटनाएं हुई हैं। पहली घटना हजारीबाग जिले के चौपारण की है, जहां विसर्जन के दौरान तीन बच्चियों की नदी में डूबने से मौत हो गयी। वहीं दूसरी घटना धनबाद के बाघमारा थाना क्षेत्र की है, वहां भी करम डाली विसर्जन के दौरान दो बच्चे नदी में डूब गये। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं पूरे इलाके में शोक की लहर है।



**चौपारण में तीन बच्चियों की मौत :** हजारीबाग जिले के चौपारण प्रखंड अंतर्गत ओबरा गांव की कुछ बच्चियां मंगलवार को करम डाली का विसर्जन करने बड़ाकर नदी गयी थीं। इस दौरान नदी की तेज धार में छह बच्चियां बह गयीं। स्थानीय लोगों ने किसी तरह तीन को बाहर निकाल लिया, लेकिन तीन बच्चियां नदी में बह गयीं। जानकारी के अनुसार बच्चियां गांव की अन्य महिलाओं के साथ नदी में करम डाली प्रवाहित करने गयीं थीं। इसी बीच पैर फिसल गया और वे पानी की धार में चली गयीं। घटना की सूचना के बाद प्रशासनिक अमला घटनास्थल पर पहुंचा। गोताखोरों की टीम को बुलाया गया।

## करम डाली विसर्जन के दौरान, पांच बच्चे डूबे, दो की मौत

महुदा (धनबाद)। बाघमारा थाना के माटिगढ़ क्षेत्र अंतर्गत जमुनिया नदी में करम डाली विसर्जन के दौरान दो बच्चे की डूबने से मौत हो गयी। मृतकों की पहचान देवराज कुमार (10 वर्ष) तथा सलोनी कुमारी (14 वर्ष) के रूप में हुई है। बताते चलें कि पांच बच्चे करम डाली विसर्जन के लिए नदी गये थे। इसी दौरान पांचों डूबने लगे। तीन बच्चे किसी तरह सुरक्षित बाहर निकला गये। लेकिन दो बच्चों की डूबने से मौत हो गयी। हालांकि आनन-फानन में परिजन दोनों को बीसीसीएल क्षेत्रीय अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पाकर बाघमारा विधायक ढुलू महतो एवं बाघमारा पुलिस मौके पर पहुंचा। इस दौरान विधायक ने आपदा प्रबंधन से मृतक के परिजनों को मुवाबजा दिलवाने का आश्वासन दिया। विधायक ने बीसीसीएल पर जमुनिया नदी सुरक्षा को लेकर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। वहीं इस घटना से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। घटना से पूरे इलाके में शोक है। इधर, पुलिस ने सोनाली कुमारी का शव पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया, जबकि देवराज के शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए उनके परिजन तैयार नहीं हुए। इस मामले में पुलिस ने यूडी केस दर्ज किया है।

## करमा पूजा के दौरान लगातार घटी घटनाएं

बता दें कि इस साल झारखंड में करमा पूजा के दौरान लगातार घटनाएं हो रही हैं। मंगलवार को करम डाली विसर्जन के दौरान डूबने से पांच बच्चों की मौत हो गयी। वहीं सोमवार को गिरिडीह में करम के लिए फूल लाने तालाब गये युवक की भी डूबने से मौत हो गयी थी। इससे पहले गिरिडीह में ही करम जावा उठाने गयीं चार बच्चियों की तालाब में डूबने मौत हो गयी।

## करम डाली में आया करंट, युवक की मौत

मंगलवार को ही कोडरमा में भी करम पर्व के बाद एक हादसा हो गया। जिला के नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत डोंगोडीह में करम पूजा के दौरान दो युवक करंट की चपेट में आ गये। इस घटना में एक की मौत हो गयी, जबकि एक की स्थिति गंभीर है। जानकारी के मुताबिक करम डाली में करंट आ गया था, जिससे दोनों चपेट में आ गये।

## गुमला की 25 आदिवासी छात्राएं एक्सपोजर विजिट के लिए इसरो रवाना

गुमला। जिले के एकलव्य, कस्तूरबा गांधी और आश्रम विद्यालय की 25 आदिवासी छात्राएं मंगलवार को एक्सपोजर विजिट के लिए चेन्नई के श्रीहरिकोटा स्थित इसरो रवाना हुईं। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी सहित उप विकास आयुक्त हेमंत सती, एसडीओ सदर रवि जैन, डीसीएलआर सुषमा नीलम सोरेंग और जिला शिक्षा अधीक्षक डॉ मोहम्मद वसीम ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखा कर छात्राओं के बस को समाहरणालय परिसर से रवाना किया। छात्राएं वहां वैज्ञानिकों से चंद्रयान-3 से संबंधित विशेष तथ्यों की जानकारी प्राप्त करेंगी। यह पहली बार है कि गुमला जिले की आदिवासी छात्राओं को इस प्रकार के एक्सपोजर विजिट के लिए इसरो भेजा जा रहा है।

# हेमंत सोरेन सरकार में 77000 करोड़ का घोटाला: जफर इस्लाम

आजाद सिपाही संवाददाता



- आरोपः करप्शन स्लीपर सेल के इंचार्ज हैं हेमंत सोरेन
- इस महालूट में अधिकारी और बिचौलिये भी शामिल
- हेमंत सोरेन जितना चाहे भाग लें, उनकी जगह सलाखों में

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने हेमंत सोरेन सरकार पर बड़ा हमला बोला है। पार्टी के प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में उन्होंने हेमंत सोरेन को झारखंड में करप्शन के स्लीपर सेल का इंचार्ज बताया है। उन्होंने हेमंत सोरेन सरकार पर लगभग चार वर्षों के कार्यकाल में 77000 करोड़ रुपये के घोटाले का आरोप लगाया है। कहा कि हेमंत सोरेन के आका दिल्ली और पटना में बैठे हैं। सोनिया गांधी, राहुल गांधी, लालू यादव, नीतीश कुमार, मल्लिकार्जुन खड़गे आदि सभी के सहयोग से इस प्रदेश की संपत्ति लूटी जा रही है और संपत्ति का बंटवारा भी किया जा रहा है।

राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि घमंडिया गठबंधन ने 2004 से 2014 तक देश की संपत्ति को लूटा। 2014 के बाद जब उनकी सरकार चली गयी, तब उन्होंने करप्शन के स्लीपर सेल को ढूंढ़ना प्रारंभ किया। स्लीपर सेल उन्हें वैसे प्रदेशों में मिले, जहां उनकी गठबंधन की सरकार है। झारखंड में हेमंत सोरेन सरकार के साथ मिल कर उन्होंने लूटपाट शुरू की। पूरे झारखंड में करप्शन हो रहा है। झारखंड में अधिकारी और बिचौलिये मिल कर करप्शन कर रहे हैं। सभी के तार हेमंत सोरेन से जुड़े हैं। चाहे माइंस घोटाला हो, मनरेगा घोटाला हो, ट्रांसफर पोस्टिंग घोटाला हो, रूलर डेवलपमेंट घोटाला हो, सभी के कनेक्शन कहीं ना कहीं करप्शन के स्लीपर सेल के इंचार्ज हेमंत सोरेन से जुड़ते हैं। इस करप्शन में इनके वित्त मंत्री, रूलर डेवलपमेंट मंत्री सहित कई अधिकारी और बिचौलिये शामिल हैं।

राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि मनरेगा, कोल आवंटन, अवैध खनन, लैंड स्कैम आदि घोटाले ने झारखंड को कलंकित किया है। हेमंत सोरेन ने अपना, अपने पिता आदि का नाम बदल कर भूमि घोटाला किया है। इसके सारे दस्तावेज पार्टी के पास मौजूद हैं। फायरिंग रेंज के बगल में 100 एकड़ का जमीन घोटाला किया गया है। इसके अलावा कई संपत्तियां हैं। सीबीआइ को 108 संपत्ति का ब्यौरा इन्होंने दिया है। कई संपत्तियों को ये खुद भूल गये हैं। राज्य के कई जिले के ये नागरिक बने हुए हैं। वह जहां जिस जिले में जाते हैं, वही से इनकी रजिस्ट्री हो जाती है। हेमंत सोरेन सरकार ने जनता के साथ धोखा किया है। कांग्रेस और राजद के साथ मिल कर प्रदेश को लूट रहे हैं। इसके अलावा पूजा सिंघल, पंकज मिश्रा, अमित अग्रवाल, वीरेंद्र राम, मनीष रंजन, विष्णु अग्रवाल, छवि रंजन, राजीव अरुण एक्का (जो ट्रांसफर पोस्टिंग में एक्सपर्ट हैं), विशाल चौधरी, योगेंद्र तिवारी, विनय चौबे, रमेश कई ऐसे नाम हैं, जो प्रदेश में महालूट में शामिल हैं। इनमें से कई का शराब घोटाले में बड़ा रोल है। मनोज कुमार आइएएस की पोस्टिंग में लाखों का खेल हुआ। मनीष रंजन का इसमें बड़ा रोल है। अविनाश कुमार की दलालों को बॉडीगार्ड उपलब्ध कराने में संलिप्तता है। हेमंत सोरेन इडी के सवालों से जितना भी भागना चाहें, भाग लें, परंतु उनकी जगह सलाखों में है। झारखंड में जमीर बिकते हैं, फरमान बिकते हैं, दाम लगाओ तो इमान बिकते हैं कहावत पूरी तरह सटीक बैठती है। कहीं भी किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं है। भारतीय जनता पार्टी उनको बताना चाहती है कि वे लोग जितना भी भाग लें कामयाब नहीं होंगे, आज नहीं तो कल आप लोगों को सलाखों के पीछे जाना होगा, क्योंकि आपने करप्शन किया है। भारतीय जनता पार्टी जीरो टॉलरेंस पॉलिसी पर चल रही है। घमंडिया गठबंधन में शामिल झारखंड के करप्शन के स्लीपर सेल के इंचार्ज आम जनता की बजाय गठबंधन के दिल्ली में बैठे आकाओं के हितकारी हैं। तहकीकात जारी है। आगे कई चीजें सामने आयेगी। एजेंसी अपना काम कर रही है।

राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि 2014 के बाद देश में एक नारा बहुत मजबूती से बुलंद हुआ कि मोदी है तो मुमकिन है। नौ साल के कार्यकाल में नरेंद्र मोदी ने इसे बार-बार साबित किया है। महिला आरक्षण अब ख्वाब नहीं, हकीकत बन गया है। 27 साल से जो मामला लटका हुआ था, सभी विपक्षी पार्टियों ने महिलाओं को गुमराह करने और छलने का काम किया। मोदी सरकार ने इस गारंटी को पूरा कर इतिहास रच दिया। इसके लिए पूरे देश की महिलाएं नरेंद्र मोदी की आभारी हैं। जैसे घर को चलाने के लिए महिलाओं का अमूल्य योगदान होता है, उसी प्रकार देश में भी उनकी भागीदारी आवश्यक है। कांग्रेस ने महिलाओं को 70 साल तक गुमराह किया, महिलाओं की चिंता नहीं की। पीएम ने जो वादा किया, उसे निभाया। 26 जून 1998 में अटल जी की सरकार में, 22 नवंबर 1999 में, 2002 और 2003 में हमने कोशिश की, परंतु विपक्ष की रुकावट के कारण हम कामयाब नहीं हो पाये।

राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि कांग्रेस ने कभी भी आम महिला, आम जनता को मजबूत नहीं किया। कांग्रेस ने अगर मजबूत किया तो इंदिरा गांधी, सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी को। वहीं हेमंत सोरेन तो इससे एक कदम और आगे निकल गये और उनकी सरकार ने तो घोटाले करने वाली पूजा सिंघल जैसी महिला को मजबूत करने का काम किया। पूजा सिंघल इस लूट की आर्किटेक्ट हैं। इस दौरान प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा, प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक और प्रदेश सह मीडिया प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह भी मौजूद रहे।

# हेमंत ला रहे पेशा कानून, भयभीत है भाजपा: सुप्रियो

- इसका डर अब भाजपा और उसके कॉरपोरेट साथियों को अभी से सताने लगा है
- भाजपा के प्रवक्ता अब इडी के भी प्रवक्ता बन गये हैं

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झामुमो के केंद्रीय महासचिव और प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि झारखंड में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन नया पेसा कानून लाने जा रहे हैं। एक बार फिर से जल, जंगल और जमीन पर अधिकार ग्रामसभा का हो जायेगा। इसका डर अब भाजपा और उसके कॉरपोरेट साथियों को सताने लगा है। भाजपा के मित्रों और कॉरपोरेट जगत का जंगल और जमीन में प्रवेश थम जायेगा। इससे पूरी भाजपा भयभीत है। क्योंकि भाजपा कभी नहीं चाहती है कि आदिवासी, दलित, किसान, गरीब, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों को उनका अधिकार मिले। इसके कारण भाजपा के लोग डरे हुए हैं। उक्त बातें मंगलवार को श्री भट्टाचार्य ने झामुमो प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहीं। श्री भट्टाचार्य ने कहा कि राजनीतिक रूप से तो हमसे मुकाबला नहीं कर सकते हैं, इसलिए कभी जांच एजेंसियों तो कभी अपने बड़बोले नेताओं के द्वारा अनाप-शनाप बुलवाते रहते हैं। इन सब कारणों से दिल्ली के निशाने पर झारखंड और झारखंड के आदिवासी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आ गये हैं। लेकिन हम लोग इससे भयभीत होनेवाले नहीं हैं। जनता सभी का जवाब देगी। 2024 का चुनाव आनेवाला है।



## बाबूलाल अपनी भाषा और शब्द चयन पर लगाम लगायें

भट्टाचार्य ने कहा कि कल ही करम बीता है, बाबूलाल जी झारखंड की सभ्यता-संस्कृति और परंपरा से भलीभांति परिचित हैं। इसलिए वह अपना संस्कार न भूलें। अपनी भाषा और शब्द चयन पर लगाम लगायें। एक विस्थापित पूर्व सीएम एक स्थापित सीएम हेमंत सोरेन को जानवर कह रहे हैं। उनकी पार्टी के सांसद और नेता भाग हेमंत सोरेन भाग आदि शब्दों का इस्तेमाल कर रहे हैं। यह कहां की परंपरा और सभ्यता है। बाबूलाल और उनके नेता तो भाजपा सांसद बिधूड़ी की भाषा बोलने लगे हैं। बड़ी अजीब बात है कि एक केंद्रीय मंत्री संसद में बयान देती है कि मेरी बात सुनो और मानो, नहीं तो इडी और सीबीआइ लगा देंगे। इसका मतलब क्या है। मतलब साफ है कि भाजपा और केंद्र सरकार जांच एजेंसियों का इस्तेमाल विरोधियों को अपने पक्ष में करने के लिए कर रही है।

## भाजपा की ही याचिका में 16 गलतियां

उन्होंने याचिका में त्रुटि पर बताया कि एक केस रिट पिटीशन जो 5888/20 2020 का है, उसे 10.11.2020 को भारतीय जनता पार्टी के द्वारा झारखंड विधानसभा के स्पीकर को पार्टी बना कर फाइल किया गया। इसमें हाइकोर्ट ने 16 त्रुटियां गिनायीं। लेकिन हम लोगों ने इस पर कुछ बोला नहीं क्योंकि यह स्वाभाविक है। उन्हीं के नेता बाबूलाल मरांडी ने 12.11.2020 को स्पीकर के खिलाफ एक रिट पिटिशन 5911 फाइल करते हैं। उसमें भी तीन आपत्तियां हैं। इसमें पहली आपत्ति पेज नंबर 28 से 35 में है। दूसरी आपत्ति पेज नंबर 43, 45, 46 और 59 में है। ये जो चीजें है वो सामान्य हैं। अब इस पर ऐसी कौन सी बात हो गयी कि एक सीएम के बारे में दूसरा पूर्व मुख्यमंत्री किस भाषा का प्रयोग करने लगते हैं। स्थापित मुख्यमंत्री को विस्थापित मुख्यमंत्री तुलना करते हैं। एक अदना सा आदमी कहता है कि समय खरीद रहा है। भाग रहे हैं। ये कौन सी नयी भाषा है। भट्टाचार्य ने कहा कि आज कल हर आवेदन डिजिटल इंडिया के माध्यम से किया जाता है। इसी तरह से हाइकोर्ट में भी ऑनलाइन आवेदन किया जाता है, जिसमें कई तरह की प्रक्रिया होती है। इस प्रक्रिया में कुछ त्रुटियां रह जाती हैं, हो जाती हैं। यह सामान्य प्रक्रिया है। भाजपा के लोग इसे प्रचार करते हुए एक मुख्यमंत्री पर अनर्गल आरोप लगा रहे हैं। ऐसा लगता है कि भाजपा के प्रवक्ता अब इडी के प्रवक्ता भी बन गये हैं क्या।

### नवनिर्वाचित विधायक बेबी देवी ने ली विधानसभा की सदस्यता, कहा-

# डुमरी को जिला बनाने की होगी पहल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** डुमरी से निर्वाचित विधायक एवं मंत्री बेबी देवी ने मंगलवार को विधानसभा की सदस्यता ली।

विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो ने स्पीकर कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलायी। स्पीकर ने उन्हें बुके देकर स्वागत किया और शुभकामनाएं दी। इस मौके पर बेबी देवी ने अपने दिवंगत पति स्व जगरनाथ महतो को याद करते हुए कहा कि वे उनके सपनों को पूरा करने के लिए और झारखंड की सेवा के लिए प्रतिबद्ध हैं। बेबी देवी ने डुमरी के विकास के लिए अलग से ध्यान देने की बात कही।



उन्होंने कहा कि डुमरी उनकी प्राथमिकता में था और आगे भी रहेगा। कहा कि डुमरी को जिला बनाने का प्रयास करेंगी। इसके लिए वे सीएम हेमंत सोरेन से बात करने वाली हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में डुमरी से उनके समर्थक पहुंचे थे।

# कुरमी को एसटी में शामिल करने को लेकर कोई प्रस्ताव नहीं है केंद्र के पास: अर्जुन मुंडा

- केंद्रीय मंत्री ने कहा, राजनीतिक फायदे के लिए उत्पन्न किया जा रहा विवाद

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि कुरमी को एसटी सूची में शामिल करने को लेकर कोई प्रस्ताव या फाइल केंद्र सरकार के पास नहीं है। राजनीतिक फायदे के लिए राज्य सरकार विवाद उत्पन्न कर रही है।



## 147 युवाओं के बीच नियुक्ति पत्र का वितरण

मंगलवार को पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 51 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र बांटा गया। इसे लेकर रांची के सीसीएल दरभंगा हाउस समेत देशभर के 40 संस्थानों में कार्यक्रम आयोजित था। सीसीएल दरभंगा हाउस में जिन 147 युवाओं को नियुक्ति पत्र बांटा गया, उनमें मुख्य रूप से डाक विभाग, भारतीय लेखा, बैंक, डॉक्टर्स और उच्च शिक्षा विभाग शामिल हैं।

## अर्जुन मुंडा और संजय सेठ ने दी बधाई

मौके पर मौजूद केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा और रांची सांसद संजय सेठ ने नियुक्ति पत्र पाने वाले सभी अभ्यर्थियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। वहीं नियुक्ति पाने वाले अभ्यर्थियों ने कहा कि उन्हें काफी खुशी हो रही है। लंबे इंतजार के बाद उन्हें नौकरी मिली है। अब ईमानदारी पूर्वक काम करेंगे।

### सीएम हेमंत सोरेन पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने आयोजित जनसभा में साधा निशाना

# धनबाद एसपी बन गये हैं वसूली एजेंट: बाबूलाल मरांडी

- धनबाद सहित पूरे झारखंड में कानून व्यवस्था चौपट, भ्रष्टाचार चरम पर

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** झारखंड भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि धनबाद सहित पूरे झारखंड में कानून व्यवस्था चौपट हो चुकी है। भ्रष्टाचार चरम पर है। राज्य सरकार को इसकी कोई चिंता नहीं है। झारखंड में बेहिसाब अपराध बढ़ा है। धनबाद में एसपी हैं। सबका प्रमोशन हो गया, परंतु वसूली करने के लिए इनका प्रमोशन नहीं हुआ। धनबाद जिले के एसपी वसूली एजेंट बन गये हैं। यहां के एसपी अपराधियों के साथ मिल कर रंगदारी वसूल रहे हैं। जनता से लूटे गये पैसों से कोर्ट-कचहरी का खर्चा निकल रहा है। पलामू में पदस्थापन के दौरान इनके एक कारनामे से हमने पत्र लिख कर सरकार को अवगत कराया, परंतु सरकार को कोई फर्क नहीं पड़ा। वैसे दागी अधिकारी को धनबाद जैसे जिला में सरकार पदस्थापित करके रखी है, तो दाल में कुछ न कुछ काला जरूर है। यह तो राज्य की स्थिति है, फिर कैसे कानून व्यवस्था ठीक होगी। श्री मरांडी मंगलवार को संकल्प यात्रा के तहत निरसा विधानसभा में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे।



**भाजपा की सरकार में अपराधी खौफ खाते हैं :** श्री मरांडी ने कहा कि सरकार का काम होता है कानून व्यवस्था ठीक कराना, लेकिन आज झारखंड में क्या हो रहा है किसी से छुपा नहीं है। यहां प्रत्येक दिन चोरी, डकैती, लूट, अपहरण, हत्या यहां तक कि बहू-बेटियों की इज्जत-आबरू भी सुरक्षित नहीं रह गयी है। आखिर यह स्थिति क्यों पैदा हुई।

उन्होंने कहा कि जब झारखंड में भाजपा की सरकार होती है तो अपराधी खौफ खाते हैं झारखंड से भाग खड़े होते हैं, लेकिन जब राज्य में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार बनती है तो अपराधी बेखौफ होकर अपराध करते हैं आखिर पुलिस करती क्या है ?

पुलिस का काम है चोरों को पकड़ना, अपराधियों को पकड़ना, उनको जेल में डालना ,उनको सजा दिलाना, लेकिन हेमंत सोरेन ने पुलिस को वसूली में लगा रखा है। चाहे कोयला की वसूली हो, नदी से बालू की वसूली हो अगर आप हरा-हरा नोट देंगे तो आपको छोड़ेंगे नहीं तो आप कोर्ट से जमानत कराओ। घर बनाने के लिए बालू पर भी लोगों को आफत है। देश की चिंता करने वाले, किसानों, गरीबों, महिलाओं की चिंता करने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ हम सबों को भी खड़ा होना होगा। यही आपसे आग्रह करने आया हूं। हम सबको मिलकर इस सरकार को उखाड़ फेंकना है। यही संकल्प लेकर आप सभी जायें।

## रांची हिंसा मामला में 3 अक्टूबर को हाइकोर्ट में सुनवाई

रांची। झारखंड हाइकोर्ट में रांची हिंसा की जांच की मांग को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर अब 3 अक्टूबर को सुनवाई होगी। पिछली सुनवाई में अदालत ने राज्य सरकार से अपटूडेट स्टेटस रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया था। यह मामला मंगलवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध था, लेकिन इस मामले की सुनवाई टल गयी। हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की बेंच में इस मामले की सुनवाई हो रही है। उम्मीद की जा रही है कि अगली सुनवाई के दिन अदालत इस जनहित याचिका पर अपना फैसला सुनायेगा।

पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

विविध वैद्युतिक कार्य हेतू ई–निविदा सूचना
विद्युत/क.वि. विभाग के लिये खुली निविदायें

मंडल रेल प्रबंधक/विद्युत/पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

ई–निविदा सं.: TRD/OT/08/TR/ GCCIC/2023-24

1. कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि: (i) Dhanbad Division: TRR(P) 47.876 TKM (ii) TBR 9 TKM & TBR (Turnouts) - 10 sets (iii) CTR (S/P)-33.087 (iv) CS+CMSC - 34 stes, TWS+WCMSC - 24 sets, CS-6 FS+CS+CMSC - 3 sets, TTR(TSR) - 176 sets, SEJs - 31 Nos. & Glued Joints - 222 sets. कार्य समापन की अवधि – (06) छः माह, 2. कार्य के लिए प्राक्कलित राशि: रु. 83,48,151.72, निविदा प्रपत्र का मूल्य–शून्य/– 3. बीड सिक्युरिटि: रु. 1,67,000/– 4. ई–निविदा बंद होने एवं खुलने की तिथि एवं समय: ई–निविदा बंद होने की तिथि 17.10.2023 को 11:00 बजे, ई–निविदा खुलने की तिथि 17.10.2023 को 11:30 बजे, 5. वेबसाइट का विवरण: वेवसाइट: www.ireps.gov.in ई–निविदा के तहत मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जायेंगे।

मंडल रेल प्रबंधक/क.वि. / पूर्व मध्य रेल, धनबाद

पीआर/01246/डीएचएन/ईटीआरडी/टी/23–24/36

## डीएवी जिला स्तरीय राष्ट्रीय समूह गान में प्रथम



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** भारत विकास परिषद द्वारा आयोजित जिला स्तरीय समूह गान में डीएवी पब्लिक स्कूल झुमरीतिलैया, कोडरमा के प्रतिभागियों ने परचम लहराया। डीएवी कोडरमा हिंदी सामूहिक गान में प्रथम स्थान पर रहा और संस्कृत सामूहिक गान में द्वितीय स्थान पर रहा। प्रतियोगिता कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक डॉ नीरा यादव और परिषद के अध्यक्ष वीरेंद्र प्रसाद सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। जीत का यह परचम डीएवी के प्राचार्य कृष्ण कुमार सिंह के दिशा निर्देशन में तथा विद्यालय के सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के अथक प्रयास से मिला। बच्चों को गीत के लिए तैयार करने में डीएवी के संगीत शिक्षक धर्मेंद्र कुमार पाठक और शिक्षिका चांदनी दुबे ने अपना अहम योगदान दिया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिमागी-सिद्धि कुमारी, विष्णु गोविल, प्रिंस कुमार, आर्यन राज, अफान खान, समृद्धि सिंह, सानवी कुमारी, सलोनी मोदी, स्मृति काजल, सारा खान, अन्वी सेठ, कृपाली कुमारी हैं। विद्यालय के प्राचार्य कृष्ण कुमार सिंह ने बच्चों, उनके अभिभावकों और कल्चरल टीम को तैयार करने में योगदान देनेवाले शिक्षकों को बहुत बधाई दी और उनके कार्यों की सराहना की। साथ ही यह भी कहा कि इस प्रकार के प्रतियोगिता से बच्चों में आत्मविश्वास का विकास होता है।

## सुरक्षा और एचआर दृष्टिकोण के बारे में श्रमिकों को किया जागरूक



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में मंगलवार केटीपीएस के सोलर प्लांट के श्रमिकों के बीच पीआइडीपीआइ के बारे में जागरूकता अभियान चलाया गया। पीआइडीपीआइ जागरुकता का साथ-साथ सुरक्षा और एचआर दृष्टिकोण के बारे में श्रमिकों को जागरूक किया गया। वहीं श्रमिकों के बीच पीआइडीपीआइ जागरूकता के बारे में पत्रक भी वितरित किये गये। वहीं सतर्कता अधिकारी नीरज कुमार ने श्रमिकों को बताया की पीआइडीपीआइ भारत सरकार का एक संकल्प है, इसके तहत दर्ज की गयी सभी शिकायतों के लिए शिकायतकर्ता का पहचान गोपनीय रखी जाती है। शिकायतों को खुली स्थिति में या सार्वजनिक पोर्टल पर नहीं भेजा जाना चाहिए। मौके पर सहायक प्रबंधक नरेश साव, केके मेहता, नवीन कुमार सहित दर्जनों के संख्या में श्रमिक मौजूद थे।

## जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक संपन्न



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक की गयी। इस दौरान उपायुक्त ने अवैध पत्थर, क्रशर, अवैध बालू उठाव, अवैध खनन के रोकथाम के लिए पूर्व के बैठक में लिये गए निर्णय के अनुपालन की बिंदुवार समीक्षा करते हुए जिला खनन पदाधिकारी द्वारा की गयी कार्रवाई का ब्यौरा लिया। उपायुक्त ने जिला खनन पदाधिकारी को अवैध खनन, परिवहन, भंडारण करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इस संबंध में जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन व वन विभाग द्वारा की जारी कार्रवाई का संयुक्त रूप से रिपोर्ट उपलब्ध करायेंगे। जिन जिन क्षेत्रों में अभियान चलाया गया है, उस कार्रवाई का समुचित रिपोर्ट उपलब्ध करायेंगे। रेंजर, थाना प्रभारी व अंचलाधिकारी संयुक्त रूप से अवैध रूप से खनन करने वालों पर सख्त कार्रवाई करेंगे। बिना चालान या गलत चालान को लेकर खनन परिवहन करते वाहनों पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। अंचल अधिकारी को अपने स्तर पर अंचल क्षेत्र अंतर्गत अवैध रूप से खनन करने वाले पर निगरानी रखने को कहा गया और सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। साथ ही कार्रवाई की रिपोर्ट उपलब्ध कराने को कहा गया। चेकनाका को सक्रिय करने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। क्रशरों और खादानों में प्रदूषण सुरक्षा मानकों के अनुपालन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस दौरान उपरोक्त के अलावे पुलिस अधीक्षक श्री अनुदीप सिंह, वन प्रमंडल पदाधिकारी श्री सूरज कुमार सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी संदीप कुमार मीना, जिला खनन पदाधिकारी दारोगा राय, जिला परिवहन पदाधिकारी विजय कुमार सोनी, सभी अंचल अधिकारी और संबंधित विभाग के पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।


## अनुमंडल पदाधिकारी के नेतृत्व में चला वाहन चेकिंग अभियान

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा जिला अंतर्गत बिना चालान, गलत चालान, ओवरलोड वाहन समेत खनन का परिवहन करते हुए कइ तरह की शिकायतें मिली रही थी, जिसपर जिला खनन टास्क फोर्स के सदस्यों द्वारा नियमित वाहन चेकिंग अभियान चलाकर सख्त निर्देश की जा रही है। देर शाम को अनुमंडल पदाधिकारी सह खनन टास्क फोर्स के सदस्य संदीप कुमार मीना के नेतृत्व में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। यह अभियान डोमचांच थाना क्षेत्र अंतर्गत नेरूपहाड़ी और नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत बरियारडीह में चलाया गया। इस अभियान में वाहन चेकिंग के दौरान बिना चालान के स्टोन चिप्स लदे दो ट्रैक्टर को जब्त करते हुए दोनों वाहन के चालकों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज की गयी और इस दौरान भागने की कोशिश कर रहे एक अन्य व्यक्ति के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की गयी। इसके अतिरिक्त नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत बरियारडीह बिना चालान के बोल्डर से लदे ट्रक को पकड़ा गया। अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि बिना खनिज परिवहन चालान, गलत चालान, अवधि समाप्त परिवहन चालान, बिना लाइसेंस और ओवरलोड वाहनों के खिलाफ वाहन चेकिंग अभियान नियमित रूप से जारी रहेगा और वाहन चेकिंग अभियान के दौरान बिना खनिज परिवहन चालान, अवधि समाप्त परिवहन चालान, बिना लाइसेंस और ओवरलोड वाहन चलाते पकड़े जाने पर विधि सम्मत सख्त कार्रवाई की जायेगी। इस मौके पर जिला खनन पदाधिकारी दारोगा राय और पुलिस बल के जवान मौजूद रहे।

## डीसी ने सुनी आमजनों की समस्या

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। जिले के विभिन्न क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में आकर अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। उपायुक्त ने सभी लोगों से एक-एक कर समस्याएं सुनी और और सभी शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द समाधान करने के लिए आश्वासन दिये। जनता दरबार में नाली का पानी को घर से बगल में गिराने, जमीन मकान हड़पने, बेरोजगार को नियोजित, पड़ोसी द्वारा अवैध तरीके से खिड़की खोलने, आर्या पैथो लैब खुलवाने, सरकारी जमीन में बने सड़क को अतिक्रमण कर मकान बनाने, जमीन विवाद, नवोदय विद्यालय में नामांकन समेत कई मामलों में आवेदन दिया।

## तेज वर्षा से गिरा मकान, दब गये लोग



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** बीती रात बहुत जोरो की बारिस हुई। जिससे विष्णुगढ़ प्रखंड के कुसुंभा के मसोमात प्यारी पति स्व छोटी सिंह अपने तीन बच्चों के साथ खपरैल मकान में थी। मुसलाधार वर्षा के कारण उनका मकान अचानक गिर गया जिसकी चपेट में आकर चारो लोग घर के अंदर ही दबने से गंभीर रूप से घायल हो गये हैं। इलाज के लिए विष्णुगढ़ हॉस्पीटल भेजा गया। घर का सारा सामान घर के अंदर ही दब गया है, सिर्फ व्यक्तियों को निकाल कर इलाज के लिए भेजा गया है। महिला को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर किया गया है। घटना की खबर पाकर कुसुंभा मुखिया दुलारचंद पटेल घटनास्थल पर जाकर देखा और सरकार से मुआवजा दिलाने का भरोसा दिया।

# टीएसपीसी का हार्डकोर उग्रवादी गिरफ्तार

### करम पूजा देखने आया था

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**बड़कागांव।** हजारीबाग जिले के बड़कागांव में करम पूजा देखने आये टीएसपीसी उग्रवादी संगठन के एक हार्डकोर उग्रवादी को पुलिस ने दबोच लिया। टीएसपीसी के उग्रवादियों के करम पूजा देखने आने की सूचना हजारीबाग एसपी मनोज रतन चौथे को मिली। एसपी ने एसआइटी टीम गठित कर छापामारी करने का निर्देश दिया। बड़कागांव एसडीपीओ के नेतृत्व में 26 सितंबर की देर रात छापामारी की कार्रवाई शुरू की गयी। छापेमारी की भनक लगते ही तीन उग्रवादी फरार हो गये, जबकि एक उग्रवादी भाग नहीं पाया और पुलिस के बिछाये जाल में फंस गया। पुलिस उसे गुप्त स्थान पर रख कर पूछताछ कर रही है। एसआइटी टीम में एक एसडीपीओ, एक इंस्पेक्टर और चार थानेदार समेत सशस्त्र पुलिस बल शामिल थे।

## लाभुकों ने कम राशन देने का लगाया आरोप

# 5 से 7 किलो कर रहे हैं राशन की कटौती, लाभुक परेशान

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**टाटीझरिया।** टाटीझरिया प्रखंड के झरपो पंचायत मे लक्ष्मी महिला मंडल द्वारा चलाये जा रहे जन वितरण प्रणाली के दुकानदार द्वारा लाभुकों को कम राशन देने का मामला सामने आया है समाज सेवियों और जनप्रतिनिधियों से न्याय कि गुहार लगाया है। लाभुकों मे शांति देवी पति उमेश प्रसाद से 25 किग्रा के जगह 19 किग्रा चावल दिया गया वही छोटन महतो 15 किग्रा के जगह पर 10 किग्रा चावल बिनोद प्रसाद, सोभा देवी 20 किग्रा को 13 किग्रा चावल सीता देवी 20 किग्रा को 13किग्रा, चावल गुड़िया देवी 20 किग्रा को13 किग्रा चावल करमी देवी को 30 किग्रा को 14 किग्रा चावल दिया गया। लाभुकों ने जविप्र के दुकानदार द्वारा राशन कटौती करने पर जमकर हल्ला बोल किया लक्ष्मी महिला मंडल को पूछे जाने पर कहती है की विभाग ही कम चावल दिया है तो हम कहां से दे परन्तु सवाल यह उठता है की यदि विभाग कम राशन दिया है, तो लाभुक कार्डधारी के कार्ड में पूरा राशन क्यों अंकित कर रहा है गांव के समाज सेवियों जन प्रतिनधियों को राशन कटोति कि जानकारी दिया। जन प्रतिनिधियों ने दुकानदार से पूछा तो दुकानदार ने बिभाग द्वारा कम कम राशन दिए जाने कि जानकारी दिया वही टाटीझरिया प्रखंड के खाद्य आपूर्ति विभाग पदाधिकारी एमओ आलोक कुमार से बात करने पर उन्होंने कहा कि जविप्र दुकानदारो द्वारा आरोप बिल्कुल गलत है यदि इस प्रकार कोई जन वितरण प्रणाली दुकानदार कृत्य करें तो लाभुक और जनप्रतिनिधि गण उक्त दुकानदारों पर लिखित आवेदन दे विभाग द्वारा उनलोगों के खिलाफ अविलम्ब प्रशासनिक कार्यवाही करेगा। मौके पर झरपो पंचायत उपमुखिया राजेंद्र कुमार उर्फ राजा, जीप सदस्य प्रतिनिधि शंकर कुमार, सरजू प्रसाद कुशवाहा, राहुल राम, अनुज कुमार वर्मा, संतोष कुमार समेत अन्य कई लोग उपस्थित थे।

# सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, एक घायल

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**बड़कागांव।** बड़कागांव टंडवा रोड स्थित राजा बागी के पास दो मोटरसाइकिल सवार आपस में टकरा गए. से घटनास्थल पर ही एक युवक की मौत हो गई जबकि दो युवक घायल हो गये। मृतक की पहचान केरेडारी प्रखंड बरियातू निवासी मुकेश भुइयां के रूप में की गयी। जबकि घायल युवकों की पहचान टंडवा प्रखंड के गाड़ी लॉन्ग निवासी रीता साव का पुत्र बादल कुमार (25वर्ष) और खेमलाल साव का पुत्र सौरभ कुमार 27 वर्ष ) के रूप में की गयी। सीकरी और चमगढ़ा के ग्रामीणों के सहयोग से घायल युवकों को बड़कागांव अस्पताल लाया गया। जहां उनकी प्राथमिक इलाज की गयी। बड़कागांव अस्पताल के चिकित्सकों के अनुसार दोनों घायल युवक में से सौरभ कुमार गंभीर रूप से घायल है। जिसे रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। यह घटना मंगलवार के 12:30 बजे मध्याह्न की है।

**बेटे की दवा के लिए निकाला था सड़क में ही मौत हो गई :** ग्रामीणों द्वारा मिली जानकारी के अनुसार मुकेश भुइयां अपने घर से गोद प्राप्त अपने पुत्र का दवा लेने बड़कागांव जा रहा था। इसी दौरान मंगलवार के दिन समय करीब 12:30 बजे दोपहर के वक्त मुकेश भुईयां जैसे ही सिकरी राजा बागी के पास अपने बाइक ( ओ.डी.09 सी. 9321) स्पलेंडर मोटरसाइकिल से गुजर रहा था कि बड़कागांव से टंडवा की ओर जा रही न्यू पल्सर बाइक (जे.एच.02 बी.के.)1629 में सवार दो युवक सौरभ कुमार और बादल कुमार तेज रफ्तार से गुजर रहे थे, जिसमें दोनों बाइक सवार की आपस में जोरदार टक्कर हो गई और युवक मुकेश भुईयां की मौत हो गई।

**घटना के विरोध में सड़क जामः** मुकेश भुइयां की मौत की सूचना पाकर उसके परिजन एवं गांव वाले बड़कागांव - टंडवा रोड स्थित एनटीपीसी के साइड कार्यालय के पास दुर्घटना के विरुद्ध सड़क जाम कर दिया एवं मुआवाजे की मांग करने लगे। समाचार लिखे जाने तक सड़क जाम थी। मुखिया नीतू कुमारी मृतक के परिजनों को धर दे रहे थे एवं सरकारी नियम के अनुसार मुआवजा दिलाने का भरोसा दिला रहे थे।

**पुलिस सीमा क्षेत्र को लेकर जवाबदेही लेने से बच रही थीः** घटना स्थल पर केरेडारी और बड़कागांव दोनों थाना क्षेत्र के पुलिस बल अपने अपने सीमा क्षेत्र में तैनात थे। यहां जाम की स्तिथि बना हुआ था। लंबी दूरी तक दूर दराज के लोगों को जाम के कारण आवागमन में परेशानी हो रही थी।

बाय पास सड़क की जानकारी बहुत लोगों को नही था। थाना के जवान द्वारा किसी भी तरह से कोई पहल नहीं किया जा रहा था। दोनों थाना क्षेत्र के पदाधिकारी घटना के संदर्भ में अपना अपना जिम्मेवारी लेने से बचने की कोशिश कर रहे थे।

# चुरचू में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया प्रकृति पर्व करम

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**चरही।** चुरचू मुख्यालय सहित चरही कोयलांचल और बारह गांव विभिन्न गांव टोला में पूरे विधि-विधान और आस्था के साथ प्रकृतिक पर्व करम हर्षोल्लास के मनाया गया। हर्ष ओर खुशी व उल्लास का वातावरण रहा। गांव के हर अखरा में रात भर रौनक देखने को मिली। बहनों ने अपने भाई की सुख-समृद्धि के लिए निर्जला व्रत रखकर करम देव का पूजा-अर्चना की। शाम के बाद अखरा में युवाओं और युवतियों का उत्साह देखने लायक था। सुगंधित पुष्प, पत्ता, रंग बिरंगे लाइट से सजे करम मंडप में छठे दिन जावा को जगाने के साथ करम की डाली गाड़ा गया। वहीं पाहन की देखरेख में नजदीक के करम पेड़ से तीन डाली लाकर अखरा में स्थापित किया गया। इसके बाद पूजा आरंभ हुई और पाहन ने करम का कथा सुनाई। करम गोसाई की परिक्रमा कर जल अर्पित किया और आसपास के युवक-युवतियां टोलियों में परिक्रमा कर नाच-गान कर करम का त्योहार मनाया गया।

करम झारखंड के प्रमुख त्योहारों में से एक है। इस पर्व में बहने अपने भाईयों की सुख-समृद्धि की कामना करती है और उनके दिर्घायु के लिए उपवास रह कर पुजा करती है। यह त्योहार भादो मांस के चांद देखने के बाद प्रारंभ हो जाता है। इसके पश्चात मांदर बजा कर अखरा का शोभा बढ़ाया और अपने देख रेख में करमा डाली का विसर्जन करया जाता है।

# राधा रानी जन्मोत्सव को लेकर झुमरीतिलैया में मची धूम

### पुष्प वर्षा के बीच प्रगट हुई राधा रानी

**आजाद सिपाही संवाददाता**





**झुमरीतिलैया।** राधा गोविंद परिवार के तत्वावधान में पूर्णिमा टॉकीज गली स्थित गणेश पूजा पंडाल में हर्षोल्लास के साथ राधा रानी का जन्मोत्सव भक्ति भाव से मनाया गया। इस दौरान राधा रानी के झांकी अष्ट सखियों के समूह का नृत्य, बधाई अभिषेक, झूलन उत्सव सहित कई झांकियां उपस्थित श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। इस अवसर पर जगतगुरु श्री कृपालु जी महाराज, वृंदावन की सुश्री परमेश्वरी देवी के सानिध्य में झुमरीतिलैया शहर में प्रथम राधा अष्टमी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर परमेश्वरी देवी ने अपने प्रवचन में कहा राधा रानी, भगवान कृष्ण को मां से समर्पित होकर पूजने वाली और दानी सरकार के साथ उनकी धनिष्ठता आज भी प्रासंगिक है। रिदम डांस क्लास के निर्देशक सूरज प्रताप सिंह और सिम्मी कुमारी के निर्देशन में बच्चों ने खूब नृत्य प्रस्तुत किया। इसमें राधा रानी के रूप में प्राप्ति भगत सखियों के रूप में खुशबू कुमारी, सिमरन कुमारी, तन्नू कुमारी, सुरभि कुमारी, आशिका कुमारी, सिमरन सेट ने पूनम की चांदनी रात रास रचे कृष्ण राधा पर आधारित गीत पर आकर्षित नृत्य प्रस्तुत कर लोगों को खूब झुमाया। वही कार्यक्रम के सफल आयोजन में भानु प्रसाद, बैजू भगत, कैलाश भगत, गौरी भगत, बिरजू कुमार, बीना देवी, प्रीति भगत, ज्योति भगत, अभिलाषा गुप्ता, प्रीति गुप्ता, गौरी गुप्ता, कृष्ण अग्रवाल तन्नू कुमारी, सुरभि कुमारी, सिमरन कुमारी, आशिका कुमारी, ज्योति कुमारी आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

अलग-अलग झांकियां लोगों को खूब भायी। 28 सितंबर को छठी उत्सव भी मानने की तैयारी की गयी है।

## वज्रपात से एक व्यक्ति की मौत



**इचाक (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र में सोमवार देर शाम हुए वज्रपात में चंपानगर नावाडीह निवासी कारु गोप पिता स्व टुकन गोप की मौत हो गई। 51 वर्षीय कारु गोप अपने जानवरों को चराने के लिए जंगल गये थे, पर शाम को वह जब घर नहीं लौटे तो परिजनों ने खोजबीन शुरू किया। जंगल क्षेत्र में परिजनों के द्वारा रात भर खोजा गया तब मंगलवार सुबह चंपानगर नावाडीह क्षेत्र के पांडेतरी जंगल में बरगद पेड़ के नीचे कारु गोप मृत अवस्था में पाया गया। खबर पाकर परिजनों का रो- रोकर बुरा हाल है तथा पुरे गांव में मातम पसरा रहा। सुचना पाकर इचाक थाना के एसआइ दीपक कुमार घटनास्थल पर पहुंच तथा शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए शेख भिखारी मेडिकल कालेज हजारीबाग भेजा। इधर घटना की जानकारी पाते ही जिला परिषद अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता घटनास्थल पहुंच परिजनों को सांत्वना दिया और गहरा दु ःख प्रकट किया, तथा कहा की सरकार के द्वारा जो भी मुआवजा होगा वह जल्द से जल्द परिजनों को दिलाया जायेगा। घटना स्थल पर इचाक पश्चिमी भाजपा मंडल अध्यक्ष सुभाष सोनी, पंचायत समिति सदस्य मुकेश उपाध्याय, पुर्व मुखिया नंदकिशोर राम, युवा नेता संतोष कुमार यादव, विजय राम, मार्कण्डेय उपाध्याय, रामचंद्र गोप, शिवशंकर गोप सहित बड़ी संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे।

## टाटीझरिया में करम पूजा धूमधाम से मनायी गयी



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में इस वर्ष भाइ बहन रिस्ते का अटूट और आदिवासी का महान पर्व करम धूमधाम के साथ मनाया गया। करम पर्व की चहल पहल एक सप्ताह पहले ही शुरू हो जाती है भाद्र पद शुक्ल पक्ष चौठ तिथि को लड़किया नदी में जाकर स्नान पूजा कर बालू लाकर जावा बुनती है और सुबह शाम उस जावे को गीत नृत्य गाकर जगाती है भाद्र पद शुक्ल तिथि एकादशी के दिन बहने अपने भाई के दीर्घायु की कामना लेकर करम डाली की पूजा की और पंडित जी द्वारा करमा धरमा के बारे में कथा सुनी आदिवासी के प्रमुख पर्व करमा के पावन अवसर पर करमा के पौधे का पूजा बहने अपनी भाई के लिए करती है पूजा के दौरान रोरी, सिंदूर, मौली से करम की डाली में लगाकर पूजा करती हैं। रातभर नृत्य गीत से जगह जगह डीजे की साउंड पर थिरकते घूमते खुशियों के साथ गीत गाते नजर आये प्रखंड के झरपो, भराजो खैरा नारायपुर, बेडमक्का, अमनारी डूमर बेडम, धर्मपुर गोधिया, डहरभंगा, टाटीझरिया बेरहो खंभवा सहित गांवों में करमा पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया करम के पावन पर्व पर प्रखंड के जनप्रतिनिधि और प्रतिनिधि प्रमुख संतोष मंडल जिला परिषद सदस्य रामप्रसाद उपप्रमुख रवि वार्नवाल और प्रतिनिधि बीस सूत्रीअध्यक्ष सह झरपो पंचायत मुखिया शिबू प्रसाद सोनी मिथलेश कुमार पाठक, कैलाश पति सिंह सांसद प्रतिनिधि महेश अग्रवाल, उमेश प्रसाद, उपेंद्र पांडेय, सुरेंद्र यादव ने शुभकामनाएं दी है।

## पति की असामयिक मौत से दर-दर की ठोकर खाने को विवश है महिला



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के पेटो पंचायत के चट्टी पेटो गांव की महिला नीलम देवी अपने पति की मौत के नौ महीने बित जाने के बाद अब दर दर की ठोकर खाने को विवश है नीलम ने बताया की 9 महीने पूर्व उसका पति राजेश चौधरी काम की तलाश में बाहर गया था। लेकिन उसकी मौत की सुचना मिली थी जब पति का साया छूटा तो तो इस महिला और इसके तीनो बच्चों पर मुसीबतों का पहाड़ टूट पड़ा है और यह बेबस महिला अब दर दर की ठोकर खाने को विवश है आगे बताया की शुरूआत में सभी ने आश्वासन दिया लेकिन अब तक किसी के द्वारा किसी प्रकार की सहायता नहीं मिली है बीडीओ कीस्टो कुमार बेसरा ने कोल कंपनियों को उक्त महिला को रोजगार दिलाने के लिए चिट्ठी भी लिखा था लेकिन अब तक यह पीड़ित महिला रोजगार दे वंचित है मन में आशा की एक किरण लिए अब भी यह महिला इंतजार में है की कोई तो इसके अंधेरे जीवन में उजाला ला सके।

## आयुष्मान भव सेवा पखवाड़ा अंतर्गत स्वास्थ्य मेला का आयोजन



**दारु (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में मंगलवार को उप स्वास्थ्य केंद्र पेटो में आयुष्मान भव सेवा पखवाड़ा अंतर्गत स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। मेला में अगल-बगल गांव के लोग सैकड़ों की संख्या में पहुंचे और मेला में उपस्थित सभी डॉक्टर के द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच करने के बाद निशुल्क दवा भी वितरण किया गया। चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर अमरेश कुमार ने लोगों को कहा स्वस्थ जीवन शैली अपने प्रति जागरूकता भी किया और इस तरह के आयोजन से अगल-बगल क्षेत्र के लोगों को इसके लाभ उठाना चाहिए मेला में डॉ शिवेंद्र कुमार, डॉ रूही, इवा अलका कुल्लू, शालिनी सिन्हा, अंकिता सिन्हा, जागेशवर शर्मा बीपीएम, अर्जुन महतो, आलोक कुमार, संतोष कुमार, रामकुमार महतो, जयराम कुमार, अजय कुमार, एनम आरती कुमारी, सुशीला कुमारी, संगीता कुमारी, सोनी कुमारी, पूजा कुमारी, बीटीटी कुमारी रेखा वर्मा सहिया साथी जय श्री कुमारी, उषा कुमारी, मंजू शर्मा सईया मुन्नी देवी, अर्चना देवी, यशोदा देवी, लीलावती मौके पर स्वास्थ्य जांच करते ग्रामीण जगरनाथ महतो, शीला देवी, रोहित कुमार, महेश कुमार, गीता देवी, रमेश कुमार, सरोज देवी, रीता देवी, गणेश कुमार, अजय ठाकुर, नीरज कुमार, समसुद जोहा, सुमित पासवान, कुणाल कुमार सैकड़ो की संख्या में उपस्थित थे।

## मनसा पूजा को लेकर निकली कलश यात्रा



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के गैयपहाडी में मनसा पूजा को लेकर कलश यात्रा निकाली गयी। जिसमें 1051 महिलाओं ने कलश उठाया। जहां विधायक अमित कुमार यादव व जिप सदस्य कुमकुम देवी ने महिलाओं को कलश देकर कलश यात्रा का शुभारंभ किया। कलश यात्रा मंदिर परिसर से निकल कर पूरे गांव का भ्रमण करते हुए बरसोती नदी पहुंचा। नदी में गोरखनाथ पांडेय के द्वारा पूजा अर्चना के बाद विधिविधान से कलश में जल भर कर पुन: मंदिर परिसर पहुंच कर कलश स्थापित किया गया। मनसा पूजा समिति के अध्यक्ष तुलसी प्रसाद ने बताया कि 27 सितंबर को भक्ति जागरण संस्कृति कार्यक्रम, 28 सितंबर को दो गोला का आयोजन 29 सितंबर को मेला का आयोजन किया गया है। मौके पर कांग्रेस नेता मणिलाल चौधरी, भाजपा मंडल अध्यक्ष भोला प्रसाद, जागेश्वर प्रसाद, रीतलाल चौधरी, चेतलाल पंडित, महेन्द्र प्रसाद, मुरलीधर प्रसाद, निरंजन प्रसाद, हीरालाल प्रसाद, गणेश्वर प्रसा, लिलाधर प्रसाद, दुर्गा प्रसाद, प्रकाश प्रसाद, नंदकिशोर प्रसाद समेत कई लोग उपस्थित थे।

## अलगडीहा में मनाया गया पोषण माह दिवस



**चलकुशा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के ग्राम पंचायत अलगडीहा के आंगनवाड़ी केंद्र छोटी नगरी मोदी टोला में मुखिया की उपस्थिति में पोषण दिवस मनाया गया। जिसमें ग्राम पंचायत की सभी सेविकाओं ने गर्भवती और धात्री महिलाओं के बीच पोषण वितरण किया सभी सेविका सामूहिक कार्यक्रम गर्भवती महिला का गोद भराई और धात्री माता के साथ अन्नप्राशन की रस्म अदा की। इस मौके पर अलगडीहा ग्राम पंचायत के सेविका वैजयंती देवी, सुनीता देवी, विमला देवी, कौशल्या देवी, उर्मिला देवी, लक्ष्मी देवी, बेबी बर्नवाल तथा सहायिका तारा देवी आदि उपस्थित थी।

भुरकुंडा में दसवां श्री श्याम महोत्सव संपन्न

# भजनों की प्रस्तुति पर रातभर झूमे श्रद्धालु



**प्रसाद पाने के लिए श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़, भक्ति के सागर में डूबे श्रद्धालु**

आजाद सिपाही सवांददाता

**भुरकुंडा।** पटेलनगर स्थित श्री अग्रसेन भवन (मारवाड़ी धर्मशाला) में श्री श्याम सखा मण्डल के तत्वावधान में कलियुग के अवतार श्री श्याम प्रभु का 10वां भव्य महोत्सव सोमवार की रात्रि विभिन्न अनुष्ठानों के बीच संपन्न हो गया। महोत्सव में भव्य दरबार, अखंड ज्योत, छप्पन भोग, श्याम चौरासी के जरिए बाबा श्याम की पूजा हुई। जमशेदपुर से बाबा श्याम का शीश लाये गये शीश के स्वागत में पटेलनगर बैंक मोड़ से कार्यक्रम स्थल तक भव्य निशान यात्रा निकाली गयी। निशान यात्रा में बाबा श्याम को 51 ध्वज चढ़ाए गये। भजनों की धुन पर निशान यात्रा में मण्डल के सभी सदस्यगण महिला-पुरुष और बच्चे नाचते गाते और झूमते चल रहे थें। श्री श्याम महोत्सव का मुख्य समारोह अखंड ज्योत से हुई। रामगढ़ से आये पंडित सुजीत मिश्रा ने संपूर्ण विधि-विधान से बाबा के शीश को प्रतिष्ठापित किया। इसके बाद शीश का श्रृंगार किया गया। पूरे महोत्सव परिसर को विभिन्न प्रकार के फूलों से सजाया गया था। हवन पूजन के साथ श्याम बाबा की पूजा की गई। कलकत्ता के भाइयों की मशहूर जोड़ी राज-गुरू की जुगलबंदी में गीत और नृत्य की प्रस्तुति ने समा बांध दिया। वहीं टाटानगर की उभरती भजन गायिका सौमी चौधरी ने भाव भरे गीत गाए। सोमी चौधरी ने शास्त्रीय संगीत की शैली में अनेक गीत गाकर मन मोह लिया। कोलकाता के मशहूर तबला वादक गंगा दा, धनबाद के गायक पंकज शर्मा ने अपनी प्रस्तुति से लोगों को मंत्र-मुग्ध कर दिया। महोत्सव में भव्य श्री श्याम अखाड़ा का आयोजन हुआ। जिसमें कलाकारो ने भजनों संग अखाड़े में प्रस्तुति दी। महोत्सव में बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद भी बाबा श्याम का आशीर्वाद लेने पहुंची। यहां उन्होंने खाटू महाराज के समक्ष मत्था टेक क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली की कामना। इसके पूर्व श्री श्याम सखा मण्डली द्वारा विधायक अंबा प्रसाद को भगवान श्री कृष्ण कर तस्वीर भेंट कर सम्मानित किया गया। श्री श्याम रसोई में पूरी रात प्रसाद वितरण किया गया। मौके पर गिरधारी गोप, विनय सिंह चौहान, योगेश दांगी, अशोक सिन्हा, पूर्व मुखिया विमल रॉय, बार एसोसिएशन से अध्यक्ष आनंद अग्रवाल, रामगढ़ चेंबर अध्यक्ष पंकज तिवारी, प्रदीप सिंह, बालकिशन जालान, रामगढ़ अरदास कीर्तन परिवार, रांची से श्याम मंडल, हनुमान मंडल, रांची श्याम मंदिर कमिटी, रामगढ़ मारवाड़ी समाज के शिव कुमार अग्रवाल, जयप्रकाश अग्रवाल, प्रभात अग्रवाल, अशोक मानकासिया, कृष्ण बंसल, दीपक मेवाड़, गोपाल शर्मा, राजेश अग्रवाल, अनिल गर्ग, विकास अग्रवाल, इंदर अग्रवाल, अमृत अग्रवाल, गोपाल केडिया, ओमप्रकाश अग्रवाल, रांची से कमल अग्रवाल, जिम्मी अग्रवाल सहित सैंकड़ों महिला-पुरूष शामिल हुए। महोत्सव को सफल बनाने में श्री श्याम सखा मंडल भुरकुंडा के मीडिया प्रभारी दिनेश राजगढ़िया, संयोजक उमेश राजगढ़िया, सह संयोजक सुनील अग्रवाल, भोजन भंडार प्रभारी बिनोद शर्मा, कोष प्रभारी विजय बंसल, रुपेश अग्रवाल, प्रकाश कुमार व्यास, दिलीप मानकासिय, रवि अग्रवाल, प्रसाद वितरण में निर्मल अग्रवाल, टुनटुन शर्मा, सुशील गोयल, अनिल अग्रवाल, दीपक, जयकिशन सोनी, मनोज शर्मा, राकेश शर्मा, संजय अग्रवाल, अजय, संजय, गोविन्द गोयल, यश राजगड़िया, कालू शर्मा, विनीता अग्रवाल, अनीता राजगढ़िया, रेखा अग्रवाल, रिम्मी, सुमन, सीमा, बबिता, अनीता बंसल, अर्चना, रेणु, राधा, संतोष सोनी, निक्की आदि का विशेष योगदान रहा।

# उपायुक्त ने ऑनलाइन माध्यम से सुनी आमजनों की समस्याएं



आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** उपायुक्त अबु इमरान ने ऑनलाइन माध्यम से जनता दरबार में आये आमजनों की समस्याएं सुनी। वहीं उक्त मौके पर उपायुक्त के निर्देशानुसार अपर समाहर्त्ता पवन कुमार मंडल ने समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में आये सभी आमजनों के समस्याओं से जुड़े आवेदनों का अवलोकन कर संबंधित पदाधिकारी को नियमानुसार मामले का निष्पादन करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में सिमरिया प्रखंड क्षेत्र से आये एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी बच्ची की शादी हो चुकी है और उसे कन्यादान योजना का लाभ अभी तक नहीं मिला है। इस संदर्भ में अपर समाहर्त्ता ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुरजमुनि कुमारी को जल्द से जल्द सरकारी नियमों के अनुसार योग्यता की जांच करते हुए कन्यादान योजना से लाभान्वित करने का निर्देश दिया। इस मौके पर उपायुक्त अबु इमरान के निर्देश पर जिले के अधिकारी और प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचल अधिकारी ऑनलाइन माध्यम से जनता दरबार में जुड़े। जनता दरबार में उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचल अधिकारी को निर्देश दिया कि प्रखंड सह अंचल कार्यालय में नियमित निर्धारित समय और दिन के अनुसार जनता दरबार का आयोजन सुनिश्चित करें ताकि जिले और प्रखंड में आम जनों से शिकायत को लेकर प्राप्त आवेदन का निष्पादन प्राथमिकता के आधार पर किया जा सके। इसी क्रम में एसएसआर 2024 तथा मतदाता सूची कंटीन्युअस, 18 प्लस नये मतदाता, 80 प्लस मतदाताओं का सत्यापन कार्य, राजस्व, म्यूटेशन, चलो आवास करें पूरा अभियान समेत अन्य संचालित योजनाओं की समीक्षा कर दिये कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया। जिले के सभी प्रखंड क्षेत्रों में प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचलाधिकारी के द्वारा रोस्टर अनुसार जनता दरबार का आयोजन किया जा रहा है, जिससे सुदूरवर्ती क्षेत्र के लोगों के शिकायतों का निष्पादन प्रखंड मुख्यालय स्तर पर ही किया जा सके। ज्ञात हो कि सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार/शनिवार को पूर्वाह्न 11:30 बजे से 01:00 बजे अपराह्न तक समाहरणालय में उपायुक्त द्वारा जनता दरबार के माध्यम से आम जनों की समस्याएं सुन उनका निराकरण किया जाता है।

दसलक्षण पर्व के आठवें दिन उत्तम त्याग धर्म की पूजा हुई

# उपकार की दृष्टि से धन का दान करना त्यागधर्म :दीपक शास्त्री

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** शहर के मेन रोड स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर और रांची रोड स्थित श्री पारसनाथ जिनालय में दसलक्षण पर्व के आठवें दिन उत्तम त्याग धर्म की पूजा पूरे विधि विधान के साथ किया गया। सर्वप्रथम श्री दिगंबर जैन मंदिर में जलाभिषेक का सौभाग्य महावीर प्रसाद गंगवाल, विकास गंगवाल, पदमचंद जैन, सुमत जैन, इंद्रमणि देवी चूड़ीवाल, रमेश सेठी, विकास सेठी, अशोक सेठी, सुनील सेठी, संजय सेठी और श्री पारसनाथ जिनालय में सुरेश सेठी को मिला। वही, शांतिधारा का सौभाग्य राकेश जैन व सुरेश सेठी, निशांत सेठी और महाआरती बिमल सेठी को मिला। मौके पर पंडित दीपक शास्त्री ने उत्तम त्याग धर्म पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आत्मशुद्धि के उद्देश्य से विकार भाव छोड़ना तथा स्व-पर उपकार की दृष्टि से धन आदि का दान करना त्यागधर्म है। अतः भोग में लायी गयी वस्तु को छोड़ देना भी त्याग धर्म है। उन्होंने बताया कि आध्यात्मिक दृष्टि से राग द्वेष क्रोध मान आदि विकार भावों का आत्मा से छूट जाना ही त्याग है। उससे नीची श्रेणी का त्याग धन आदि से ममत्व छोड़कर अन्य जीवों की सहायता के लिये दान करना है। शास्त्री ने बताया कि मुनि, आर्यिका आदि पात्रों को यथा विधि भक्ति, विनयख आदर के साथ शुद्ध भोजन करना आहारदान है, मुनि आदि को ज्ञानाभ्यास के लिए शास्त्र अध्यापक का समान जुटा देना ज्ञानदान है, मुनि आदि व्रती त्यागियों के रोगग्रस्त हो जाने पर उनको निर्दोष औषधि देना, उनकी चिकित्सा (इलाज) का प्रबंध करना, उनकी सेवा सुश्रुषा करना औषधदान है। मौके पर समाज अध्यक्ष मानिकचंद जैन, सह सचिव नरेंद्र छाबड़ा, मंदिर मंत्री देवेंद्र गंगवाल ने बताया बुधवार को उत्तम आकिंचन धर्म की पूजा किया जायेगा। कार्यक्रम की जानकारी दिगंबर जैन समाज के मीडिया प्रभारी राहुल जैन ने दिया।

# सड़क दुर्घटना में तीन की मौत, दो की स्थिति चिंताजनक

आजाद सिपाही संवाददाता



**चतरा।** चतरा-चौपारण मुख्य पथ पर इटखोरी स्थित शिवकरण लाल पेट्रोल पंप के समीप एक स्पेलेंडर मोटरसाइकिल व स्कूटी के आमने-सामने की जोरदार टक्कर में पांच युवक गम्भीर रूप से घायल हो गये। सड़क दुर्घटना की जानकारी मिलते ही इटखोरी थाना प्रभारी बिनोद कुमार ने घटनास्थल पहुंचकर घायलों को पुलिस वाहन और ऑटो से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इटखोरी में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद सभी घायलों की नाजुक स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग सदर अस्पताल भेज दिया गया। सदर अस्पताल हजारीबाग पहुंचने से पूर्व रास्ते में ही तिलैया निवासी बिक्की कुमार तथा इटखोरी प्रेमनगर के रहने वाले तारा रविदास के 20 वर्षीय पुत्र मुकेश रविदास की मौत हो गयी। जबकि एक अन्य घायल सागर की मौत हजारीबाग सदर अस्पताल में इलाज के दौरान हो गई। दो अन्य घायलों में तिलैया के आयुष कुमार तथा सचिन कुमार का इलाज हजारीबाग सदर अस्पताल में चल रहा है। दोनों घायलों की स्थिति चिंताजनक बतायी जा रही है। घायल युवक ने बताया कि एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर चारों युवक मां भद्रकाली मंदिर पूजा अर्चना करने तिलैया से आ रहे थे इसी बीच इटखोरी से चौपारण की ओर स्कूटी से जा रहे युवक से मोटरसाइकिल की सीधी भिड़ंत में यह दुर्घटना घटी।

मंत्री सत्यानंद भोगता दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे चतरा

# लोक संस्कृति का अनुपम उदाहरण है करम पूजाः भोगता

आजाद सिपाही संवाददाता




**हंटरगंज/चतरा।** राज्य के श्रम मंत्री सत्यानन्द भोगता आज दो दिवसीय दौरे पर चतरा पहुंचे। इस दौरान माननीय मंत्री अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत हंटरगंज प्रखंड के जोलडीहा पंचायत के ग्राम सुरहुद में करमा मिलन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। समिति के लोगों ने मुख्य अतिथि को पगड़ी तथा माला पहनाकर व पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। इसके उपरांत माननीय मंत्री ने करमा मिलन समारोह सह करमा मेला का करमा पूजन कर विधिवत उदघाटन किया। ततपश्चात माननीय मंत्री ने मैदान में विधायक मद से बने चबूतरे का उद्घाटन किया। इसके पश्चात माननीय मंत्री श्री भोगता ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सभी को करमा पर्व की बधाई व शुभकामनाएं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि करमा पूजा लोक संस्कृति का अनुपम उदाहरण है। करमा पर्व झारखंड, बिहार, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़ समेत कई राज्यों में बहुत धूमधाम से मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि कोई भी त्योहार हमसब को मिलजुल कर बिना भेदभाव के मनाना चाहिए। इससे आपसी प्यार और सद्भाव बढ़ता है। उक्त मिलन समारोह के दौरान राष्ट्रीय जनता दल के जिलाध्यक्ष नवलकिशोर यादव, हंटरगंज प्रखंड विकास पदाधिकारी अभिषेक पांडेय, मुखिया सोनिया देवी समेत कई गणमान्य मौजूद थे।

# सीसीएल अंतर क्षेत्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन, बरकासयाल बना चैंपियन

**सीसीएल मैराथन दौड़ आयोजित कर विश्व पटल बनायी अपनी शानदार पहचान : हर्षनाथ मिश्रा**

अमरजीत कुमार



**कुजू (आजाद सिपाही)।** सीसीएल कुजू क्षेत्र द्वारा जुबली खेल मैदान, आरा कोलियरी में आयोजित पांच दिवसीय सीसीएल अंतर क्षेत्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता का मंगलवार को भव्य समापन किया गया। प्रतियोगिता के फाइनल मैच में बरकासयाल की टीम ने रोमांचक माहौल के बीच पेनाल्टी शूट के दौरान कुजू टीम को हराकर चैंपियन बन इतिहास रचा। समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि सीसीएल निदेशक (कार्मिक) हर्षनाथ मिश्रा मौजूद रहे। वही, विशिष्ट अतिथि के रूप में सीसीएल मुख्यालय के नवनीत कुमार, काया मुखर्जी व खेल प्रबंधक आदिल हुसैन शामिल रहे। इधर, हर्षनाथ मिश्रा के आगमन पर सीसीएल कुजू जीएम नीरज सिन्हा की अगुवाई में सीसीएल परिवार ने बैज लगाकर व बुके भेंटकर भव्य स्वागत किया। वही, डीएवी आरा के बच्चो ने स्वागत गान व आर्कषक नृत्य की शानदार प्रस्तुति की। मौके पर सीसीएल निदेशक (कार्मिक) हर्षनाथ मिश्रा ने कहा कि खेल को टीम भावना के साथ खेलने से बखूबी आपसी समन्वय गुणों को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि सीसीएल कोयला उत्पादन और संप्रेषण के बाद भी सामाजिक स्तर पर क्षेत्र की उन्नति में अपना सहभागिता देता आया है। सीसीएल सवार्गीण विकास के लिए हमेशा तत्पर के अलावे सामाजिक कल्याण, उत्पादन समेत खेल-कूद क्षेत्र में अपनी शानदार उपस्थिति दर्ज कर प्रतिभावान खिलाड़ियों की खोज किया है। सीसीएल ने मैराथन दौड़ कराकर विश्व पटल पर अपनी शानदार उपलब्धि रच कर अपना इतिहास बनाने में सफल रहा है। मैराथन आयोजन की सफलता से सीसीएल आगे भी प्रतिभागियों की खोज हेतु प्रोत्साहित करने में जुटा हुआ है। कहा कि सीसीएल उत्पादन व संप्रेषण के अलावे कामगारों की सुरक्षा व सामाजिक स्तर पर हर सुविधाए उपलब्ध करा रहा है। इधर, फाइनल मैच बरकासयाल और कुजू टीम के खेला गया। जहां निर्धारित समय पर दोनों टीम ने एक दूसरे के खिलाफ दो-दो गोल दागे। पेनाल्टी शूट में बरका सयाल की टीम ने कुजू के खिलाफ 4-3 गोल दाग कर चैंपियन बना। वही, चैंपियन टीम को विजेता कप सम्मानित किया गया। समारोह का धन्यवाद ज्ञापन एसओपी गिरीश चंद्र और संचालन क्षेत्रीय प्रबंधक प्रताप रंजन ने की। मौके पर बीपी गुप्ता, अजित सिंह, विजय प्रकाश, पीसी साहू, अभिमन्यु सिंह, रॉबर्ट शांडिल्य, पीएस देव, ओपी सिंह, विद्या भूषण, संतोष कुमार, राजेश कुमार, जेवाई कामडे, हेमन्त सिंह, एके श्रीवास्तव, भूषण यादव, तबरेज आलम, सहदेव मांझी, बालक अंसारी, रामचंद्र वर्मा, जगदीश महतो, रामभजन लाल महतो, अलाउद्दीन, वाहिद अंसारी, पंकज सिंह, श्याम सिंह, विनोद मुंडा, शंकर गिरी, इसरायल, नंदकिशोर प्रसाद, अनूप लाल चौधरी के अलावा काफी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

# छात्रों को छात्रवृत्ति से वंचित करने पर मुख्य सचिव से जबाव तलब



**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य खुला विश्वविद्यालय में अध्यानार्थ एसटी, एससी और ओबीसी के बच्चों को पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग झारखंड सरकार द्वारा छात्रवृति से वंचित किये जाने को लेकर राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने मुख्य सचिव से जबाव तलब किया है। मामले की जानकारी छेदी उरांव एडुकेशन एंड वेलफेयर ट्रस्ट नयानगर बरकाकाना के अध्यक्ष मनोज कुमार अगरिया ने प्रेस बयान जारी कर दी है। डॉ अगरिया ने पुरे मामले को लेकर राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग से लिखित शिकायत किया गया था। जिसमें एसी, एसटी व ओबीसी छात्रों को छात्रवृति देने की अपील की गयी है। मामले को लेकर सहायक निदेशक मिनाक्षी शर्मा ने झारखंड सरकार के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह को 15 दिनों के अंदर संबंधित आरोप व सूचनाओं पर की गयी कार्रवाई से संबंधित सूचना देने का निर्देश दिया है।

# पारस एचइसी रांची और लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा ने लगाया हृदय रोग जांच शिविर



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** पारस एचइसी रांची और लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को मेन रोड भुरकुंडा स्थित ट्रेकर स्टैंड के समीप राज नर्सिंग होम में हृदय रोग जांच शिविर लगाया गया। शिविर में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. कुंवर अभिषेक आर्य द्वारा लगभग 70 लोगों का इसीजी, ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर सहित हृदय रोग से संबंधित अन्य बीमारियों की जांच किया गया। साथ ही शिविर में पाये गये मरीजों को डॉ. कुंवर अभिषेक आर्य ने उचित परामर्श देते हुए कई आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये। उन्होंने हल्की-फुल्की भी शारीरिक तकलीफ होने पर तत्काल चिकित्सों से मिलने की सलाह दी। शिविर में सीने में दर्द, बेचैनी, घबराहट, सांस की तकलीफ और पसीना आना, कंधे, पीठ और जबड़े का दर्द, दम घुटना, चक्कर आना, उल्टी आना, कमजोरी, पैदल चलने और सीढ़ी चढ़ने में सांस का फूलना आदि से ग्रसित 70 लोगों ने अपना जांच कराया। मौके पर क्लब की अध्यक्ष माला शर्मा, सचिव रेखा वर्णवाल व कोषाध्यक्ष अंजू देवी ने कहा कि क्लब अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वाहन ईमानदारी पूर्वक करता रहा है जो आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि क्लब द्वारा आगे भी स्वास्थ्य शिविर लगाकर क्षेत्रवासियों को स्वास्थ्य लाभ दिलाया जायेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में एमजेएफ लायन राजेंद्र महतो, अशोक सिन्हा, विजयंत कुमार, मोहम्मद मुमताज, शिव प्रसाद, अखिलेश शर्मा, विजय वर्णवाल, प्रमोद शर्मा, निर्मल अग्रवाल, राजेश अग्रवाल आदि का सहयोग रहा।

# जनता के सहयोग और भागीदारी से सफल होगा अधिवेशनः आजसू



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** आजसू पार्टी ने आगामी 29 सितंबर से 1 अक्टूबर तक रांची में आहुत तीन दिवसीय महाधिवेशन की सफलता को लेकर मंगलवार को भुरकुंडा बाजार में कोष संग्रह किया। मौके पर पार्टी नेताओं ने कहा की आजसू जनता के सहयोग से जनता की विचारधारा से चलने वाली पार्टी है। आमजनों से महाधिवेशन के लिए स्वैच्छिक धन संग्रह किया जा रहा। आजसू पार्टी के कार्यकर्ता लोगों तक पहुंच कर उनसे सहयोग की अपील कर रहे हैं। नेताओ ने कहा की आजसू की विचारधारा जनता की विचारधारा से जनता के हित में काम करने वाली पार्टी है। पार्टी विकास के लिए निरंतर संघर्षशील है। आजसू ही एकमात्र राजनीतिक दल है जो किसी और मुद्दे पर नहीं अपितू विकास के नाम पर वोट मांगने का दम रखती है। कहा गया कि आने वाले विधानसभा चुनाव में आजसू पार्टी की जीत निश्चित है। जनता के सहयोग से क्षेत्र का निरंतर विकास होगा। धन संग्रह करने वालों में आजसू के प्रखंड सचिव विश्वरंजन सिन्हा, भुंनु सिंह, संजय मिश्रा, इमरोज खान, पंकज कुमार, राज नायक, जितेंद्र वर्मा, रामश्रृष्ठ सहित कई लोग शामिल थें।

# कांग्रेस पार्टी की भुरकुंडा में हुई बैठक



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** मेन रोड स्थित आवासीय कार्यालय में मंगलवार को कांग्रेस पार्टी की बैठक हुई। बैठक में कोयलांचल क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि अमित कुमार साहू व विधायक प्रतिनिधि राजकिशोर पांडेय उर्फ राजू पांडेय ने बताया कि पतरातू प्रखंड के विभिन्न पंचायतों और गांवों में बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद द्वारा डीएमएफटी और विधायक मद से विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास किया गया है। पीसीसी पथ, पुल-पुलिया, गार्डवाल, चाहरदिवारी आदि का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। उन्होंने बताया कि अभी डीएमएफटी फंड से क्षेत्र में कई योजनाओं को धरातल पर उतारने का कार्य विधायक द्वारा किया जायेगा। क्षेत्र की जनता विधायक अंबा प्रसाद के कार्यों को देख रही है और खुश भी है। लेकिन विरोधी दल के नेता विधायक द्वारा किये गये कार्यों को देख बौखलाकर सस्ती लोकप्रियता लेने के लिए होड़ मचा रहे रहें। उन्होंने कहा विधायक जनता के सुख-दुख का पूरा ख्याल रखती है। कांग्रेस का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचाना व क्षेत्र का चहुंमुखी विकास करना है। मौके पर कृष्णा सिंह, विक्कू रजक व नीरज आदि मौजूद थें।

# विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की बैठक संपन्न



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** होटल लॉ मैरिटल के सभागार में जिलाध्यक्ष आलोक रतन चौधरी की अध्यक्षता में विश्वहिंदू परिषद् बजरंग दल की बैठक संपन्न हुई। जिसमे मुख्य रूप से प्रांत कार्यवाहक सह व्यवसाई तिलकराज मंगलम और प्रांत सह मंत्री मनोज पोद्दार उपस्थित हुए। संगठन विस्तार और आगामी 8 अक्टूबर को रांची में आयोजित होने वाले धर्मसभा की तैयारी के निमित्त इस बैठक में उपस्थित प्रमुख लोगों ने अपनी अपनी बातें रखकर तैयारी की समीक्षा की। बैठक में जिला संगठन का विस्तार करते हुए गौरक्षा प्रमुख ललन लहरी को बनाया गया। दिनेश पाठक को धर्म प्रसार प्रमुख, आलोक अग्रवाल जिला संघ प्रतिनिधि, रवि अग्रवाल सेवा प्रमुख, दिलीप कुमार पासवान संपर्क प्रमुख, कन्हैया रविदास जिला सुरक्षा प्रमुख बनाया गया। शिक्षिका सिंधु झा को जिला सह संयोजिका और यशोदा देवी को जिला सत्संग प्रमुख का दायित्व सौंपा गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों को अंगवस्त्र देकर राष्ट्रनिर्माण में उनके योगदान के लिए शुभकामनाएं दी। बैठक में मुख्य रूप से जिला मंत्री छोटू वर्मा, सह मंत्री तरुण कुमार वर्मा, बजरंगदल संयोजक भागीरथ पोद्दार, कोषाध्यक्ष अभय वर्मा, दुर्गा वाहिनी संयोजिका अनामिका श्रीवास्तव, मातृशक्ति प्रमुख अर्चना महतो, सत्संग प्रमुख संतोष सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

# शव ले जा रहे एंबुलेंस ने वाहन को मारी टक्कर, दो घायल

**कुजू (आजाद सिपाही)।** ओपी क्षेत्र के नयामोड़ कोरियाघाटी तिराहा मोड़ के पास शव लेकर जा रही एम्ब्रुलेंस अपने आगे चल रहे वाहन को पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया। जिसमें चालक के अलावे एक अन्य सवार घायल हो गये। घायलों को कुजू ओपी के सअनि सुधीर कुमार ठाकुर ने इलाज के लिए रांची रोड स्थित द हॉप हॉस्पीटल में भर्ती कराया। जहां उनका इलाज चल रहा है। बताया जाता है कि गिरिडीह निवासी शशिभूषण राय एंबुलेंस संख्या डब्लूबी06ए-4242 से अपने किसी परिजन का शव लेकर गिरिडीह जा रहे थे। इसी बीच नयामोड़ कोरियाघाटी सड़क पर एंबुलेंस ने अपने आगे चल रहे वाहन को टक्कर मार दिया। जिसमें शशिभूषण राय के अलावे चालक प्रभाकर दास भी घायल हो गया।

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 27 सितंबर, 2023
www.azadsipahi.in



# क्या है राहुल की मंशा?

इस साल होने वाले चार राज्यों के विधानसभा चुनावों से पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी का दिलचस्प आकलन सामने आया है। उन्होंने एक कार्यक्रम के दौरान रविवार को बताया कि मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में उनकी पार्टी निश्चित रूप से जीतेगी, तेलंगाना में वह संभवतः जीतेगी। राजस्थान के बारे में उन्होंने कहा कि वहां मुकाबला कांटे का है और उन्हें लगता है कि पार्टी वहां भी जीत हासिल करने में सफल हो जाएगी। उनके इस बयान को दो तरह से समझा जा सकता है। एक तरह से देखा जाए तो उन्होंने चारों राज्यों में पार्टी की जीत की उम्मीद जताई है, लेकिन दूसरी तरह से देखें तो अपने इस बयान के जरिए उन्होंने राजस्थान में जीत के पार्टी के दावे को कमजोर करार दिया। हालांकि तेलंगाना के मामले में भी उन्होंने जीत की संभावना ही जताई, लेकिन राजस्थान खास तौर पर अहम इसलिए है कि वहां वर्तमान में कांग्रेस की ही सरकार है और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत समेत राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर के तमाम नेता दावा कर रहे हैं कि पार्टी अपनी सत्ता बचाने में कामयाब हो जाएगी। राहुल गांधी का यह आकलन इसलिए भी ध्यान खींचता है कि राजनीति में हार तय नजर आने की स्थिति में भी चुनाव नतीजे आने से पहले तक जीत के प्रबल दावे करने का ही चलन देखा गया है। खासकर बीजेपी के पिछले कुछ चुनाव अभियानों पर नजर डालें तो वहां अक्सर सीटों की असंभव लगने वाली संख्या के साथ जीत के दावे किए जाते रहे। कुछ मामलों में ये दावे कामयाब रहे तो कुछ में परिणाम उलटे साबित हुए, लेकिन यह चलन नहीं टूटा। ऐसे में विरोधी राहुल गांधी के इस बयान को कांग्रेस नेतृत्व का अभी से हार स्वीकार लेने का सबूत बता सकते हैं। हो सकता है कुछ धड़ों में इसे कांग्रेस की राजस्थान इकाई में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को कमजोर करने की मंशा से प्रेरित भी बताया जाए। लेकिन राहुल समर्थकों की ओर से इसे उनकी साफ-सुथरी राजनीतिक शैली का प्रमाण भी बताया जा सकता है। कहा जा सकता है कि उन्हें थोथे दावों पर आधारित राजनीति से परहेज है और वह नहीं चाहते मतदाताओं के सामने झूठी तस्वीर पेश करके उनके वोटिंग बिहेवियर को गलत ढंग से प्रभावित किया जाए। बहरहाल, इस बयान के पीछे असल मकसद क्या है और उसे हासिल करने में किस हद तक कामयाबी मिलेगी, यह अभी भविष्य के गर्भ में है। आगे चलकर इसे एक अच्छे, प्रेरक बयान के उदाहरण के रूप में याद किया जाता है या हारी हुई लड़ाई लड़ रहे एक नेता की अप्रत्यक्ष स्वीकारोक्ति के रूप में, यह काफी कुछ आने वाले चुनावों के नतीजों पर भी निर्भर करेगा। अभी के लिए इसे राहुल गांधी की अलग राजनीतिक शैली की पहचान के रूप में रेखांकित करना काफी होगा।

**इस साल होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के एक बयान से राजनीतिक खलबली मच गई है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में उनकी पार्टी जीत रही है, वहीं राजस्थान में कांटे का मुकाबला है।**


अभिमत
आजाद सिपाही

**पूर्वोत्तर क्षेत्र के राज्यों का संदर्भ 'अष्टलक्ष्मी' के रूप दिया जाता है, जो अधिक उपयुक्त है। नौ साल पहले, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्पष्ट रूप से घोषणा की थी, 'भारत तब तक प्रगति नहीं कर सकता, जब तक कि भारत का पूर्वोत्तर क्षेत्र विकसित नहीं होता।' उस दूरदर्शी विश्वास के साथ, भविष्य में निर्बाध विकास को सक्षम बनाने के लिए पिछले 9 वर्षों में किए गए रणनीतिक प्रयासों ने एक ठोस आधार तैयार किया है।**

# अष्टलक्ष्मी के गौरव की पुनर्स्थापना



**जी किशन रेड्डी**



**अपने मूल में प्रतिबद्धता, सुदृढ़ता और सशक्तिकरण को रखते हुए, पूर्वोत्तर क्षेत्र अब अमृत काल की दहलीज पर खड़ा है। पिछले 9 वर्ष निर्णायक रहे हैं; अगले 25 वर्ष, पूर्वोत्तर भारत कहे जाने वाले 'धरती के स्वर्ग' के जादू को दुनिया के सामने लायेंगे।**

जब भी मैं पूर्वोत्तर क्षेत्र की यात्रा करता हूं, तो मैं अक्सर स्मृतियों में खो जाता हूं और पूरे भारत के साथी युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं के साथ की गयी अपनी पिछली यात्राओं को याद करता हूं। उन दिनों, परिवहन व संचार संपर्क सुविधाओं की कमी, सुरक्षा के खतरे, बंद और चक्का जाम की असुविधा तथा अवसंरचना की कमी को नजरअंदाज करते हुए, हमने इन अवसरों का उपयोग, क्षेत्र के अपने भाइयों और बहनों के साथ बातचीत करने, उनकी संस्कृति का अनुभव करने और चुनौतियों व समाधानों पर चर्चा करने में किया।

हालांकि, परिवर्तन शुरू करने के लिए हमारे अटूट उत्साह और अथक प्रयास को राजनीतिक उपेक्षा, घोर अन्याय और शेष भारत से स्पष्ट अलगाव के कारण कड़ी बाधाओं का सामना करना पड़ा। अफसोस की बात है कि पूर्वोत्तर क्षेत्र के राज्य, जो हमारे देश का अभिन्न अंग हैं, को अक्सर 'सौतेली बहनें' कहा जाता था। हालांकि, कुछ साल बाद, आज, जब मैं उन्हीं स्थानों की दोबारा यात्रा करता हूं, तो मैं संतुष्टि और राहत की गहरी भावना से भर जाता हूं। हमारे पूर्वोत्तर क्षेत्र के राज्यों को आखिरकार वह ध्यान और समर्थन मिल रहा है, जिनके वे हकदार हैं। पूर्वोत्तर क्षेत्र के राज्यों का संदर्भ 'अष्टलक्ष्मी' के रूप दिया जाता है, जो अधिक उपयुक्त है। नौ साल पहले, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने स्पष्ट रूप से घोषणा की थी, 'भारत तब तक प्रगति नहीं कर सकता, जब तक कि भारत का पूर्वोत्तर क्षेत्र विकसित नहीं होता।' उस दूरदर्शी विश्वास के साथ, भविष्य में निर्बाध विकास को सक्षम बनाने के लिए पिछले 9 वर्षों में किए गए रणनीतिक प्रयासों ने एक ठोस आधार तैयार किया है।

**अफसोस की बात है कि पूर्वोत्तर क्षेत्र के राज्य, जो हमारे देश का अभिन्न अंग हैं, को अक्सर 'सौतेली बहनें' कहा जाता था।**

पिछले साढ़े 9 वर्षों में 5 लाख करोड़ रुपये से अधिक खर्च करने के साथ, भारत सरकार ने क्षेत्र के विकास के लिए बड़े पैमाने पर वित्तपोषण किया। 2014 और 2023 के बीच पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए 54 केंद्रीय मंत्रालयों के सकल बजट आवंटन में लगभग 233 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। 6,600 करोड़ रुपये की नई मंजूर की गयी पीएम-डिवाइन योजना, पूर्वोत्तर क्षेत्र के लोगों के लिए आजीविका और विकास के अवसरों का सृजन करेगी। विवेकपूर्ण और लक्षित निवेश के साथ वित्तीय प्रोत्साहन से, सरकार को परिवहन व संचार संपर्क सुविधा तथा अवसंरचना निर्माण जैसी क्षेत्र की सबसे बड़ी चुनौतियों का समाधान करने में मदद मिली।

'भूपेन हजारिका सेतु' नदी पर बना भारत का सबसे लंबा पुल है, जो 2003 से लंबित था, का उद्घाटन मई 2017 में किया गया। इससे असम और अरुणाचल प्रदेश के बीच की यात्रा-अवधि 6 घंटे से कम होकर 01 घंटे की रह गयी है। 25 दिसंबर, 2018 को भारत के सबसे लंबे रेल पुल बोगीबील का उद्घाटन किया गया, जिससे दिल्ली और डिब्रूगढ़ के बीच यात्रा-अवधि में 3 घंटे की कमी आयी है। दिलचस्प बात यह है कि पुल का काम 2002 में भारत रत्न अटल जी के नेतृत्व में शुरू हुआ था, लेकिन 2004 में यूपीए के सत्ता में आने के बाद यह काम बाधित हो गया। काम में तेजी 2014 में आई, जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बागडोर संभाली। इसी तरह, 2014 से पहले केवल गुवाहाटी रेल-मार्ग से ही जुड़ा था, लेकिन आज राजधानी परिवहन संपर्क परियोजना के तहत अरुणाचल, त्रिपुरा और मणिपुर भी जुड़ गए हैं और बाकी पांच राज्यों को जोड़ने का काम भी जल्द पूरा हो जाएगा। उहम अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी का उपयोग करके स्थलाकृतियों से जुड़ी बाधाओं को दूर कर रहे हैं। हमने पूर्वोत्तर में जिरीबाम-इम्फाल रेल लाइन पर दुनिया के सबसे ऊंचे तटबंध पुल का निर्माण करके विश्व रिकॉर्ड बनाया है।

इसके अलावा, पर्यटन और आर्थिक क्षमता को व्यापक प्रोत्साहन देते हुए, पिछले 9 वर्षों में हवाई संपर्क सुविधा में कई गुनी वृद्धि हुई है। 2014 में केवल 9 हवाई-अड्डे थे, आज हमारे पास 17 हवाई-अड्डे हैं। अरुणाचल प्रदेश का पहला ग्रीनफील्ड हवाई अड्डा, डोनी पोलो हवाई अड्डा या अगरतला में महाराजा बीर बिक्रम (एमबीबी) हवाई अड्डे का अत्याधुनिक एकीकृत टर्मिनल, जिसका उद्घाटन 2022 में प्रधानमंत्री द्वारा किया गया था, हवाई संपर्क सुविधा में तेजी से हुई प्रगति के उज्ज्वल उदाहरण हैं।

पिछली सरकारें लंबे समय से यह तर्क देतीं रहीं कि भूमि से घिरे पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास में कमी अपरिहार्य है। इस बात को चुनौती देते हुए नरेन्द्र मोदी सरकार क्षेत्र की जलमार्ग क्षमता का उपयोग करने के लिए काम कर रही है। 2014 से पहले केवल 01 राष्ट्रीय जलमार्ग था और अब पूर्वोत्तर क्षेत्र में 20 राष्ट्रीय जलमार्ग हैं, जो ब्रह्मपुत्र और बराक नदियों की विशाल नौवहन क्षमता को रेखांकित करते हैं।

दक्षिण-पूर्व एशिया के साथ घनिष्ठ आर्थिक और सांस्कृतिक संबंधों का निर्माण करते हुए तथा क्षेत्र में आवश्यक परिवहन संपर्क सुविधा को बढ़ावा देकर, पूर्वोत्तर क्षेत्र को एक्ट ईस्ट नीति के केंद्र बिंदु के रूप में विकसित किया जा रहा है। म्यांमार के साथ 2,904 करोड़ रुपये की कलादान मल्टीमॉडल परियोजना, बांग्लादेश के साथ 1,100 करोड़ रुपये की अगरतला-अखौरा रेलवे परियोजना, 1,548 करोड़ रुपये की भारत-म्यांमार-थाईलैंड त्रिपक्षीय राजमार्ग परियोजना आदि ऐसी प्रमुख परियोजनाएं हैं, जो पूर्वोत्तर क्षेत्र को भारत के 'पड़ोसी पहले' और 'एक्ट ईस्ट' नीतियों के केंद्र में रखती हैं। 1972 के बाद पहली बार 2015 में अंतर्देशीय जल पारगमन और व्यापार पर भारत बांग्लादेश प्रोटोकॉल का नवीनीकरण और बांग्लादेश के चटग्राम व मोंगला बंदरगाहों के उपयोग तक पहुंच; 'एक्ट ईस्ट' नीति की महत्वपूर्ण उपलब्धियां रही हैं।

क्षेत्र में शांति और स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास किए गए हैं। 2014 से 2022 के बीच उग्रवाद में 76 प्रतिशत की गिरावट आई है। सुरक्षा बलों और नागरिकों की मौत की संख्या में क्रमशः 90 प्रतिशत और 97 प्रतिशत की कमी दर्ज की गयी है। 8,000 से अधिक उग्रवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। 'अफस्पा' के परिधि क्षेत्र में 75 प्रतिशत की कमी आयी है। स्थायी समाधान की दिशा में आगे बढ़ते हुए विद्रोही समूहों के साथ कई समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए हैं और मुख्यधारा के साथ उनके पुनः एकीकरण में मदद के लिए पुनर्वास पैकेज प्रदान किए गए हैं।

पूर्वोत्तर क्षेत्र में विकास और शांति को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए, प्रधानमंत्री ने पिछले साढ़े 9 वर्षों में स्वयं 60 से अधिक बार पूर्वोत्तर क्षेत्र की यात्राएं की हैं और क्षेत्र में विकास करने की राजनीतिक इच्छाशक्ति और दृढ़ संकल्प को दोहराया है।

अपने मूल में प्रतिबद्धता, सुदृढ़ता और सशक्तिकरण को रखते हुए, पूर्वोत्तर क्षेत्र अब अमृत काल की दहलीज पर खड़ा है। पिछले 9 वर्ष निर्णायक रहे हैं; अगले 25 वर्ष, पूर्वोत्तर भारत कहे जाने वाले 'धरती के स्वर्ग' के जादू को दुनिया के सामने लायेंगे।

**(लेखक भारत सरकार के पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री हैं।)**

## ओड़िशा/जमशेदपुर की खबरें

### जागृति महिला मंडल ने सामाजिक सेवा कार्य में सहयोग करनेवाले 9 व्यक्तियों को सम्मानित किया



**संबलपुर (आजाद सिपाही)।** एमसीएल जागृति महिला मंडल, बुर्ला की ओर से आस-पास गॉव के 13 महिलाओं तथा बालिकाओं को 3 महीने का कंप्यूटर के बेसिक कोर्स का प्रशिक्षण प्रदान किया गया और प्रशिक्षण के उपरान्त उन्हें प्रामणपत्र प्रदान किया गया। जागृति महिला मंडल की अध्यक्षा पद्मजा सिंह ने उपाध्यक्षाओं सरिता पटेल, रश्मि बेहुरा और अंजली बापट की उपस्थिति में 13 प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। जागृति महिला मंडल की अध्यक्षा पद्मजा सिंह ने कहा कि महिलाओं व बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनने का यह एक साधन है जिससे वे घर बैठे इस तकनीकी के माध्यम से स्वयं रोजगार कर सकेंगी। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली महिलाएं इस कार्यक्रम से काफी उत्साहित हैं क्योंकि इससे उन्हें नए कौशल सीखने में मदद मिल रही है। जागृति महिला मंडल की अध्यक्षा पद्मजा सिंह ने उपाध्यक्षाओं की उपस्थिति में जागृति महिला मंडल की सामाजिक सेवा कार्य में सहयोग करनेवाले 9 व्यक्तियों को भी सम्मानित किया ।

### एसएसपी के निर्देश पर गोलमुरी पुलिस लाइन में मॉकडील का आयोजन



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** शहर के गोलमुरी पुलिस लाइन में एसएसपी कौशल किशोर के निर्देश पर पुलिस कर्मियों के लिए मॉकडील का आयोजन किया गया। मंगलवार को पुलिस लाइन के मैदान में आयोजित मॉकडील में वरीय पुलिस पदाधिकारी के द्वारा पुलिस कर्मियो को कई जानकारी दी गयी। ताकि जिले में किसी तरह की अप्रिय स्थिति उत्पन्न होने पर आसानी से निपटारा किया जा सके। मौके पर एसएसपी कौशल किशोर ने बताया इस तरह के आयोजन से पुलिस कर्मियो की तैयारी बनी रहती है। उन्होंने कहा आने वाले दो महीने त्योहार को ध्यान में रखते हुए पुलिस कर्मियों के लिए मॉकडील का आयोजन किया गया। अगर किसी भी तरह के अप्रिय स्थिति या सामाजिक तनाव की स्थिति उत्पन्न होती है तो जमशेदपुर पुलिस पूरी तरह तैयार रहे इस उद्देश्य के साथ पुलिस लाइन में मॉकडील का आयोजन किया गया। एसएसपी ने बताया मॉक डील के माध्यम से किस प्रकार से लाठी चार्ज करना है,किस तरह से वाटर गन व गैस का इस्तेमाल करना है सभी जानकारी विधि व्यवस्था के साथ प्रोटोकॉल के अनुसार दी गयी। साथ ही भीड़ के बीच कैसे कंट्रोल किया जाए सभी जानकारी पुलिस कर्मियों को दी गयी।

### केबुल टाऊन क्षेत्र के प्रत्येक घर में बिजली का सीधा कनेक्शन देने की मांग

# केबुल क्षेत्र के बस्तीवासियों की बिजली का सपना शीघ्र होगा साकार : सरयू राय

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** विधायक सरयू राय ने टाटा स्टील युआईएसएल प्रबंध निदेशक के नाम पत्र लिखकर केबुल टाऊन क्षेत्र के प्रत्येक घर में बिजली का सीधा कनेक्शन देने की मांग की। मंगलवार को विधायक ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इसकी जानकारी दी। विधायक राय ने कहा विगत 3 वर्सो से बार बार ध्यान आकृष्ट कराया जा रहा है। लेकिन अभी तक कार्य संपन्न नहीं हो पाया। इसके पूर्व सभी घरों में पानी का कनेक्शन जोड़ने का काम हो गया लेकिन बिजली का कनेक्शन नहीं जुड़ सका। हमेशा यही कहा जाता है कंपनी तो घर घर में कनेक्शन देने को तैयार है परंतु दिवालिया केबुल कंपनी के आरपी एनओसी देने में आना-कानी कर रहे हैं। विधायक राय ने बताया कार्यालय से इस बारे में पत्राचार भी दिखाये गये। यह सब होते हुए काफी दिन बीत गये। उन्होंने कहा इस मामले में दिवालिया केबुल कंपनी के आरपी से एनओसी मांगने की कोई जरूरत नहीं। एनओसी मांगना है तो डीसी के माध्यम से राज्य सरकार से मांगा जाये। कारण कंपनी का लीज 2019 में समाप्त हो चुका है। एग्रीमेंट के अनुसार कोई काम होगा तो सरकार की सहमति से होगा। विधायक ने कहा कंपनी से पूछा जाय बिजली कनेक्शन की योजना है कोई आपत्ति है तो बताइए। 15 दिन में आपत्ति नहीं आई तो बिजली कनेक्शन देने की योजना आरम्भ कर दिया जाये। उन्होंने कहा अब काफी विलंब हो गया इस दिशा में सीधा प्रयास आरंभ करूंगा। सरकार से वार्ता कर केबुल क्षेत्र के बस्तीवासियों की सपना शीघ्र साकार होगा।

### जमशेदपुर: लोकसभा चुनाव की तैयारी पर संगठनात्मक सशक्तिकरण को लेकर सभा का आयोजन

# भाजपा सरकार के बेरोजगारी, महंगाई, महिला उत्पीड़न, राजस्व भ्रष्टाचार, सूर्य मंदिर का दखल और दंगल से जनता त्राहिमाम : आनंद बिहारी दुबे

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कांग्रेस का नुकड़ सभा, सैकड़ो लोग हुए शामिल**



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस के आह्वान पर बागुनहातु चौक में कांग्रेस नेता रूपलाल लोहार के नेतृत में नुक्कड सभा आयोजित किया गया। मंगलवार को नुक्कड़ सभा में क्षेत्र के सैकड़ो लोग शामिल रहे। मौके पर जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने कहा आज कांग्रेस पार्टी को चौक चौराहे में नुक्कड़, हाट, बाजार पर सभा करने की आवश्यकता आन पड़ी है। देश को भाजपा सरकार व देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने कांटे भरे रास्ते में लाकर खड़ा कर दिया। आम जनता महंगाई की मार से त्रस्त है। नौजवान व घर के बच्चे को पड़ लिख कर नौकरी नही उनका भविष्य अंधकार मय हो गया है। रेलवे में सैकड़ों सरकारी उपक्रमों से नौकरियां खत्म की जा रही है। नौजवान दर-दर भटक रहे हैं। उनके समक्ष परिवार को चलाने के लिए कोई रास्ता नहीं सूझ रहा। यह विडंबना भरा समय विगत 9 वर्षों से लोगों के सामने आकर खड़ा है। भारत की जनता को अब आगे आना होगा। बच्चों के भविष्य को सुखमय बनाने के लिए सोचना पड़ेगा। दुबे ने कहा गैस का सिलेंडर 2014 में 450 रुपिया था। आज 942 रुपए हो गये हैं। पेट्रोल डीजल की कीमत अंतरराष्ट्रीय स्तर पर काफी कम है। लेकिन महंगे में पेट्रोल डीजल लेना पड़ रहा हैं। खाद्य पदार्थ, दूध, सब्जी का कीमत आसमान छू रहा है। सबसे बड़ा दिक्कत गरीब परिवारों को झेलना पड़ रहा है। वह घर चलाने में असफल साबित हो रहे हैं। मोदी जी के राज में इतनी महंगी होगी किसी ने नहीं सोचा था। भारत की आम जनता की यही सोच थी मोदी जी आएंगे, महंगाई कम होगी। लेकिन धोखा हो गया। उन्होंने सबों से आग्रह करते हुए आगामी 2024 में फैसले के नतीजे को ध्यान में रखने को कहा। साथ ही परिवार, नौजवानों, महिलाओं की सुरक्षा के बारे में अवश्य सोचें। उन्होंने कहा आज कर्नाटक की जनता कांग्रेस पार्टी को अपनी आंखों पर बिठाया। बहुत बड़ा फैसला दिया है। जिला अध्यक्ष ने कहा पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास और विधायक सरयु राय इन दोनों नेताओं को सिर्फ और सिर्फ सुर्य मंदिर पर कब्जा चाहिए, सारा समय झगडा, झंझट कर जनता के विकास का समय बर्बाद कर दिया। नुक्कड सभा के उपरांत 125 लोगों के बीच सर्वजन पेंशन सर्टिफिकेट का वितरण जिलाध्यक्ष के द्वारा कियस गया। इस अवसर पर सामंता कुमार, अतुल, रूपलाल, गोविन्द, रानी, रंजीत, दुर्गा, धीरज, अभिषेक, प्रशेनजीत, सहित अन्य कई नेताओं नें अपनी बातें रखी। कार्यक्रम का संचालन दीपक कमार्कार ने किया।

### विधायक ने गरुड़बासा के ग्रामीणों की पानी की समस्या संज्ञान में आते ही निकाला समाधान, ग्रामीणों में हर्ष



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र जमशेदपुर प्रखंड के हुरलुंग पंचायत अंतर्गत गरुड़बासा में स्थानीय लोगों द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जुगसलाई के विधायक मंगल कालिंदी शामिल हुए। विधायक ने स्थानीय लोगों के साथ मुलाकात कर उनका हाल-चाल जाना। मौके पर स्थानीय लोगों ने पानी की समस्याओं से अवगत कराया। विधायक ने मामले को संज्ञान में लेते हुए ग्राम विकास केन्द्र के अधिकारियों को बुलाकर जल्द से जल्द समस्या का निदान करने का निर्देश दिये। विधायक कालिंदी ने कहा आम लोगों की समस्या का जल्द निदान हो इसके लिए हमेशा प्रयास करते रहेंगे। मौके पर पंचायत समिति सदस्य सुमित्रा देवी, झामुमो नेता मेथु कर्मकार, तपन, सोनाराम लोहरा, रजत प्रसाद, बिरसिंग कालुंडिया, निरंजन रुही दास, अनिल, संजय टूडु सहित सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित रहे।

### जानलेवा काले धुएं से बेहाल लोगों की जगी उम्मीद की आस, अनियंत्रित वायु प्रदूषण के मामले में जनहित याचिका दायर






**गम्हरिया (आजाद सिपाही)।** सरायकेला खरसावां जिले के गम्हरिया प्रखंड स्थित मुड़िया पंचायत डीडी स्टील एंड पॉवर लिमिटेड कंपनी प्रबंधन के द्वारा जानलेवा काले धुंए से बेहाल व परेशान लोगों के लिए एक उम्मीद की आस जगी है। पर्यावरण प्रेमी अवधेश कुमार पांडेय ने कंपनी प्रबंधन के खिलाफ अनियंत्रित वायु प्रदुषण के मामले में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के समक्ष एक जनहित याचिका दायर की। उन्होंने कंपनी को तत्काल दंडात्मक कारवाई के लिए मांग की। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता रविशंकर पाण्डेय ने बताया डीडी स्टील एंड पॉवर लिमिटेड कंपनी में बीते कई वर्षो से जहरीली काले धुंए को खुले वातावरण में छोड़ा जा रहा है। जिससे आम जन जीवन काफी ज्यादा प्रभावित हुई है। वर्ष 2016 में केन्द्रीय प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड ने स्थानीय शिकायतों पर कारवाई करते हुए कम्पनी का निरिक्षण किया था। भारी अनियमितता और पर्यावरण नियमो का उल्लंघन मिलने पर कार्रवाइ की बात कही थी। बताया जा रहा है कंपनी प्रबंधन सरकार में अपनी गहरी पैठ का फायदा उठाया। दोबारा संचालन का आदेश देते हुए कहा गया था यदि भविष्य में किसी प्रकार के पर्यावरण नियमो का उल्लंघन सामने आता है पुनः कार्रवाइ की जाएगी। लेलिन आज तक स्थिति दुर्भाग्यपूर्ण व नारकीय बनी हुई है। उन्होंने कहा कंपनी के प्रदूषित गैस व पानी से प्रभावित स्थानीय लोग महामारी की भेट चढ़े जा रहे। मुड़िया पंचायत के प्रत्येक घर में कोई न कोई गंभीर बीमारी से ग्रसित है। लेकिन उसके बाद भी डीडी स्टील के द्वारा प्रदूषण फैलाया जा रहा है।

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 27 सितंबर, 2023
www.azadsipahi.in


**कार्यक्रम :** रमकंडा प्रखंड में 50 से अधिक लोग भाजपा छोड़ कर झामुमो में हुए शामिल

# विकास के पथ पर बढ़ता रहेगा गढ़वा : मंत्री मिथिलेश



**कहा- विरोधियों की नकारात्मक राजनीति से कोई फर्क नहीं पड़ता**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** रमकंडा प्रखंड के बरवा स्कूल के मैदान में आयोजित करमा पूजा महोत्सव के दौरान भाजपा छोड़कर 50 से अधिक लोगों ने झारखंड मुक्ति मोर्चा की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने सभी को माला पहनाकर एवं पार्टी का पट्टा पहनाकर पार्टी में शामिल कराया।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि हेमंत सरकार के बेहतर कार्यों का परिणाम है कि आज पूरे गढ़वा जिला सहित राज्य भर में दूसरी पार्टियों को छोड़कर लोग काफी संख्या में झामुमो में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य को पहली बार झारखंडी जनमानस की सरकार मिली है। जनता सरकार के कार्यों से पूरी तरह संतुष्ट है। मंत्री ने कहा कि गढ़वा की जनता अच्छी तरह से जानती है कि आज से चार वर्ष पूर्व गढ़वा की क्या स्थिति थी, और आज गढ़वा की स्थिति सबके सामने है। पूरी तरह से जर्जर एवं खोखला हो चुके गढ़वा में चारों तरफ विकास की गंगा बह रही है। लोग इस बात को अच्छी तरह से समझ चुके हैं। सरकार के विकास कार्यों से प्रभावित होकर लोगों का रुझान झामुमो की ओर बढ़ा है। मंत्री ने कहा कि वे जनता की उम्मीदों पर पूरी तरह से खरा उतरने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे झूठ एवं फरेब की राजनीति नहीं करते हैं। बल्कि ईमानदारी पूर्वक क्षेत्र के विकास एवं जनता के लिए कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रतिनिधि में यदि काम करने की इच्छा शक्ति हो तो क्षेत्र को विकसित बनने से कोई नहीं रोक सकता है। विपक्ष के विकास विरोधी एवं नकारात्मक राजनीति से उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता है। वे हमेशा जनता के आशीर्वाद से गढ़वा को विकास के पथ पर आगे बढ़ाते रहेंगे। मौके पर मुख्य रूप झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रेखा चौबे, जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष नितेश सिंह, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष संजय सिंह छोटू, दिलीप गुप्ता, अहमद अली अंसारी, आशीष गुप्ता, दीपक सोनी, कार्तिक पांडेय, पप्पू यादव आदि सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

पार्टी में शामिल होने वाले लोगों में चंदन प्रसाद कमलापुरी, नंदा प्रसाद कमलापुरी, उप मुखिया श्रवण गौड़, विजय कुमार गुप्ता, रामदुलार मांझी, नथुनी कोरवा, विकास कुमार रवि, श्रवण पासवान, सतन भुईहर, बिगन भूइहर, राजेश कुशवाहा, शिवनाथ मेहता, गुलाब भूइहर, सुरेंद्र, आशीष कुमार सिंह, विशाल, परमिंदर, सुधीर कुमार रवि, बाल गोविंद राम, मोहर पासवान, राजकुमार राम, दीपू पासवान, आर्यनत पासवान, विजय कुमार रवि, रामलाल राम, शर्मा राम आदि का नाम शामिल है।

## करम पर्व महोत्सव में मांदर बजा कर झूमे मंत्री

**कहा- हम सब अपनी संस्कृति को संरक्षित रखने के प्रति संकल्पबद्ध हैं**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** जिले भर में करमा पूजा की धूम रही। विभिन्न गावों में काफी धूमधाम से करमा पूजा महोत्सव का आयोजन किया गया। गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने विभिन्न गांवों में आयोजित पूजा समारोह में भाग लिया। इन मौकों पर मंत्री ने उपहार स्वरूप साड़ी एवं मांदर का वितरण किया। तत्पश्चात सामूहिक पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अखिल भारतीय आदिवासी महासभा प्रखंड कमिटी रंका के तत्वावधान में बरदरी गांव स्थित आम बगीचा परिसर में, गढ़वा प्रखंड के कुसमाहा गांव, बरवाडीह, रमकंडा प्रखंड के बरवा, रमकंडा स्कूल के मैदान में, चिनियां प्रखंड आईटीआई परिसर चिनियां, मेराल प्रखंड में बाना, लातदाग, गढ़वा प्रखंड में बीरबंधा तथा नगदरवा आदि गांव में आयोजित करमा पूजा महोत्सव में मंत्री श्री ठाकुर ने भाग लिया। इन स्थानों पर मंत्री ने दीप जलाकर एवं पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि हम सब अपनी संस्कृति को संरक्षित रखने के प्रति संकल्पबद्ध हैं। सभी को करम पर्व की शुभकामनाएं देते हुए स्वस्थ एवं खुशहाल रहने की कामना की। मौके पर मुख्य रूप झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम सचिव, मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रेखा चौबे, जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष नितेश सिंह, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष संजय सिंह छोटू, दिलीप गुप्ता, अहमद अली अंसारी, रंका प्रखंड अध्यक्ष आशीष गुप्ता, युवा प्रखंड अध्यक्ष दीपक सोनी, कार्तिक पांडेय, पप्पू यादव व अन्य उपस्थित थे।

## श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के सफल संचालन को लेकर समिति गठन पर की गयी चर्चा



**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** विंध्य क्षेत्र अंतर्गत श्री बंशीधर नगर प्रखंड के पाल्हे जतपुरा गांव में आयोजित श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के सफल संचालन हेतु मंगलवार को यज्ञ समिति की बैठक वरिष्ठ संरक्षक शारदा महेश प्रताप देव की अगुवाई में हुई। इसमें 23 अक्टूबर से 28 अक्टूबर तक चलने वाले श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के सफल संचालन के लिए यज्ञ समिति के अलावे 26 अन्य समिति के गठन पर विस्तार से चर्चा की गई। समिति के वरिष्ठ संरक्षक शारदा महेश प्रताप देव द्वारा यज्ञ के सफल संचालन का ब्लू प्रिंट प्रस्तुत किया गया। उन्होंने कहा कि यज्ञ के समय कुल 26 समिति का गठन किया जायेगा। जिसमें कुल 1000 लोग शामिल रहेंगे। एक सप्ताह के अंदर इन सभी समितियों का गठन कर लिया जायेगा। यज्ञ के दौरान संभावित भारी भीड़ के मद्देनजर छोटे वाहनों के लिए यज्ञ स्थल के पूरब एवं पश्चिम दोनों ओर वाहन पार्किंग की व्यवस्था करने पर चर्चा की गई। मौके पर संरक्षक शंभूनाथ शुक्ल, अध्यक्ष वीरेंद्र चौबे, सचिव अनीश कुमार शुक्ल, उपाध्यक्ष अमित कुमार शुक्ल, सह सचिव राकेश कुमार चौबे, कोषाध्यक्ष श्याम बिहारी शुक्ल, सह कोषाध्यक्ष शिवनारायण चौबे, प्रदीप शुक्ल, लेखा पदाधिकारी धीरेंद्र चौबे, मीडिया प्रभारी रजनीश कुमार मंगलम, सह प्रभारी राधेरमण चौबे, धर्मेंद्र चौबे, पुलिस निरीक्षक रतन कुमार सिंह, विंध्याचल शुक्ल, विक्रांत सिंह, अजीत प्रताप देव, उमेश शुक्ल, मथुरा पासवान, बालेश्वर ठाकुर, दुर्गेश शुक्ल, शैलेंद्र शुक्ल, प्रदीप शुक्ल, जवाहर शुक्ल, सतेंद्र शुक्ल, शिवजी शुक्ल आदि उपस्थित थे।

## झामुमो नेता भीखम चंद्रवंशी का निधन, दाह संस्कार में शामिल हुए मंत्री मिथिलेश

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** झामुमो नेता मेराल प्रखंड के दुलदुलवा ग्राम निवासी भीखम चंद्रवंशी का निधन हो गया। वे पंचायती राज विभाग के विधायक प्रतिनिधि थे। उनके निधन पर गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। निधन की खबर मिलते ही मंत्री श्री ठाकुर ने स्व. चंद्रवंशी के घर पहुंच कर श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दिया। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि स्व. चंद्रवंशी सरल स्वभाव के हर दिल अजीज व्यक्ति थे। वे पार्टी के लिए पूरी तरह से समर्पित थे। उनका समर्पण लोगों के लिए प्रेरणा बनेगा। पार्टी ने बहुत ही समर्पित व सम्मानित नेता को खो दिया है। उनके निधन से पार्टी को अपूरणीय क्षति हुई है। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, फुजैल अहमद, कंचन साहू, दीपमाला, दिलीप गुप्ता सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## गढ़वा के पूरब शौर्य ने नीतीश भारद्वाज को सौंपा स्केच आर्ट



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** गढ़वा के युवा चित्रकार पूरब शौर्य ने महाभारत सीरियल के कृष्ण नीतिश भारद्वाज से मुलाकात कर उन्हें उनका स्केच आर्ट प्रदान किया। नीतीश भारद्वाज छत्तीसगढ़ के रामानुगंज में संस्कार भारती द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने वहां आए हुए थे। इस दौरान गढ़वा संस्कार भारती के पदाधिकारी व अन्य कलाकारों ने नीतीश भारद्वाज से मुलाकात की। उन्होंने पूरब से उनका नाम पूछा तथा उनके द्वारा बनाए गए स्केच की सराहना की। महाभारत के श्रीकृष्ण से मुलाकात करने वालों में संस्कार भारती के झारखंड प्रांत मंत्री नीरज श्रीधर स्वर्गीय, अंजली शाश्वत, कौस्तुभ, अर्चना कुमारी आदि के नाम शामिल हैं।

## यशवंत नायक ने दूसरी बार मेराल सीओ का पदभर संभाला



**मेराल (आजाद सिपाही)।** अंचल कार्यालय में नये अंचलाधिकारी के रूप में यशवंत नायक ने मंगलवार को पदभार ग्रहण किया। उन्होंने बीडीओ सह प्रभारी सीओ प्रवेश कुमार साव से अंचल का पदभार ग्रहण किया। बता दें कि यशवंत नायक अंचलाधिकारी के रूप में यहां दूसरी बार पदभार ग्रहण किये है। इससे पहले वे 2019 से मार्च 2021 तक मेराल सीओ के रूप में कार्य कर चुके हैं। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने कहा कि यहां काम करने में कोई परेशानी नहीं होगी। मेराल अंचल क्षेत्र में जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। अंचल से जुड़े कार्यों को त्वरित निष्पादन के साथ सरकार के निर्देशों का पालन करते हुए कल्याणकारी योजनाओं का लाभ वंचित वर्ग के लोगों तक पहुंचाया जाएगा। पदभार ग्रहण करने की जानकारी मिलने पर मेराल पूर्वी के मुखिया रामसागर महतो सहित कई जनप्रतिनिधियों तथा अन्य लोगों ने उनका स्वागत किया।

## सत्येंद्र तिवारी के बिगड़े बोल, कहा-कुछ राक्षसी प्रवृत्ति की महिलाएं भी समाज में हैं

**मंत्री मिथिलेश और गिरिनाथ को चुनाव मैदान में आने की दी चुनौती**

**अदमियाईंन शब्द को पूर्व विधायक ने किया परिभाषित**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** पूर्व विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी ने कहा है कि सनातम धर्म में नारी का सम्मान व पूजा होती है। मैं भी सम्मान करता हूं। कहते-कहते उनके बोल बिगड़ गये, वह कह बैठे, लेकिन समाज में नारी के वेष में राक्षसी प्रवृत्ति की कुछ महिलाएं भी हैं, जो समाज के अन्य नारियों को दिग्भ्रमित करने का काम करती हैं। पूर्व विधायक ने अदमियाईंन शब्द को परिभाषित करते हुए मंगलवार को आयोजित प्रेसवार्ता में कहा कि सिर्फ नारी ही समाज में राक्षसी प्रवृत्ति की नहीं होती हैं। कुछ ऐसे पुरुष भी हैं जो समाज में अशांति फैलाते हैं, निरीह लोगों की जान लेते हैं। ऐसे लोग राक्षस प्रवृत्ति के होते हैं। मैंने अपने दस वर्षों के विधायक कार्यकाल में महिलाओं के ऊपर ना ही किसी प्रकार की आंच आने दिया है और ना ही किसी महिला को अशोभनीय बातें कही हैं। बावजूद कुछ लोग षड्यंत्र के तहत बातों का बतंगड़ बनाकर समाज में आम-आवाम भोली-भाली नारी को दिग्भ्रमित कर समाज में जहर घोलने का काम कर रही हैं। वहीं मैंने किसी का नाम नहीं लिया और ना ही कोई अमर्यादित बातें कही हैं। बावजूद कुछ महिलाएं चिढ़ ही नहीं रहीं हैं बल्कि अपनी आपा खो रही हैं। साथ ही ऐसी महिलाएं अपनी करतूत से अपने आचरण को समाज में बयां कर रही हैं। उन्होंने बलेंद्र सिंह हत्याकांड का भी जिक्र करते हुए कहा कि बलेंद्र सिंह की पत्नी ने ही अपने पति की हत्या करवाई, जो पुलिस की छानबीन में सामने आया। ऐसी महिलाओं को क्या कहा जाएगा। वे पूजा योग्य हैं या नारी के वेष में राक्षसी हैं। कुछ महिलाएं अपनी आजादी व मन मुताबिक जीवन बसर करने के लिए अपने पति तक की हत्या करवा दे रही हैं। वैसी महिलाएं दूसरे को क्या सीख देंगी। पूर्व विधायक ने कहा कि मंत्री मिथिलेश ठाकुर व पूर्व विधायक गिरिनाथ सिंह के इशारे पर मेरे खिलाफ रणनीति के तहत दिन प्रतिदिन साजिश रची जा रही है। इन लोगों को गढ़वा विधान सभा में मुझसे ही दिक्कत हो रही है। लोगों का उत्साह व समर्थन देखकर ये दोनों लोग पूरी तरह से हताश हो चुके हैं। खुद तो कुछ कर नहीं पा रहे तो कुछ महिलाओं को आगे कर अपनी रानजीतिक रोटी सेक रहे हैं। कहा कि भाजपा ऐसी पार्टी है जो शुरू से ही महिलाओं का सम्मान करती है। जो दूसरे दलों में नहीं होता है। मैं और मेरी पार्टी दोनों की महिलाओं का सम्मान करते हैं। भाजपा ने महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का काम किया है। इससे बड़ा सबूत और क्या हो सकता है। जबकि अन्य पार्टियां सिर्फ महिलाआं को ठगने का काम करती हैं। प्रेसवार्ता में भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष अनीता गुप्ता, मीना गुप्ता, मधुलता देवी, शोभा देवी, सरोज सिंह, गीता देवी, गिरजा देवी आदि मौजूद थीं।

### मंत्री पर केस दर्ज करायेंगे पूर्व विधायक

गढ़वा (आजाद सिपाही)। पूर्व विधायक ने कहा कि मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने संवेदक को लाभ पहुंचाने के लिए अन्नराज डैम का पानी बहवा दिया। जिससे 42 गांवों के लाखों किसानों को सिंचाई नहीं हो सकी। किसानों के प्रति मंत्री के इस रवैया के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराएंगे। किसानों को हर हाल में न्याय दिलाने का काम किया जाएगा। पूर्व विधायक ने कहा कि मंत्री मिथिलेश ठाकुर को लगने लगा है कि उनकी जमीन खिसक रही है तो वे गिरिनाथ सिंह को साथ मिलाकर मेरे खिलाफ साजिश रचने का काम कर रहे हैं। उन्होंने दोनों को आगामी विधान सभा चुनाव मैदान में जमानत जब्त कराने की चुनौती दी है। उन्होंने कहा कि कॉलेज मामले को लेकर वे सुप्रीम कोर्ट जाएंगे।

## ग्रामीणों ने अगस्त माह का राशन नहीं मिलने पर प्रखंड कार्यालय के समक्ष किया प्रदर्शन



**विशुनपुरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के ग्रामीणों ने अगस्त माह का राशन वितरण नहीं करने को लेकर प्रखंड कार्यालय पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का आरोप था कि प्रखंड के जनवितरण प्रणाली दुकानदारों के द्वारा अगस्त एवं सितम्बर माह का पर्ची निकाल कर केवल एक माह का राशन दिया जा रहा है। जबकि विशुनपुरा प्रखंड में लगातार दो वर्षों से सूखा पड़ने के कारण क्षेत्र में भुखमरी की स्थिति बनी हुई है। भुखमरी के कारण लोग पलायन को मजबूर हैं। इस स्थिति में भी राशन वितरण नहीं किया गया तो लोगों के साथ बहुत बड़ी समस्या उत्पन्न हो जाएगी। वहीं इस दौरान ग्रामीणों ने राशन वितरण सुनिश्चित कराने को लेकर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी निधि रजवार को मांग पत्र सौंपा। ग्रामीणों ने वैसे डीलर जो दो माह का राशन वितरण नहीं करते हैं तो उन्हें चिन्हित कर कार्रवाई करने की मांग की। वहीं ग्रामीणों को शांत कराते हुए आपूर्ति पदाधिकारी निधि रजवार ने कहा कि जांच कर 15 दिनों के अंदर राशन वितरण करवाया जाएगा मौके पर बलराम पासवान, ऐनुल अंसारी, लतीफ अंसारी, पृथ्वीनाथ पाल, नामुदिन अंसारी, नन्दू गुप्ता, दिनेश राम, दिलीप कुमार, जगदीश बैठा, बाबूलाल सिंह, सवीर अंसारी, संजय मेहता, अनिल रजवार, विश्वनाथ भुइयां, मोहित राम सहित प्रखंड के सैकड़ों ग्रामीण शामिल थे।

**कार्यक्रम :** केंद्रीय संचार ब्यूरो, डालटनगंज ने प्री प्रोग्राम के तहत सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, गर्ल्स गढ़वा में रंगोली, पेंटिंग्स, भाषण एवं निबंध प्रतियोगिता का किया आयोजन

# छात्राओं ने कलाकृति से दिया पोषण और स्वच्छता का संदेश

**विद्यालय की सभी छात्राओं को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई**

आजाद सिपाही संवाददाता





**मेदिनीनगर/गढ़वा।** केंद्रीय संचार ब्यूरो, डालटनगंज के द्वारा राष्ट्रीय पोषण माह, स्वच्छ भारत अभियान, मेरी माटी मेरा देश, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना एवं नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस गर्ल्स गढ़वा में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत उपर्युक्त विषय से संबंधित रंगोली, पेंटिंग्स, भाषण एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय की छात्राओं ने अपनी कलाकृति के जरिए जागरूकता का संदेश दिया। इससे पूर्व क्षेत्रिय प्रचार अधिकारी डालटनगंज गौरव कुमार पुष्कर ने राष्ट्रीय पोषण माह एवं स्वच्छ भारत अभियान के बारे में बताते हुए कहा कि स्वच्छता एवं पोषण का एक दूसरे से गहरा संबंध है। सही पोषण के लिए स्वच्छता जरूरी है। श्री पुष्कर ने नारी शक्ति वंदना अधिनियम, पीएम विश्वकर्मा योजना एवं मेरी माटी मेरा देश के बारे में भी विस्तार पूर्वक छात्राओं को जानकारी दी। इस मौके पर विद्यालय के प्राचार्य रेयाज अहमद ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से छात्राओं का सर्वांगीण विकास होगा। प्रतियोगिताओं के समन्वय एवं संचालन में क्षेत्रीय प्रचार सहायक मनोज कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही जबकि विद्यालय की सभी शिक्षिकाओं और शिक्षकों ने इसमें सहयोग किया।

### छात्राओं ने ली स्वच्छता की शपथ

कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता ही सेवा के तहत विद्यालय की सभी छात्राओं को स्वच्छता के महत्व की जानकारी देते हुए स्वच्छता शपथ भी दिलाई गई।

### विशेष जागरूकता कार्यक्रम एवं पुरस्कार वितरण आज

केंद्रीय संचार ब्यूरो डाल्टनगंज के द्वारा विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन बुधवार दिनांक 27 सितंबर कोई इसी विद्यालय में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना की आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं के द्वारा किशोरियों को पोषण के बारे में विस्तृत जानकारी भी दी जाएगी।


उपायुक्त–सह–
जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़
(विकास शाखा)
दूरभाष : 06553-261555(o)
Email ID : dc-ramgarh@gov.in

आवश्यक सूचना

नमामि गंगे योजना अन्तर्गत जिला स्तर पर एक DPO (District Project Officer) का नियुक्ति संविदा के आधार पर करने हेतु विज्ञापन (PR No. 306002 दिनांक 01.09.202) का प्रकाशन किया गया था, जिसमें Interview की तिथि दिनांक 28.09.2023 को निर्धारित है। दिनांक 28.09.2023 को निर्धारित Interview की तिथि को स्थगित किया जाता है। Interview की अगली तिथि की सूचना यथाशीघ्र दी जायेगी।

ह०/–
उपायुक्त,रामगढ़

PR 307774 (Ramgarh)23-24*D

कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, कोडरमा
आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा निकाली गई निविदा सूचना संख्या–15/2023–24 जिसका पी0आर0संख्या–306713 Building (23-24)D है को अपरिहार्य कारण वश रदद् किया जाता है।

कार्यपालक अभियन्ता,
भवन प्रमण्डल, कोडरमा

PR 307709 Building(23-24)D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, चतरा।
शुध्दि–पत्र

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, चतरा द्वारा आमंत्रित अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–05(Untied)/RCD/2023-24 के PR No. 307492 Road (23-24)_D दिनांक 23.09.2023 में आंशिक संशोधन करते हुए, क्रम संख्या–2 में परिमाण विपत्र की राशि रू0 5,000=00 के स्थान पर रू0 2,500=00 (दो हजार पाँच सौ रूपये मात्र) पढ़ा जाय। शेष शर्तें यथावत रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता,
प0नि0वि0,पथ प्रमण्डल,
चतरा

PR 307692 Road(23-24)D

Govt. of Jharkhand
Office of the Executive Engineer
National Highway Division, Hazaribagh
South of PTC Ground, Hazaribagh - 825301
Phone No. - 06546-222474
E-mail :- nhdivisionhazaribagh@gmail.com / eenhhazari-jhr@nic.in

Short Term Notice Inviting Tender
Tender Reference No. : NH/HAZARIBAGH/2023-24/06
Dated 22.09.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of the work | Renovation of Quality Control Lab in the Campus of I.B., Barhi for the Year 2023-24 |
| 2 | Estimated Cost (Rs.) | Rs. 59,99,904=00 (Rupees Fifty-nine Lakh Ninety-nine Thousand Nine Hundred Four) only |
| 3 | Time of Completion | Upto 15.03.2024 |
| 4 | Date of Publication of Tender on website | 25.09.2023 from 5:00 pm |
| 5 | Last date/Time for receipt of bids online | 09.10.2023 up to 5:00 pm |
| 6 | Last date/time for physical submission of Earnest Money/DD etc. | 10.10.2023 upto 2.00 pm |
| 7 | Bid Opening Date and Place | 10.10.2023 at 3:00 pm at Chief Engineer (Comm)-cum-Nodal Officer, e-Procurement Cell, Road Construction Department, Jharkhand, 1st Floor, Engineer's Hostel No.-2, Dhurwa, Ranchi- 834004 |
| 8 | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, National Highway Division, Hazaribagh. |

*Note: The estimate cost of work is inclusive of GST and Labour Cess.*
Further details can be seen on e-tendering portal

Executive Engineer
NH Division, Hazaribagh

PR 307697 (Road)23-24*D

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 27 सितंबर, 2023
www.azadsipahi.in


## पूर्व जिला परिषद के भतीजा का शव जिलिंग बांध में मिला



चंदवा (आजाद सिपाही)। चंदवा के पूर्वी क्षेत्र के पूर्व जिला परिषद मोहन गंझू के छोटे भाई चिरन गंझू का पुत्र आकाश गंझू का 23 सितंबर 2023 को शाम 3:00 बजे लापता होने की सूचना मिली। परिजन दो दिन तक पुलिस के सूचना देने के बाद अपने से सभी स्थान पर खोजबीन किया। परंतु आकाश गंझू नहीं मिल पाया। 25 सितंबर 2023 को अचानक जिलिंग बांध तालाब में शव पानी में तैरते हुए ग्रामीणों ने देखा। यह कयास लगाया जा रहा है कि चिरन गंझू का पुत्र आकाश गंझू का किसी ने मार कर हत्या कर दी है। इधर पुलिस भी सूचना के साथ आवेदन परिजनों से लिया है और पुलिस भी घटना जांच में जुट गयी है।

# अवैध खनन कर रहा है बीकेबी कंपनी: सीओ

**किस्को सीओ बुड़ायं सारू ने बीकेबी कंपनी पर लगाये गंभीर आरोप, खोला काला चिट्ठा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**किस्को/लोहरदगा।** किस्को अंचल अधिकारी बुड़ायं सारू ने प्रेस कांफ्रेंस कर बीकेबी कंपनी द्वारा पाखर में अवैध रूप से खनन कार्य को वर्षो से अंजाम दिये जाने का खुलासा किया है। सीओ ने पत्रकारों को बताया कि पाखर पठारी क्षेत्र में बीकेबी कंपनी क्षेत्र की जनता को गुमराह कर अवैध खनन कर रहा है। पाखर मुखिया फुलमनी देवी के द्वारा 27/07/2023 और पंचायत समिति सदस्य बीरेंद्र उरांव के द्वारा 14/08/2023 को किस्को अंचल कार्यालय में लिखित आवेदन देकर बीकेबी कंपनी द्वारा अवैध रूप से खनन कार्य किये जाने की जांच



हेतु मांग रखी गयी थी। जिसपर निवर्तमान डीटीओ अमित बेसरा और मेरे द्वारा स्थल जांच करने पर पता चला कि बीकेबी कंपनी क्षेत्र के गरीब असहाय भोले-भाले जनता को गुमराह कर अनाबाद बिहार सरकार की 10 एकड़ 61 डिसमिल भूमि पर वर्षो से अवैध खनन कर अपनी जेब भरने और सरकार को राजस्व की क्षति पहुंचाने का कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि इस संदर्भ में उपायुक्त लोहरदगा, अनुमंडल पदाधिकारी लोहरदगा, अपर समाहर्ता लोहरदगा, वन प्रमंडल पदाधिकारी लोहरदगा और जिला खनन पदाधिकारी लोहरदगा को आगे की कार्यवाही हेतु पत्र की प्रति सौंपी गयी है। बीकेबी कंपनी खाता नंबर 164 प्लाट संख्या 699 और 700 को मिलाकर कुल 10 एकड़ 61 डिसमिल जो अनाबाद बिहार सरकार के नाम पर दर्ज है जिससे अवैध खनन कर सरकार को राजस्व का नुकसान पहुंचाने और अपनी दबंगई से क्षेत्र के जनता को गुमराह कर करोड़ो रुपए डकार रही है। सीओ ने कहा कि प्लाट नंबर 700 जो किस्म जंगल है उसे भी बीकेबी कंपनी अवैध खनन कर गायब कर दिया है।

इधर सीओ बुड़ायं सारू ने कहा कि बीकेबी कंपनी से बीते 04/08/2023 को नोटिस जारी कर खनन से संबंधित जमीन की पूरी कागजात आफिस में जमा करने की मांग की गयी थी परंतु अभी तक संतुष्टजनक कोई कागज या जवाब उपलब्ध नहीं कराया गया है। सीओ ने बताया कि हाल सर्वे 1988-89 में खाता संख्या 164 प्लाट संख्या 699 रकबा 8.15 एकड़ और प्लाट संख्या 700 रकबा 2.46 एकड़ जो अनाबाद बिहार सरकार की जमीन है जिसे अवैध कब्जा कर अवैध खनन कर क्षेत्र के लोगों को धूल और बीमारी परोस रहा है, साथ ही सरकारी तंत्र को गुमराह करने और सरकार को राजस्व की क्षति पहुंचाने का कार्य किया गया है। उन्होंने बताया कि बीकेबी कंपनी के द्वारा डुमरपाठ स्कूल से महज 100 से 150 मीटर की दूरी पर अवैध खनन कर विद्यार्थियों को गंभीर बीमारियों की जाल में फंसाने का कार्य किया जा रहा है।

## कुडू में हर्षोल्लास से संपन्न हुई करम पूजा



कुडू/लोहरदगा(आजाद सिपाही)। कुडू में हर साल की भांति इस वर्ष भी काफी हर्ष उल्लास के साथ कर्मा पूजा का समापन किया गया। क्षेत्र के सभी गांव में कर्मा का पूजा किया जाता है। इस वर्ष कर्मा का पूजा सोमवार रात्रि में किया गया। इस दौरान सभी ग्राम के पाहन तथा पंडित पुरोहित के द्वारा कर्म का पूजा किया जाता है। पूजा होने के बाद सभी लोग पारंपरिक गीतों पर ढोल और नगाड़ों के साथ अखरा में रात भर नाच गाना किया। इस दौरान सभी लोगों में एक अलग ही खुशी की नजर देखने को मिला। उसके बाद मंगलवार को सभी गांव के लोग अपनी अपनी नजदीकी तालाबों तथा नदियों में जाकर कर्मा का विसर्जन किया। इस दौरान कुरु में जामुन टोली अखरा तथा पिपरा टोली कुंडो अखरा से बाजे गाजे ढोल नगाड़े के साथ थिरकते नजर आये।

## खड़े कंटेनर से टकराई बाइक, युवक की मौत

कुडू - लोहरदगा (आजाद सिपाही)। कुडू लोहरदगा मुख्य पथ एनएच 143 ए कुडू स्थित बीएसएनल टावर के बाहर खड़े एक ट्रक से बाइक सवार टकरा गया। दुर्घटना में युवक की मौके पर ही मौत हो गयी। घटना सोमवार की रात करीब 7 :10 बजे की है। मृतक की पहचान कुडू थाना क्षेत्र के सुकुमार नगड़ा टांड निवासी काशिम अंसारी का पुत्र जाफरान अंसारी उम्र करीब 19 वर्ष के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार जाफरान कुडू में गेट ग्रिल का काम करता था। और कुडू से दवा लेकर अपनी हीरो स्प्लेंडर प्लस से जेएच08एफ - 7797 से वापस घर जा रहा था। तभी कुडू बीएसएनएल टावर के बाहर खड़े ट्रक से जा टकराया। दुर्घटना में घायल युवक को स्थानीय लोगों ने आनंन फानन में कुडू अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अंदाजा लगाया जा रहा है कि बारिश और उक्त स्थान पर रोशनी कम होने के कारण युवक को ट्रक के खड़े होने का पता नहीं चला और वह ट्रक के पीछे जा टकराया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## भाई बहन के प्रेम का प्रतीक करम पूजा हर्षोल्लास से संपन्न

सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र में हर्षोल्लाष के साथ शांतिपूर्वक सम्पन्न हुआ। सोमवार को भाद्रपद एकादशी के दिन बहनों ने दिन भर का उपवास रख संध्या में पहान पुजार के द्वारा ढोल नगाड़े मांदर के थाप पर गीत संगीत के साथ नाचते थिरकते हुए करम डाली काट कर लाने के उपरांत अपने अपने घरों के आंगन और अखड़ा में करम डाली को गाड़ कर अपने कर्म और भाई का धर्म के लिये पुरोहित व पहान पुजार के द्वारा करमा पूजन कराया गया। साथ ही पूजा के दौरान करमदेव और धरमदेव का कहानी विस्तार से सभी को सुनाया गया.पुरोहितों ने बताया कि भाद्रपद मास के एकादशी तिथि को उपवास करने मात्र से सभी का कष्ट दूर होता है. करमा पर्व का महत्व प्राचीनतम है। लड़कियों द्वारा करम पूजा करने के पश्चात मंगलवार को सुबह में नदी तलाब में करम डाली को विधिवत विसर्जन कर दिया गया। साथ ही आदिवासी रीति रिवाज परम्परा के अनुसार डंडा कटा करने के पश्चात सभी किसान अपने अपने खेतों में अच्छी फसल के लिये केदवाड़ी डाली गड़ा गया तथा दोपहर में आदिवासी समुदाय के द्वारा ढोल नगाड़े व मांदर के थाप पर झूमते नाचते गाते हुए अपने अपने क्षेत्र के नदी तलाब में करमा डाली का विषर्जन किया गया। करमा पर्व के अवसर पर प्रखंड और थाना पशासन के द्वारा सुरक्षा व्यवस्था पर कड़ी निगरानी रखी गयी थी।

## बालूमाथ,बरियातू हेरहंज प्रखंडों के 1746 ग्रिन राशन कार्डधारियों को मार्च से राशन नहीं मिला

बालूमाथ/बारियातू (आजाद सिपाही)। एकीकृत प्रखंड बालूमाथ, बारियातू और हेरहंज प्रखंडो के लगभग 1746 ग्रिन कार्ड धारियों को मार्च से अब तक राशन नहीं मिलने से प्रमुख त्योहार प्रकृति पर्व करमा फिका रहा। कार्डधारियों ने बताया कि हमलोगों का ग्रिन कार्ड है, जिसमें पांच से सात परिवार का नाम अंकित है जो मार्च से सितंबर तक लगातार सात महिना से जनवितरण प्रणाली दुकान के द्वारा राशन नहीं दिया गया है। कार्ड धारियों ने उपायुक्त हिमांशु मोहन से अविलंब बाकि सभी सात माह का राशन उपलब्ध कराने की मांग किया है। डीलरों से इस संबंध में बात करने पर बताया कि झारखंड सरकार द्वारा पुर्व में ही सभी डीलरों के पास राशन उपलब्ध करा दिया गया है पर टेक्निकल प्रॉब्लम्स के कारण ईपोश मशीन मार्च माह से नहीं खुल पा रहा जिस कारण राशन बांटने से असमर्थ हूँ। अगर सरकार मेनुअल तरिके से हम डीलरों को राशन बांटने की अनुमति मिली होती तो आज सभी कार्डधारीयों के बीच राशन वितरण कर दिये होते।

## जोरी गांव में प्रकृति पर्व करम पर दिखी गंगा जमुनी तहजीब



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। सदर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत जोरी में पूर्व से चला आ रहा आपसी सौहार्द और गंगा जमुनी तहजीब आदिवासी भाई बहनों का प्रकृति पर्व के पावन अवसर पर दिखाई दिया, अनेकता में एकता का संदेश। यहां पर बता दें कि जोरी ग्राम के मुस्लिम समुदाय के लोगों ने एकजुटता का परिचय देते हुए प्रकृति का पर्व करमा के शुभ अवसर पर आदिवासी समुदाय के लोगों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया और त्योहार की शुभकामनाएं दी। इस दौरान सदर थाना प्रभारी अनिल उरांव, ग्राम पंचायत जोरी के मुखिया राजू उरांव झामुमो युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सह सदर प्रखंड 20 सूत्री सदस्य अख्तर अंसारी की मौजूदगी में दोनों समुदाय के लोग कर्मा पुजा के उपलक्ष्य पर गंगा जमुनी तहजीब को बढ़ावा देने और आपसी सौहार्द कायम रखने का संकल्प लिया।

## कैरो प्रखंड क्षेत्र मे भाई-बहन और प्रकृति का पावन पर्व करम हर्षोल्लास के साथ संपन्न



कैरो (लोहरदगा)(आजाद सिपाही)। प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत प्रकृति का पावन पर्व व भाई-बहन के अटूट प्रेम का पर्व करमा हर्षोल्लास के साथ शांति पुर्वक प्रखंड क्षेत्र के गाँवो मे 26 सितंबर मंगलवार को संपन्न हो गया। इस अवसर पर प्रखंड क्षेत्र के पंचायत हनहट, सढाबे, कैरो, गजनी, नरौली और गुड़ि के विभिन्न गाँवो मे 25 सितंबर सोमवार को संध्या मे गाँव के बीच अखरा मे विधि-विधान पुर्वक गाँव के पहान पुजार व महतो के द्वारा करम-बृक्ष की डाली का पुजा-अर्चना की गयी। इस अवसर पर कैरो प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो, अंचल अधिकारी कमलेश उराँव, कैरो कुडु किस्को अंचल पुलिस निरीक्षक मंटू कुमार, थाना प्रभारी शंखनाथ उराँव, पुलिस अवर निरीक्षक ऋषिकांत कुमार, एएसआई संजय कुमार राय व कैरो थाना बल त्योहार मे शांति व्यवस्था के निमित मुश्तैदी के साथ बड़ी संख्या मे गणमान्य लोग विसर्जन जुलूस के समय उपस्थित थे।

## रेलवे क्लब में तीन दिवसीय लूडो प्रतियोगिता का हुआ सफल आयोजन

बरवाडीह (आजाद सिपाही)। बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय के रेलवे क्लब सामूदायिक भवन में रविवार से भारतीय लूडो महासंघ लूडो फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान चल रहे तीन दिवसीय छठा नेशनल लूडो चैंपियनशिप का प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबले मंगलवार को रेलवे क्लब में खेला गया। अंडर 14 बालिका वर्ग में पूनम कुमारी (कुचिला)प्रथम, शीला कुमारी सेकेंड, बालक वर्ग में रोहित कुमार प्रथम, विशाल कुमार द्वितीय रहा जबकि अन्य प्रतियोगी में अंजली कुमारी, मनिका कुमारी,विशाल कुमार अंकित कुमार टॉपर रहे। लूडो प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागियों के बीच मुख्य अतिथि यूथ कांग्रेस प्रदेश संयोजक सह खिजरी विधानसभा प्रभारी विजय बहादुर सिंह ने बारी-बारी से विजय प्रतिभागियों के बीच पुरस्कार वितरण किया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में लूडो महासंघ के राज्य स्तरीय रेफरी अशफाक अहमद मुन्ना रेलवे क्लब के सचिव रंजीत कुमार सिंह राणा, प्रेम कुमार अधूरा, उप मुखिया काजमी अनवर, सुनील सिंह, सुजीत गुप्ता, लक्ष्मण सिंह समेत कई लोग उपस्थित थे।

## नये अंचल अधिकारी संतोष बैठा को गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया



महुआडाड़ (आजाद सिपाही)। झारखंड मुक्ति मोर्चा के युवा ज़िला सचिव परवेज आलम के नेतृत्व में युवा कमिटी महुआडाड़ के द्वारा महुआडाड़ के नए अंचल अधिकारी को बुके देकर स्वागत किया गया। और अंचल अधिकारी ने भी छेत्र के बारे में जानकारी ली छेत्र की हर समस्या का समाधान किया जायेगा। मौके पर युवा प्रखंड अध्यक्ष सैफ अली, प्रखंड सचिव नवीन प्रकाश तिर्की, युवा उपाध्यक्ष मेहंदी हसन, कोषाध्यक्ष अरसद अंसारी मौजूद थे।

### संयुक्त सचिव ग्रामीण विकास विभाग, भारत सरकार, करमा जिंपा भूटिया की अध्यक्षता में

# संकल्प सप्ताह के सफल क्रियान्वयन को लेकर ऑनलाइन बैठक आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार संयुक्त सचिव ग्रामीण विकास विभाग, भारत सरकार, करमा जिंपा भूटिया की अध्यक्षता में संकल्प सप्ताह के सफल क्रियान्वयन को लेकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक आयोजित की गयी है।

संयुक्त सचिव द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि माननीय प्रधानमंत्री के द्वारा 30 सितंबर को आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम सह संकल्प सप्ताह का शुभारंभ दिल्ली में किया जायेगा।

सभी आकांक्षी प्रखंडो में 3 अक्टूबर से 9 अक्टूबर तक संकल्प सप्ताह का आयोजन किया जायेगा। उन्होने कहा कि आकांक्षी प्रखंडो में जो पांच इंडिकेटर ग्रुप रखे गये हैं उनमें हेल्थ एंड न्यूट्रिशन, शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, सामाजिक विकास, मूलभूत सुविधाओं को शामिल किया गया है।

दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए चयनित जिला और प्रखंड स्तर से एकझएक अधिकारी और एक जनप्रतिनिधि नामित किया गया है। इस अवसर पर जिला योजना पदाधिकारी ने बताया कि नीति आयोग द्वारा चयनित आकांक्षी प्रखण्ड अंतर्गत महुआडांड़ प्रखंड में संकल्प सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। संकल्प सप्ताह में स्वास्थ्य, आजीविका, स्वच्छता, कृषि, शिक्षा आदि से संबंधित कार्यक्रम और गतिविधियां आयोजित की जायेगी। बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपायुक्त हिमांशु मोहन, सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी रेणु रवि, जिला शिक्षा अधीक्षक कविता खलखो, जिला कृषि पदाधिकारी अमृतेश सिंह, जिला पशुपालन पदाधिकारी देवनाथ कुमार चौरसिया, जिला योजना पदाधिकारी संतोष भगत, प्रखंड विकास पदाधिकारी महुआडांड़, अन्य संबंधित पदाधिकारी आदि जुड़े थे।

# मनरेगा मजदूरों से जालसाजी कर वृद्धा पेंशन डकार जा रहे हैं बिचौलिए, प्रशासन को भी दे रहे हैं चकमा

आजाद सिपाही संवाददाता

**गारू।** प्रखंड से मनरेगा के नाम पर बृद्धा पेंशन की राशि में गड़बड़ी करने का मामला सामने आया है। दरअसल गारू प्रखंड क्षेत्र के रुद पंचायत अंतर्गत बारीबांध, दाढ़ीछापर गांव में मनरेगा राशि निकालने के नाम पर आदिम जनजाति महिला के खाते से बृद्धा पेंशन की राशि भी निकासी कर ली गयी है। बिचौलियों की मनमानी का आलम यह है कि एक दो माह नही बल्कि सालभर का वृद्धा



पेंशन की राशि निकासी कर ली गयी है। भुक्तभोगी महिला तारामुनि देवी पति मिठला ब्रिजिया ने बताया कि इस बात की जानकारी खाता जांच करवाने के बाद पता चला है। उन्होंने बताया कि कई बार खाता जांच करवाने के बाद भी वृद्धा पेंशन की राशि नही आयी है। महिला ने आरोप लगाया है कि कबरी निवासी अभिमन्यु सिंह (बिलटू) के द्वारा मनरेगा में मजदूरी के लिए जॉब कार्ड बनाने के नाम पर आधार कार्ड वगरैह मांगा गया था। उसके बाद फिनो बैंक में खाता खुलवा दिया गया। और उसका पासबुक, एटीएम वह अपने पास ही रख लिया। उसके बाद से ही लगातार वृद्धा पेंशन की राशि का गबन किया जा रहा है। महिला ने बताया कि मुझे वृद्धा पेंशन की राशि हाल के दिनों में 4000 हजार रु दिया गया है। जबकि साल भर का वृद्धा पेंशन की राशि कही ज्यादा होती है। इधर बारीबांध और दाढ़ी छापर गांव के ग्राम प्रधान ने भी पूरे मामले पर गंभीरता दिखाते हुए इस पर काफी चिंता का विषय बताते हुए प्रखंड प्रशासन और जिला प्रशासन से ऐसे मामलों में संलिप्त मनरेगा बिचौलियों पर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

## पीएम रोजगार सृजन कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा हुई



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) 2023-24 के प्रगति की समीक्षा समाहरणालय सभागार में की गयी। बैठक में मौजूदा वित्तीय वर्ष में जिला को प्राप्त लक्ष्य, विभिन्न बैंक शाखा में ऑनलाईन अग्रसारित किये गये आवेदन पत्रों, बैंक द्वारा ऑनलाईन ऋण स्वीकृत किये गये लाभुकों की संख्या और अनुदान राशि, बैंक द्वारा ऋण भुगतान किये गये लाभुकों की संख्या व ऋण की राशि, प्रशिक्षित किये गये लाभुकों की संख्या समेत अन्य बिंदुओं की समीक्षा की गयी व आवश्यक निदेश महाप्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र और एलडीएम, लोहरदगा को दिये गये। एलडीएम को प्रत्येक सप्ताह बैंकों में पीएमईजीपी के लंबित आवेदनों की समीक्षा करने और लंबित आवेदनों के निष्पादन में प्रगति नहीं लाने वाले बैंकों के प्रबंधकों के विरूद्ध कार्रवाई हेतु आवश्यक दिये गये।

## आत्मनिर्भर भारत के लिए स्वदेशी जरूरी : शम्मी



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा में स्वदेशी सप्ताह आरंभ हुआ। स्वदेशी सप्ताह पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती, 25 सितंबर से गांधी जयंती 2 अक्टूबर तक विद्यालय में आयोजित है। पहले दिन कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में संघ के विभाग प्रचारक शम्मी कुमार और महाविद्यालय के प्राचार्य उत्तम कुमार मुखर्जी के द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्वदेशी का अर्थ है- 'अपने देश का' अथवा 'अपने देश में निर्मित' हमें अपने दैनिक जीवन में स्वदेशी सामानों का उपयोग करना चाहिए, अगर हमें अपने देश से गरीबी हटानी है तो हमें और सम्पूर्ण भारतीयों को स्वनिर्मित व स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करना होगा। सभी ने स्वदेशी अपनाने का संकल्प लिया।

# पोषण हमारे जीवन में अहम भूमिका निभाता है: सीडीपीओ

**बालूमाथ मे अंचल कार्यालय सभागार बाल विकास परियोजना द्वारा मनाया गया राष्ट्रीय पोषण सप्ताह**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बालूमाथ।** राष्ट्रीय पोषण सप्ताह को लेकर बालूमाथ मे अंचल कार्यालय सभागार मे बाल विकास परियोजना द्वारा मनाया गया राष्ट्रीय पोषण सप्ताह । कार्यक्रम के दौरान कई प्रकार के हरी सब्जियां और खाद्य सामग्रियों से संबंधित पोषण स्टॉल लगा कर बच्चे और अभिभावकों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान बालूमाथ सीओ सब बालूमाथ बाल विकास




परियोजना पदाधिकारी अफताब आलम ने अधिक की संख्या मे उपस्थित आंगनबाड़ी सेविकाओ, सहायीकाओ और अन्य लोगों को जागरूक करते हुए कहा पोषण हमारे जीवन में अहम भूमिका निभाती है। सभी लोगों को कम से कम प्रत्येक दिन पपीता, अमरुद, केला, सेव, हरी सब्जियां और सहजन का सेवन जरूर करना चाहिए, ताकि शरीर को पर्याप्त मात्रा में पोषण मिल सके। संतुलित आहार के माध्यम से वैसे बच्चे और महिलाओं को बीमारियों से बचाया जा सकता है। वहीं बालूमाथ आंगनबाड़ी पर्वेक्षिका कामीनी कुमारी, पर्वेक्षिका विमला कुमार बारियातू अनिता देवी पर्वेक्षिका हेरहंज ने बच्चों के पोषण को लेकर चर्चा करते हुए बच्चों की लंबाई, वजन और पोषण स्तर के बारे मे जानकारी दी। वही इस कार्यक्रम के क्रम में बालूमाथ जनता एचपी गैस, कामदगिरि इंडेन गैस प्रिंस भारत गैस और खाटू श्याम इंडेन गैस के द्वारा सेफ्टी क्लिनिक का आयोजन किया गया। इसके बाद आंगनबाड़ी सेविकाओ सहायीकाओ के द्वारा पोषण जागरूकता रैली भी निकालें गये। मौके पर बालूमाथ, हेरहंज बारियातु प्रखंडो की सभी 218 आंगनबाड़ी केंद्रो के सेविकाऐ और सहायिकाऐ सहित छोटे बच्चे, गर्भधात्री और धात्री महिलाएं उपस्थित थे।

## युवती घर से हुई लापता, परिजनों ने युवक पर अपहरण का मामला किस्को थाना में कराया दर्ज

किस्को/लोहरदगा (आजाद सिपाही)। जिले के किस्को थाना क्षेत्र के एक गांव से युवती को अपहरण कर भागने का आरोप लगाते हुए परिजनों द्वारा थाना में शिकायत की गयी। जिसमें थाना क्षेत्र के परहेपाट जनवल निवासी प्रयाग साहू पिता बालक साहू पर अपहरण का आरोप लगाया गया। वहीं लिखित शिकायत में कहा गया है कि बीते 22 सितंबर की रात में परिवार के सभी सदस्य सोए हुए थे और युवती अन्य कमरे में सोई हुई थी, जब 23 सितंबर को सुबह देर तक नहीं उठने पर कमरा देखा गया तो युवती गायब मिली। जिसके बाद खोजबीन की गयी तो युवती का कोई पता नहीं चला। इसके बाद 24 सितंबर को परिवार वालों ने प्रयाग साहू पर अपहरण कर भागने का आरोप लगाते हुए लिखित शिकायत की। जिसके आधार पर किस्को थाना प्रभारी पोलीकार्प टोप्पो ने दिनांक 25 सितंबर 2023 कांड संख्या 30/23 धारा 365 के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुटी गयी है।

## महुआंडाड़ डिपाटोली में हुआ केनरा बैंक का उद्घाटन, साथ ही खाता खुलना हुआ प्रारंभ



महुआंडाड़ (आजाद सिपाही)। महुआंडाड़ डिपाटोली में बुधवार को केनरा बैंक का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी अमरेन डांग, महुआंडाड़ थाना प्रभारी आषुतोष यादव, जेनरल हेड मनोज कुमार,संजय कुमार फादर दिलीप के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काट कर किया गया। मौके पर जेनरल हेड मनोज कुमार,ने कहा कि हमारी सबसे पहली प्राथमिकता ग्राहकों को हर संभव बेहतर रुप से से सर्विस देना है। हमारा बैंक ग्राहकों के सहयोग से ही चलेगा। उद्घाटन के उपरांत से ही केनरा बैंक का खाता खोलना प्रारंभ कर दी गया है। ज्ञात हो कि महुआंडाड़ में सिर्फ दो बैंक भारतीय स्टेट बैंक व ग्रामीण बैंक पहले से मौजूद है तीसरा बैंक खुल जाने से लोगों को और सुविधाएं मिलेंगी। मौके पर फादर रोशन, ग्राम प्रधान सुमन एक्का, सुहैल अख़्तर, मनीष सिंह, राकेश, संतोष, वसीम, अजय प्रसाद समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## टेमराबर निवासी रामधारी शुक्ला के निधन पर शोक की लहर



बालूमाथ (आजाद सिपाही)। बालूमाथ प्रखंड के टेमराबर निवासी व मुख्यालय की दिवाकर नगर स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय के पूर्व प्रधानाध्यापक रामधारी शुक्ला का आज सुबह रांची स्थित ओर्कीड अस्पताल में इलाज के दौरान हो गयी वे करीब 75 वर्ष के थे। रामधारी शुक्ला अपने दो पुत्रों के साथ भरा पूरा परिवार छोड़कर गए हैं। उनके निधन पर बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय समेत ग्रामीण क्षेत्र के सामाजिक और राजनीतिक दल के लोगों ने गहरी शोक संवेदना प्रकट की है जिनका अंतिम संस्कार आज मंगलवार को बालूमाथ रेलवे ओवरब्रिज के समीप मुक्तिधाम में की गयी।

## बालिका वर्ग में मोरवाई की टीम ने मुरु को दो गोल से हराया



बरवाडीह (आजाद सिपाही)। बरवाडीह प्रखंड के मुरु स्थित खेल मैदान में नेशनल फुटबॉल क्लब मुरु के द्वारा आयोजित वार्षिक बालक, बालिका वर्ग का फुटबॉल टूनार्मेंट आयोजन किया गया। टूर्नामेंट मैच का उद्घाटन उकामाड़ पंचायत के मुखिया पूनम देवी, जिप सदस्य कन्हाई सिंह, ग्राम प्रधान राम बृक्ष सिंह, पूर्व मुखिया देवनाथ सिंह पंचायत समिति सदस्य घनश्याम राम, भाजपा नेता दिलीप पासवान, रामरती सिंह ने सयुंक्त रूप से फीता काटकर और किक मारकर किया। पेनाल्टी से मोरवाई की टीम ने दो गोल से मुरु को हराया। वही बालक की टीम छेन्चा पंचायत के चपरी फुटबॉल टीम और लातेहार के पतकी के बीच खेला गया। जिसमें चपरी फुटबॉल टीम नेअच्छा प्रदर्शन करते हुए पतकी को एक गोल से हराया।

## किस्को प्रखंड क्षेत्र में प्रकृति पर्व करम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



किस्को/लोहरदगा (आजाद सिपाही)। जिले के किस्को प्रखंड क्षेत्र में प्रकृति पर्व कर्मा काफी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान किस्को प्रखंड क्षेत्रवासी करमा पर्व के उपलक्ष्य पर मांदर और नगाड़ा के थाप पर थिरकते नजर आये। बता दें कि भाई बहन का अटूट प्यार का पर्व करमा को लेकर आदिवासी समुदाय के लोगों में खासा उत्साह देखने के लिए मिला। इस दौरान प्रखंड क्षेत्र के सभी अखाड़ा और गांव टोला मुहल्ला में करमा पूजा बहनों के द्वारा अपने भाइयों के विश्वास को प्रगाढ़ बनाने हेतु की और क्षेत्र की सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मालूम हो कि करमा पर्व को शांतिपूर्ण और आपसी भाईचारा के साथ मनाये जाने व क्षेत्र में गंगा जमुनी तहजीब को बरकरार रखे जाने हेतु सभी समुदाय के लोग शामिल होकर करमा पर्व को ऐतिहासिक बनाने का सराहनीय कार्य कर दिखाया। इस दौरान करमा पर्व के अवसर पर सभी के घरों में विशेष पाकवान तैयार किया गया था जिसका लोगों ने मिलजुलकर आनंद उठाया।

**कार्यक्रम : आजसू पार्टी ने चैनपुर में गुमला विधानसभा स्तरीय सम्मेलन का किया आयोजन, पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो ने कहा**

# राज्य का हर व्यक्ति सरकार की कार्य प्रणाली से दुखी है

**बोनी फास कुजूर के नेतृत्व में सैकड़ों जनप्रतिनिधियों ने पार्टी का दामन थामा**

आजाद सिपाही संवाददाता





**गुमला।** राज्य का हर व्यक्ति आज राज्य सरकार की कार्य प्रणाली से दुःखी है। सरकार के काम करने के गलत तरीके के कारण राज्य की तरक्की की रफ्तार एकदम रुक सी गई है। यह कहना है आजसू पार्टी के सुप्रीमो सुदेश महतो का। वे मंगलवार को गुमला के चैनपुर में गुमला विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आगे कहा कि आज जनप्रतिनिधियों की बात भी सरकार नहीं सुन रही है। जिसके कारण पंचायत, गांव, कस्बों का भी विकास थम गया है। लोग जाति, आय, आवासीय प्रमाण पत्र बनाने के लिए भटक रहे हैं। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज राज्य पलायन का दंश झेल रहा है। लगभग हर घर का बच्चा कमाने के लिए दूसरे राज्य में है। पलायन शौक नहीं मजबूरी है। पलायन को रोकने के लिए सबसे पहले हमें शिक्षा व्यवस्था को मजबूत कर गांव और कस्बों से शिक्षा के अभाव को दूर करना होगा। शिक्षा प्रणाली को मजबूत करने की जगह इस सरकार ने विद्यालयों को खिचड़ी और पास स्कूल बना कर रख दिया है। जहां बच्चे पढ़े या नहीं उन्हें पास कर दिया जा रहा जिससे आने वाली पीढ़ी के भविष्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। आज कई ऐसे विद्यालय हैं जो सिर्फ एक पारा शिक्षक के भरोसे चल रहे हैं। में बोनी फास कुजूर के नेतृत्व में सैकड़ों जनप्रतिनिधियों ने पार्टी की सदस्यता भी ग्रहण की।

### रायडीह में छात्रों के बीच किया सर्टिफिकेट वितरण

अपने एक दिवसीय गुमला दौरे के दौरान सुदेश कुमार महतो ने रायडीह प्रखंड स्थित श्रीधर ज्ञान संस्थान द्वारा आयोजित कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में शामिल होकर छात्रों के बीच प्रमाण पत्र का वितरण किया और सभी छात्र-छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की कामनाएं की। मौके पर उन्होंने कहा कि कौशल युक्त युवा ही देश के सुनहरे भविष्य के सूत्रधार हैं। आप सभी अपने हुनर और कौशल से ही वर्तमान समय की प्रतिस्पर्धा में औरों से अलग पहचान बना कर अपने काम से अपने और अपने राज्य की बेहतरी के लिए काम कर सकते हैं।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### चैनपुर मुख्यालय सहित प्रखंड क्षेत्र के गांवों में धूमधाम से मनाया गया करम पर्व



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर मुख्यालय एवं प्रखंड क्षेत्र के गांव में प्राकृतिक पर्व करम सोमवार को धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। देर रात तक जगह-जगह पर सामूहिक पूजा का सिलसिला चलता रहा। बहनें निर्जला उपवास रखकर पारंपरिक परिधान के साथ हाथों में पूजा की थाली लेकर करम डाल की पूजा करने शाम होते ही पहुंचने लगीं और अपने भाइयों की लंबी दीघार्यु की कामना की। करम डाली के समीप बैठकर बहनों ने करमा व धरमा दो भाइयों की कहानी सुनी। विधि विधान के साथ करम डाली की पूजा की। पूजा संपन्न होने के बाद रात भर करम डाली के समीप नाच-गान का दौर चला। इस दौरान करम पूजा से जुड़े गीत गाये गये।

### बसिया प्रखंड में बाल विकास परियोजना कार्यालय ने पोषण प्रदर्शनी लगायी



**बसिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड परिसर बसिया में बाल विकास परियोजना कार्यालय द्वारा पोषण प्रदर्शनी लगायी गयी। कार्यक्रम में उपस्थित बीडीओ-सीओ सह सीडीपीओ रविन्द्र कुमार पांडेय ने पोषण के प्रति जागरूक करते हुए सभी आंगनबाड़ी सेविकाओं को किचन गार्डन लगाने, सर्वसुलभ पोषण तत्व का उपयोग करने की बात कही। उन्होंने कहा कि आज के समय में आंगनबाड़ी सेविकाएं ही सही मायने में जनकल्याण के कार्यों में लगी हुई हैं। समाजसेवी निकोलस सुरीन ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। मंच संचालन सुपरवाइजर डेजी कुजुर के द्वारा किया गया।डेजी कुजुर द्वारा पोषण माह, पोषण प्रदर्शनी एवं बाल विकास परियोजना कार्यालय द्वारा संचालित योजना के सम्बंध में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की गयी। पोषण प्रदर्शनी को पूरे प्रखंड में पांच सेक्टरों में विभाजित किया गया और उसका निरीक्षण तीन सदस्यीय टीम जिसमे पूर्व पंचायत समिति सदस्य सह बीस सूत्री सदस्य मुंतजीर खान, समाजसेवी निकोलस सुरीन एवं पत्रकार हिमांशु रंजन शामिल थे द्वारा किया गया और अच्छे पोषण प्रदर्शनी करने वाले सेक्टरों को अतिथियो द्वारा सम्मानित कर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुपरवाइजर सलोमी तिग्गा, सभी आंगनबाड़ी सेविका उपस्थित थे।

### पालकोट में साहू इंडेन गैस की ओर से आंगनबाड़ी सेविकाओं को दी गयी सुरक्षा की जानकारी



**पालकोट (आजाद सिपाही)।** मंगलवार को आंगनबाड़ी केंद्र पालकोट में साहू इंडेन गैस की ओर से अशोक साहू ने कैसे अपने गैस के रख रखाव, इस्तेमाल और सुरक्षा के बारे पालकोट प्रखंड के सभी आंगनबाड़ी सेविकाओं को विस्तृत जानकारी दी गई। मौके में उपस्थित पालकोट बीडीओ मनीष कुमार अशोक साहू और महिला पर्यवेक्षक किरण देवी के अलावे ब्लॉक के कर्मी उपस्थित थे।

### अखिल भारतीय प्रज्ञा केंद्र संचालक संघ की बैठक में नयी कमेटी का हुआ गठन

**गुमला (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय प्रज्ञा केंद्र संचालक संघ की झारखंड प्रदेश समिति का गठन गुमला में लोकतांत्रिक तरीके से किया गया। यह कार्यक्रम होटल नीलेश में आयोजित किया गया। इसमें झारखंड राज्य के दर्जन भर जिलों के सैकड़ों प्रज्ञा केंद्र संचालक, जिला अध्यक्ष और पदाधिकारी शामिल हुए। चुनावी प्रक्रिया मतदान से संपन्न हुई और सर्वसम्मति से नये पदाधिकारियों का चुनाव हुआ। जिसमें अध्यक्ष अमरनाथ गुप्ता, महासचिव कुणाल भगत, कार्यकारी कोषाध्यक्ष रजनीश कुमार वैभव, उपाध्यक्ष संजीत जयसवाल, उपसचिव कपिलदेव शुक्ला का चयन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदीप कुमार, सचिन कश्यप, बालमोहन साहू, संजय जायसवाल, पंकज गुप्ता, यूसुफ अंसारी, रोशन नाग, बंगी मल्लाह, मालती उरांव, भारत सिंह, अमित कुमार, प्रभु कश्यप आदि की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन संतोष त्रिपाठी और धन्यवाद ज्ञापन संगीता मिंज ने किया।

### कई छात्रावासों और अन्य स्थानों पर धूमधाम से मनाया गया करम पर्व



**गुमला (आजाद सिपाही)।** प्रकृति का महापर्व करम पूजा गुमला के एसएस बालक छात्रावास, मेन हॉस्टल श्रीकृष्ण छात्रावास, शबरी आश्रम, वाल्मीकि छात्रावास, सरना छात्रावास सहित शहर के विभिन्न स्थानों में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर आदिवासी समुदाय ने पारंपरिक रीति रिवाज और वेशभूषा में पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की खुशी व समृद्धि की कामना की। इसके बाद देर रात तक लोगों ने नाच-गान किया। इसके अलावा कई स्थानों पर रंगारंग कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। कई समितियों ने पूर्व से ही कार्यक्रम को लेकर तैयारी की थी। वहीं श्रीकृष्ण छात्रावास में कांग्रेस के जिला अध्यक्ष चैतू उरांव को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। जहां पूजा में शामिल होकर और ढोल-नगाड़े के साथ नाच गान भी किया। इस अवसर पर रामनिवास प्रसाद, फिरोज आलम, राजू महतो, मुख्तार आलम, शाहिद वारसी, तरुण कुमार सहित काफी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### दुर्गा पूजा को लेकर सड़क की व्यवस्था और बिजली तार को दुरूस्त करने की मांग

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सड़क की व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त करने को लेकर श्री बड़ा दुर्गा मंदिर के सचिव रमेश कुमार चीनी ने उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी को आवेदन दिया है। उक्त आवेदन में दुर्गा पूजा से पूर्व पूजा स्थलों के आसपास के गड्ढों को भरने व पेड़ की टहनियों को काटने की मांग की गई है। रमेश ने आवेदन के माध्यम से उपायुक्त को अवगत कराया है कि दूर्गा पूजा दस दिनों का त्योहार है। इस पर्व को लोग धूमधाम से मनाते हैं। शहरी क्षेत्र में कई स्थानों पर मां दुर्गे की प्रतिमा स्थापित की जाती है। जिनके दर्शन के लिए दूर-दराज से श्रद्धालु आते हैं। लेकिन कई स्थानों की सड़क खराब है। जहां पर मिट्टी भरने की आवश्यकता है। कई पेड़ की टहनी टूटने जैसी है। जिससे कोई बड़ी घटना घटने की संभावना भी होती है। साथ ही बिजली के तार भी झूले हुए हैं। जिससे भी घटना की अंशका बनी रहती है। उक्त सारी चीजों को दुरूस्त करने की मांग की गई है। उपायुक्त ने रमेश कुमार को आश्वस्त करते हुए कहा कि सारी मांगे जायज हैं। पूजा से पूर्व सभी चीजों को दुरूस्त कर दिया जाएगा।

### ग्राम सुधार समिति ने कसीरा गांव में व्याप्त बुराइयों को दूर करने को लेकर रैली निकाली

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर थाना क्षेत्र के कसीरा गांव में ग्राम सुरक्षा सुधार समिति के द्वारा गांव में रैली निकाल गांव में व्याप्त बुराई और कमियों को दूर करने का संकल्प लिया। सोमवार को कसीरा गांव के युवकों ने अखाड़ा में बैठक की और गांव को सुधारने के लिए एकमत होकर रैली निकाली। रैली के माध्यम से लोगों को बताया गया कि गांव में अराजकता के कारण युवा भटक कर गलत रास्ते पर चल रहे हैं। रैली में गांव में जुआ ताश बंद करो बंद करो, गांव में नशाखोरी बंद करो, गांव में पेड़ पौधा काटना बंद करो, आदि नारे लगाए जा रहे थे। इसके अलावा गांव में सालों भर मवेशी को बांध कर रखना या चराने की बात कही गई। जिससे सालों भर किसान खेती-बारी कर सकें। रैली को सफल बनाने में गजेंद्र साहू, गोविंद कुमार, उत्तम कुमार साहू, दयानंद महली, भूषण साहू, बुटना साहू, गंगाधर साहू, सरोज साहू, ताराचंद साहू, गोविंद साहू, सेत साहू सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## भरनो ब्लॉक चौक के समीप आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो का किया गया भव्य स्वागत

**झारखंड आंदोलनकारियों को जिस रूप से सम्मान व सत्कार मिलना चाहिए वो अब तक नहीं हो पाया है : सुदेश महतो**

आजाद सिपाही संवाददाता



**भरनो।** ब्लॉक चौक के समीप मंगलवार को आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो का भव्य स्वागत किया गया। गुमला के चैनपुर में आयोजित आजसू पार्टी का महासम्मेलन में पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो, प्रवक्ता देवशरण भगत सहित पार्टी के नेता शामिल होने के लिए रांची से उनका काफिला सड़क मार्ग से निकला।

इस दौरान भरनो ब्लॉक चौक के समीप सुदेश महतो का भव्य स्वागत आजसू पार्टी प्रखंड अध्यक्ष मंदीप महली की अगुवाई में आजसू कार्यकर्ता, भाजपा कार्यकर्ता, झारखंड आंदोलनकारी सहित आम जनता द्वारा किया गया। जहां सुदेश महतो जिंदाबाद, आजसू पार्टी जिंदाबाद के नारे लगाये गये।

इस मौके पर आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारियों का हम स्वागत व हार्दिक अभिनंदन करते हैं, लम्बे अरसे के बाद इनसे मिलना हुआ है। आंदोलनकारी अपनी व्यथा रखे हैं, लम्बे समय से इस राज्य के लिए संघर्ष करने वाला परिवार आज सड़क पर खड़ा है और इस बात को लेकर चिंतित हैं कि कहीं उन्हें प्रताड़ित न होना पड़े, जेल न जाना पड़े। अभी तक चिन्हितिकरण का काम पूरा नहीं हो पाया है। लोगों को जिस रूप से सम्मान व सत्कार मिलना चाहिए वो अब तक नहीं हो पाया है। इसके बाद आजसू कार्यकर्ता गुमला के लिए निकले।

इस मौके पर आजसू प्रखंड अध्यक्ष मंदीप महली, पिंकी देवी, सांसद प्रतिनिधि रामनन्दन शाही, नेशार खान, भाजपा महामंत्री पीके सिंह ,बिट्टू गुप्ता, शम्भू केशरी, शिवचरण बारला, सीता देवी, मुरली राम, पंचस बड़ा, लखेश्वर सिंह, सत्यनाथ महली, साजु केशरी, मुनुवा केशरी, मसही प्रकाश बड़ा सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## सरस्वती विद्या मंदिर में स्वदेशी सप्ताह का शुभारंभ

**हमें सजग रहकर अपने देश की बनी वस्तु का अधिक से अधिक उपयोग करना चाहिए : प्राचार्य**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** विद्या भारती योजना के अनुसार सरस्वती विद्या मंदिर गुमला में स्वदेशी सप्ताह का आरंभ हुआ। जो 2 अक्टूबर तक प्रतिदिन भैया बहनों में अपने स्वदेशी वस्तुओं के प्रति जागरूकता से भरे विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से संचालित होगा। यह सप्ताह भारतीय राष्ट्रवादी परंपरा के नायक पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जन्म से भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के अग्रदूत महात्मा गांधी के जन्म दिवस तक प्रतिवर्ष संचालित होता है। कार्यक्रम का आरंभ वंदना सभा से हुई। कार्यक्रम प्रमुख संगीता कुमारी ने स्वदेशी सप्ताह का उद्घाटन करते हुए उपस्थित भैया बहनों से स्वदेशी वस्तुओं के प्रति जागरूकता पैदा करने का आह्वान किया।

प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिन्हा ने अपने उद्बोधन ने कहा कि आज वैश्विक परिदृश्य बदल चुका है, अब आक्रमणकारी आपके मंदिरों और घरों पर हमला नहीं करते हैं अपितु वे आपके बाजार को अपने छाये में लेकर देश की अर्थव्यवस्था को तबाह करने की कोशिश करते हैं। इसलिए ऐसी स्थिति में हमें सजग रहकर अपने देश की बनी वस्तु का अधिक से अधिक उपयोग करना चाहिए।

विद्यालय की बहनों द्वारा स्वदेश प्रेम पर भाषण तथा कविता पाठ किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी आचार्य एवं दीदी जी की उपस्थिति रही।

### मिशन बदलाव के सहयोग से मिला बच्चे को जीवनदान

**गुमला (आजाद सिपाही)।** मिशन बदलाव के जिला सचिव सैयदा खातुन और सक्रिय सदस्य अमित कुमार ने बताया कि लोदाम निवासी 7 वर्षीय शिवराज बड़ाइक पिता राजेश बड़ाइक, माता सीमा देवी के पुत्र का हीमोग्लॉबिन 4 ग्राम था और वह सदर अस्पताल से घर जा रहा था। ब्लड बैंक में भी बच्चे के ग्रुप का खून उपलब्ध नहीं था। इतने में सीमा देवी, सैयदा खातून को देखा और हाथ पकड़ कर मदद की गुहार लगाई। कहा मेरी मदद आपने पहले भी की है आज भी आपकी मदद की आवश्यकता है। इसके बाद सैयदा ने मिशन बदलाव सदस्य और अमित कुमार से बात की। उन्होंने तुरंत इस बात को गंभीरता से लेते हुए शिवराज बड़ाइक को जीवन दान देने चले आए। मिशन बदलाव के सदस्य अमित कुमार ने खून देकर बच्चे की जान बचाई।

### दो बाइकों की टक्कर में तीन युवक घायल

**सिसई (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के कोड़ेदाग स्कूल मोड़ के समीप सोमवार को दो बाईक की सीधी टक्कर में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को स्थानीय लोगों ने रेफरल अस्पताल सिसई भेजवाया जहां तीनों का इलाज चल रहा है। घायलों में लकेया निवासी सोमरा उरांव का पुत्र बजरंग उरांव (18), रायडीह निवासी स्व. धनंजय सिंह का पुत्र मनु सिंह (20) और रायडीह का कृष्ण शामिल हैं। मनु की गंभीर स्थिति देख डॉक्टर ने उसे रिम्स रेफर कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सिसई की ओर से चार युवक नं. बाइक नं. जेएच 07के5405 में तेज रफ्तार से पुसो की ओर जा रहे थे, इसी बीच में विपरीत दिशा से बाइक नं. जेएच 01डीजेड 9984 में तीन युवक तेज रफ्तार से सिसई की ओर आ रहे थे। इसी क्रम में कोड़ेदाग स्कूल के समीप तीखा मोड़ में दोनों बाइकों के बीच जोरदार टक्कर हो गई। वहीं चार युवक मौके से फरार हो गए। सभी युवक नशे में थे। किसी ने हेलमेट नहीं पहन रखा था।

**प्रेस कांफ्रेंस : भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री ने महिला आरक्षण विधेयक पर किया प्रेस को संबोधित**

## यह विधेयक 27 वर्षों से चली आ रही विधायी बहस का समापन है : आशा लकड़ा

**हमें झारखंड में महिलाओं के साथ हो रही घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए नीति व रणनीति के साथ आगे बढ़ने की आवश्यकता है**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गुमला।** परिसदन भवन गुमला में भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय मंत्री आशा लकड़ा ने महिला आरक्षण विधेयक पर प्रेस वार्ता को संबोधित किया। उन्होंने कहा यह कानून 20 सितंबर 2023 को संसद के विशेष सत्र के दौरान लोकसभा व राज्यसभा में सर्वसम्मति से पारित किया गया।

यह कानून लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं को 33% सीटें आवंटित करने का प्रावधान करता है। यह विधेयक 27 वर्षों से चली आ रही विधायी बहस का समापन है। कांग्रेस के पास न तो नीति थी और न ही नियत व नेतृत्व, जबकि भाजपा के पास नीयत भी है और नीति भी। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैसा नेतृत्व भी। प्रधानमंत्री ने इस विधेयक के माध्यम से महिलाओं को सम्मान व अधिकार देने का काम किया है। वे महिलाओं के नेतृत्व में विकसित व भारत की परिकल्पना को साकार करने की नई सोच के साथ आगे बढ़ रहे हैं। जहां वर्तमान में महिला सांसद संख्या मात्र 81 है, अब महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से पारित बिल नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित होने पर यह संख्या 182 हो जाएगी। उन्होंने कहा हमें झारखंड में महिलाओं, युवतियों, लड़कियों व नाबालिग बच्चियों के साथ हो रही घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए नीति व रणनीति के साथ आगे बढ़ने की आवश्यकता है। झारखंड में हेमंत सोरेन की सरकार न सिर्फ भ्रष्टाचार में डूबी है, बल्कि कानून व्यवस्था में भी दम तोड़ रही है। महिलाओं और लड़कियों के साथ दुष्कर्म, अपहरण, छेड़खानी, दहेज को लेकर हत्या और दहेज को लेकर प्रताड़ित करने की घटनाएं दिनों दिन बढ़ती जा रही हैं।

उन्होंने कहा 2020 में-1792, 2021 में 1617 और 2022 में 1612 महिलाएं लड़कियां दुष्कर्म की शिकार हुई हैं। उन्होंने कहा हेमन्त सोरेन की सरकार को मां-बहनें, बेटी व बहुओं की चिंता नहीं है। राज्य सरकार महिलाओं को साड़ी बांटने में व्यस्त है, अब समय आ गया है महिलाओं की आत्मरक्षा की।

हमें संगठित होकर महिलाओं के खिलाफ हो रहे अत्याचार का न सिर्फ विरोध करना होगा, बल्कि कानून के दायरे में रहकर इस प्रकार के असामाजिक तत्वों का सामना करना होगा।

## चैनपुर ब्लॉक परिसर में पोषण माह मनाया गया

**कार्यक्रम में पोषण आहार की प्रदर्शनी भी लगायी गयी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**चैनपुर।** चैनपुर ब्लॉक परिसर में पोषण अभियान के तहत पोषण माह मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुवात बीडीओ डॉ शिशिर कुमार सिंह एवं बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सुधा सिन्हा के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। कार्यक्रम में पोषण आहार की प्रदर्शनी स्टॉल लगा कर की गयी थी। साथ ही साथ कई बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार भी कराया गया।

मौके पर मौजूद डॉ शिशिर कुमार सिंह ने कहा कि चैनपुर में तीस आंगनबाड़ी केंद्रों को मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र बनाना है। उन्होंने विशेष रूप से सभी आंगनबाड़ी सेविकाओं की मेहनत की सराहना की और कहा कि एक बच्चे की सर्वांगीण विकास में इनका काफी योगदान रहता है।

वहीं बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सुधा सिन्हा ने इस अभियान के महत्व को बतलाते हुए कहा कि यह अभियान गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं व किशोर लड़कियों और 6 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए व्यापक तौर पर पोषण संबंधी परिणाम को आगे बढ़ाने में सहायक रहा है। आगे उन्होंने बताया कि एक महीने तक चलने वाले इस कार्यक्रम में विशेष रूप से स्तनपान, एनीमिया और पूरक आहार पर विशेष रूप से जोर दिया जाता है।

वहीं जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा ने कहा कि एक बच्चे की प्रथम पाठशाला उसका घर और प्रथम गुरु उसकी माता होती है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बाल विकास पर्यवेक्षिका कावेरी गुप्ता, सेविका ममता कुमारी, शबाना प्रवीण, निलिना टोप्पो सहित कई सेविका और सहायिका मौजूद थे।

## कुपोषण के स्तर में सुधार ही कार्यक्रम का उद्देश्य : सुमित्रा

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा अभियान के तहत महिला एवं बाल विकास परियोजना कार्यालय में मंगलवार को महिला प्रवेक्षिका सुमित्रा कुमारी के नेतृत्व में पोषण माह का आयोजन किया गया। हरिहरगंज और पीपरा प्रखण्ड के कई आंगनबाड़ी केंद्रों से आयी सेविकाओं ने बाजरा, मकई, मड़ुआ, जुवाड़, कोदो सहित अन्य प्रकार के मोटे अनाजों के बनी खीर, रोटियां, हलवा, इटली, ढोकला, पुआ, घाटा आदि व्यंजन के अलावा हरी साग सब्जियां एवं फलों की प्रदर्शनी लगाई गई। वहीं, महिला पर्यवेक्षिका सुमित्रा कुमारी ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य 0 से 6 वर्ष के बच्चों को कुपोषण से रोकना और बच्चों के कुपोषण लेवल में सुधार करना है। 15-49 वर्ष की महिलाओं-लड़कियों में एनीमिया के प्रसार को रोकना भी है।

## दहशत : मुखिया ने हुसैनाबाद थाना को आवेदन देकर लगायी सुरक्षा की गुहार

# लेवी नहीं देने पर मुखिया के घर के समीप फायरिंग

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** प्रखंड के झारगड़ा ग्राम पंचायत के मुखिया के घर के समीप अज्ञात अपराधियों ने दरवाजे को खुलवाने की कोशिश करते हुए फायरिंग की। साथ ही धमकी देते हुए उत्तर दिशा की ओर भाग गए। मंगलवार की सुबह सड़क पर दो खोखा भी बरामद हुआ, जिसे मुखिया ने पुलिस को सौंप दिया है। मुखिया अशोक चौधरी ने हुसैनाबाद थाना को दिए आवेदन में बताया कि 23 व 25 सितंबर को दिन में किसी ने उसके मोबाइल पर फोन किया। उसने सीधे लेवी की मांग की। साथ ही धमकी भी दी थी कि पैसे नहीं देने पर गंभीर परिणाम भुगतने होंगें। इस बीच सोमवार की रात 10.45 बजे चार अज्ञात व्यक्तियों ने घर पर आकर दरवाजा पीटा उसके बाद शटर पर डंडे मारे। बल्ब फोड़ दिया। उसके बाद गाली गलौज करते हुए दो राउंड हवाई फायर भी की। इसके बाद धमकी देते हुए गांव की उत्तर दिशा की ओर भाग गए। सुबह दरवाजा खोलने पर सड़क से दो खोखा मिला, जिसपर बीएमएम केएफ अंकित है। मुखिया ने पुलिस से दोषी लोगों को चिन्हित कर कार्रवाई करने व जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है। उधर, सूचना मिलने पर प्रभारी थाना प्रभारी सूचित राणा व एसआई शौकत खान दल-बल के साथ घटना स्थल पहुंचे और जांच शुरू कर दी है।

## मृतक की आत्मा की शांति के लिए सेजिया के साथ ही पौधा दान भी जरूरी : कौशल किशोर

**पर्यावरणविद कौशल ने श्राद्धकर्म में शामिल होकर मृतक के नाम किया पौधरोपण**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** शहर के बाइपास रोड स्थित गायत्री नगर एकता पथ में राजद नेता रामनाथ चंद्रवंशी के रिश्तेदार सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक ललिता कुमारी के श्राद्धकर्म में शामिल होकर विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने पर्यावरण धर्म के तहत मृतक के नाम उनकी आत्मा की शांति के लिए थाईलैंड प्रजाति के बारहमासी आम का पौधरोपण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि जब घर में माता-पिता या कोइ भी बड़े बुजुर्गों का सिर से साया हट जाए तो पर्यावरण धर्म के तहत मृतक के नाम लगाए गए पौधे न सिर्फ जीवन में सम्बलता प्रदान करता है बल्कि उनकी याद को भी मजबूती प्रदान करता है। पर्यावरण धर्मगुरु कौशल ने कहा कि हमारी हिंदू संस्कृति में पौधों को देव तुल्य मानकर उसे पूजा करने का विधान है। क्योंकि एक वृक्ष से समस्त धरती और ब्रह्मांड पर रहने वाले कई जीवों को अनेकों लाभ मिलता है। जिसका उपभोग लोग सदियों से करते आ रहे हैं। इसका प्रमाण हमारे धर्म ग्रंथों में भी उल्लेखित है। श्राद्ध कर्म में मृतक ललिता कुमारी की बहन मंजू देवी पति रामनाथ चंद्रवंशी, पूर्व सांसद घूरन राम, केडी सिंह, ह्रदयानंद मिश्रा, जुगल किशोर चंद्रवंशी, बीस सूत्री उपाध्यक्ष विमला कुमारी, पत्रकार संजय पांडेय, धनंजय पासवान, उमाशंकर सिंह, महावीर सिंह चंद्रवंशी, सुरेश जैन, साहिल साहनी, श्रवण प्रसाद गुप्ता, रामदेव प्रसाद यादव, उमेश प्रसाद गुप्ता, संजय प्रसाद, विनोद सोनी, धीरेंद्र कुमार सिंह, रोशन कुमार, धनंजय सिंह, प्रदीप कुमार, सुलेमान अंसारी, सत्यनारायण यादव, जियाउद्दीन अंसारी, अजय यादव, सुदर्शन राम समेत शहर के कई प्रमुख लोग शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित किए।

## विद्यार्थी परिषद ने किया सांसद को सम्मानित



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** विद्यार्थी परिषद की ओर से मेदिनीनगर नगर मंत्री रामाशंकर पासवान के नेतृत्व में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित होने पर पलामू सांसद विष्णु दयाल राम को अंगवस्त्र एवं पुष्प गूच्छ देकर सम्मानित किया। उक्त अवसर पर उपस्थित विद्यार्थी परिषद के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विनीत पांडे ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम के पारित होने से महिलाएं और सशक्त होंगी। वर्तमान में केंद्र सरकार की ओर से महिलाओं को और सशक्त बनाने के लिए यह अति सराहनीय कदम हैं। इस अवसर पर परिषद के प्रदेश खेल कूद सह प्रमुख अभय वर्मा, नगर सह मंत्री नितीश दूबे, राहुल कुमार चेरो, कार्यालय मंत्री उत्कर्ष तिवारी, रोहित गूप्ता और राजन कश्यप आदि उपस्थित थे।

## भाजपा तोड़ना और झामुमो जोड़ना जानती है : राजेंद्र

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू के स्थानीय परिसदन भवन सभागार में झामुमो अल्पसंख्यक मोर्चा की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता झामुमो अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष फजायल अंसारी और संचालन नन्हे खान ने की। बैठक में पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा भी उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि संगठन कि मजबूती के लिए सदस्यता अभियान को गति देने की जरूरत है। साथ ही राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को आम जनों से जोड़कर अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना है। उन्होंने भाजपा पर जुबानी हमला करते हुए कहा कि झामुमो जोड़ना जानती है, जबकि भाजपा तोड़ना। तोड़ने वाली शक्तियों से समाज को बचाना होगा। बैठक में कई प्रखंडों के प्रतिनिधि भी उपस्थित हुए और जन समस्याओं से पार्टी अध्यक्ष को अवगत कराया। जिसे झामुमो ने अध्यक्ष शीघ्र समाधान करने की बात कही।

## सही पोषण के लिए स्वच्छता जरूरी: गौरव कुमार

### कलाकृति से दिया पोषण और स्वच्छता का संदेश

**डालटनगंज की ओर से प्री प्रोग्राम के तहत गढ़वा गर्ल्स सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में रंगोली, पेंटिंग्स, भाषण एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर/पलामू।** डाल्टनगंज केंद्रीय संचार ब्यूरो की ओर से राष्ट्रीय पोषण माह, स्वच्छ भारत अभियान, मेरी माटी मेरा देश, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना एवं नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर गढ़वा के गर्ल्स सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में मंगलवार को जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके तहत उपयुक्त विषय से संबंधित रंगोली, पेंटिंग्स, भाषण एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्राओं ने अपनी कलाकृति के जरिए जागरूकता का संदेश दिया। इससे पूर्व डाल्टनगंज के क्षेत्रिय प्रचार अधिकारी गौरव कुमार पुष्कर ने राष्ट्रीय पोषण माह एवं स्वच्छ भारत अभियान के बारे में बताया। कहा कि स्वच्छता एवं पोषण का एक दूसरे से गहरा संबंध है। सही पोषण के लिए स्वच्छता जरूरी है। उन्होंने नारी शक्ति वंदना अधिनियम, पीएम विश्वकर्म योजना एवं मेरी माटी मेरा देश के बारे में भी विस्तार पूर्वक छात्राओं को जानकारी दी। वहीं, प्राचार्य रेयाज अहमद ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से छात्राओं का सर्वांगीण विकास होगा। प्रतियोगिताओं के समन्वय एवं संचालन में क्षेत्रीय प्रचार सहायक मनोज कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जबकि विद्यालय की सभी शिक्षिकाओं और शिक्षकों ने इसमें सहयोग किया। वहीं, कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता ही सेवा के तहत विद्यालय की सभी छात्राओं को स्वच्छता के महत्व की जानकारी देते हुए स्वच्छता शपथ भी दिलाई गई।

### विशेष जागरूकता कार्यक्रम एवं पुरस्कार वितरण आज

डाल्टनगंज केंद्रीय संचार ब्यूरो की ओर से विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को इसी विद्यालय में किया जाएगा। इस दौरान सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना की आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं के द्वारा किशोरियों को पोषण के बारे में विस्तृत जानकारी भी दी जाएगी।

## कुपोषण मुक्त समाज निर्माण के लिए सभी की सहभागिता जरूरी : किरण

**सेविकाओं ने प्रदर्शनी लगाकर मोटा अनाज व पोषण के प्रति किया जागरूक**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** प्रखंड कार्यालय सभागार में मंगलवार को पोषण आहार को लेकर बाल विकास परियोजना की ओर से एक दिवसीय पोषण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दैरान आंगनवाडी सेविकाओं की ओर से मोटे अनाज से युक्त विभिन्न पौष्टिक एवं स्वादिष्ट व्यंजनों की प्रदर्शनी लगाई गई, जिसमें बाजरे का लड्डू, रागी इडली, ज्वार का ढोकला, सावा खीर, रागी डोसा आदि शामिल था। इसके जरिए पोषण व संतुलित आहार के बारे में जानकारी देते हुए लोगों को जागरूक किया। आंगनवाड़ी पर्यवेक्षिका किरण कुमारी व नीलम कुमारी ने मोटे अनाज जैसे ज्वार, बाजरा, रागी आदि के महत्व एवं इससे पहुंचने वाले स्वास्थ्य लाभ के बारे में बताया। कहा कि खाने में संपूर्ण पोषण न मिलने के कारण आजकल बच्चे एनीमिया जैसी बीमारी के शिकार हो जाते हैं। जिसके लिए संतुलित आहार मिलना जरूरी है। उन्होंने भोजन और अलग-अलग खाद्य पदार्थों में मिलने वाले प्रमुख तत्वो जैसे कार्बोहाइड्रेट, विटामिन, प्रोटीन, खनिज लवण आदि के बारे में भी बताया। कहा कि कुपोषण मुक्त समाज के लिए सबकी सहभागिता आवश्यक है। इस मौके पर सेविका शांति देवी, कमला कुंवर, रश्मि देवी, जयंती देवी, मिना देवी, लीलावती देवी, पूनम कुमारी, उषा कुमारी, नसरीन तलत बानो, शारदा कुंवर आदि मौजूद थे।

## युवाओं के अंदर एचआइवी जागरूकता ही एड्स को दूर भाग सकती है : सिविल सर्जन

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** झारखंड राज्य एड्स नियंत्रण समिति की ओर से यूथ फेस्ट 2023 का आयोजन किया गया। मंगलवार से आोजित महोत्सव 30 सितंबर तक चलेगा। इसकी शुरूआत पलामू एसपी, एसडीपीओ और सीएस ने संयुक्त रूप से किया। इसके बाद मैराथन दौड़ को पलामू के सीएस डॉ अनिल कुमार सिंह, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ विजय कुमार सिंह, जिला खेल पदाधिकारी उमेश लोहार, आईसीटीसी काउंसलर चंदन कुमार, फर्ज संस्था के परियोजना प्रबंधक आलोक कुमार सिंह, परियोजना निदेशक स्वर्णालता रंजन, काउंसलर तनुजा एवं एआरटी से विकास जी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह कार्यक्रम जिला स्तरीय रखा गया था जिसमें जिले के 17 वर्ष से 25 वर्ष तक सभी स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। पुरुष वर्ग में प्रथम पुरस्कार वाल्टर कांडूलना, द्वितीय पुरस्कार सुधाकर कुमार, तृतीय पुरस्कार रामस्वरूप यादव एवं महिला वर्ग में प्रथम पुरस्कार आकांक्षा कुमारी, द्वितीय पुरस्कार गांजी भेंगरा, तृतीय पुरस्कार जशींता कुमारी को मिला। सभी खिलाड़ी डे बोर्डिंग सेंटर के है। वहीं, मैराथन दौड़ का संचालन जिला खेल पदाधिकारी उमेश लोहड़ा ने किया। जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ विजय कुमार सिंह ने कहा खेल के माध्यम से युवाओं के अंदर एचआईवी की जागरूकता को बढ़ाना एक नई पहल है। इससे एचआईवी से बचाव भी होगा और पीड़ितों के साथ हो रहे भेदभाव में भी रोकथाम आएगी। वहीं, सिविल सर्जन डॉ अनिल सिंह ने कहा कि युवाओं के अंदर एचआईवी का प्रसार प्रचार बहुत ही जरूर जरूरी है। ताकि एचआईवी जैसी बीमारियों से भविष्य की धरोहर को बचा सकेंगे। आईसीटीसी काउंसलर चंदन प्रभाकर ने कहा कि यह एक अनूठी पहल है।

## अफगानिस्तान टीम वर्ल्ड कप के लिए भारत पहुंची

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वनडे वर्ल्ड कप के लिए अफगानिस्तान क्रिकेट टीम मंगलवार को भारत पहुंच गई। टूर्नामेंट पांच अक्टूबर से खेला जाएगा। अफगान टीम ने भारत पहुंचने के बाद सोशल मीडिया पर कई तस्वीरें शेयर की हैं। अफगानिस्तान टीम वर्ल्ड कप शुरू होने से पहले दो वार्म-अप मैच खेलेगी। पहला मैच 29 सितंबर को साउथ अफ्रीका और दूसरा 3 अक्टूबर को श्रीलंका के खिलाफ होगा। अफगानिस्तान का पहला मैच बांग्लादेश और दूसरा मैच भारत से है।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### पंडित राजा राम मिश्र की प्रथम पुण्यतिथि पर 20 नवंबर को डालटनगंज में होगा हस्तियों का जुटान



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** झारखंड के सुप्रसिद्ध शास्त्रीय संगीतज्ञ पलामू प्रमंडल में संगीत जगत के पुरोधा ख्याल सम्राट स्वर्गीय पंडित राजा राम मिश्र की प्रथम पुण्यस्मृति व स्वर्गीय पंडित राम रक्षा मिश्र की 28 वीं पुण्यस्मृति स्मरणोत्सव पर डाल्टनगंज के होटल चंद्रा रेसीडेंसी में 20 नवंबर को आयोजित संध्याकालीन सांगीतिक श्रद्धांजलि कार्यक्रम आराधना में भाग लेंगे 'तुम्हारी दौलत नई नई है' फेम मशहूर सिंगर कुमार सत्यम। इसकी जानकारी शहर के प्राचीन संगीत प्रशिक्षण केंद्र देवरानी संगीत महाविद्यालय के निदेशक नीरज मिश्र एवं संचालक संगीत गुरु सूरज कुमार मिश्र ने दी है। गौरतलब हो कि दोनों स्व. पंडित राजा राम मिश्र के सुपुत्र हैं। बताया कि कार्यक्रम में बनारस घराने के अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त तबला वादक पद्मविभूषण पंडित किशन महाराज जी के पीढ़ी से पंडित शुभ महाराज (नई दिल्ली) का तबला वादन होगा। जबकि शास्त्रीय संगीतज्ञ पद्मविभूषण डॉ पंडित छन्नू लाल मिश्र के परमशिष्य डॉ. इंद्रेश मिश्रा का शास्त्रीय और उप शास्त्रीय गायन भी होगा। देश विदेश के चर्चित चेहरे मशहूर तबला वादक राजेश मिश्रा भी कार्यक्रम में शामिल होंगे। बनारस के प्रसिद्ध युवा सारंगी वादक अंकित मिश्रा और पलामू के ढोलक तबला वादक सोनू कौशिक भी प्रस्तुति देंगे।

### छतरपुर नगर पंचायत क्षेत्र में समस्याओं का अंबार

**छतरपुर (आजाद सिपाही)।** नगर पंचायत छतरपुर में अनगिनत समस्याएं है। आलम यह है कि करोड़ो खर्च होने के बावजूद धरातल पर कहीं काम नहीं दिखता। छतरपुर नगर पंचायत के गठन के पांच साल पूरे हो गए है फिर भी यहां कई बुनियादी समस्याएं आज भी मुंह बाए खड़ी है। अरविंद ने जिन समस्याओं की ओर कार्यपालक अधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराया है उनमें थाना परिसर, अमण्डलीय हॉस्पिटल परिसर, वन विभाग परिसर और मीडिल स्कूल परिसर में मार्केट काम्प्लेक्स का निर्माण करवा कर लोगों को रोजगार उपलब्ध कराना आदि शामिल है। इस बाबत सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि स्ट्रीट लाइटों की खरीदारी में दो करोड़ 48 लाख की अनुमानित लागत आयी है। अगर प्रति लाइटों की कीमत देखें तो लगभग 8500 रुपये है, जबकि वास्तविक मूल्य बेहद कम प्रतीत होता है। नगर में ऑटो स्टैंड का निर्माण कर मूलभूत सुविधाएं बहाल करने। जलसंकट के मद्देनजर पीएचईडी द्वारा पांच पांडव पहाड़ी पर निमार्णाधीन पानी टंकी का निर्माण अविलंब सुनिश्चित कराने को कहा, ताकि नगर में व्याप्त जल संकट से निबटा जा सके। इस पर कार्यपालन ने सहयोग का सकारात्मक आश्वासन दिया।

## स्पोर्ट्स



हांगझोऊ में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में तीसरे दिन भारत को तीसरा गोल्ड जीता। घुड़सवारी टीम ने मंगलवार को पहला गोल्ड जीता। इस इवेंट में 41 साल बाद देश के लिए गोल्ड दिया गया है।

## स्वर्णिम अभियान : इबाद अली ने ब्रॉन्ज जीता, भारत को अब तक 3 गोल्ड समेत 14 मेडल

# भारत ने घुड़सवारी में जीता गोल्ड मेडल, 1982 के बाद पहला

एजेंसी




**हांगझोउ।** 19वें एशियन गेम्स में तीसरे दिन हांगझोउ में भारत को तीसरा मेडल मिला। घुड़सवारी टीम ने मंगलवार का पहला गोल्ड मेडल दिलाया है। सुदिप्ती हजेला, दिव्यकृति सिंह, ह्दय छेड़ा और अनुष अगरवल्ला की जोड़ी ने इस इवेंट में 41 साल बाद देश के लिए गोल्ड जीता। वहीं, भारत के इबाद अली ने मेंस सेलिंग में ब्रॉन्ज मेडल जीता। उनसे पहले नेहा ठाकुर ने 28 पॉइंट के साथ सिल्वर मेडल जीता। यह भारत का दिन का दूसरा मेडल रहा। इसके साथ ही भारत के एशियन गेम्स में अब 14 मेडल हो गए हैं, जिनमें तीन गोल्ड शामिल हैं। वहीं स्विमिंग में मेंस की 4 गुणा 100 मीटर मेडले रिले टीम नेशनल रिकॉर्ड के साथ फाइनल में पहुंच गई है। अंकिता रैना टेनिस के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई हैं। इससे पहले मंगलवार को भारत ने हॉकी में सिंगापुर को 16-1 से हराया। इसके अलावा जूडो में दो खिलाड़ियों ने क्वार्टर फाइनल में अपना स्थान पक्का किया। बतातें चलें कि सोमवार को महिला विमेंस क्रिकेट टीम और शूटिंग में 10 मीटर टीम एयर राइफल में पुरुष टीम ने गोल्ड जीता था।

### तीसरे दिन विभिन्न खेलों में प्रदर्शन

**घुड़सवारी में 41 साल बाद गोल्ड मेडल :** घुड़सवारी के टीम ड्रेसेज इवेंट में भारत ने ऐतिहासिक गोल्ड मेडल जीता। सुदिप्ती हजेला, दिव्यकृति सिंह, ह्रदय छेड़ा और अनुष अगरवल्ला की जोड़ी ने देश को 41 साल बाद घुड़सवारी में गोल्ड मेडल दिलाया। इससे पहले 1982 में घुड़सवारी का गोल्ड मिला था।

**सेलिंग- एक ब्रॉन्ज और एक सिल्वर :** इबाद अली ने मेंस सेलिंग में ब्रॉन्ज और नेहा ठाकुर ने विमेंस सेलिंग में सिल्वर मेडल जीता।

**हॉकी-** भारत ने सिंगापुर को मेडल की होड़ से किया बाहर तीसरे दिन भारत ने एशियन गेम्स में हॉकी में सिंगापुर को 16-1 से हराकर अच्छी शुरूआत की। भारत के लिए हरमनप्रीत सिंह ने 4 और मंदीप सिंह ने 3 गोल किए। वहीं, वरुण कुमार, अभिषेक ने 2-2 गोल किए।

**जूडो- तूलिका मान ब्रॉन्ज मेडल से चूकी :** जूडो में तूलिका मान 75 किलो वेट कैटेगिरी में ब्रॉन्ज मेडल से चूक गईं। वहीं अवतार सिंह भी पुरुषों के 100 किग्रा क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं। क्वार्टर फाइनल में उनका मुकाबला वआए के दजफर कोस्तोव से होगा।

**फेंसिंग-भवानी देवी का एशियन गेम्स का सफर क्वार्टर फाइनल में समाप्त :** फेंसिंग में भवानी देवी के एशियन गेम्स में मेडल जीतने की उम्मीद मंगलवार को क्वार्टर फाइनल में खत्म हो गई। भवानी को सेबर इवेंट के क्वार्टर फाइनल में दुनिया की 11वें नंबर की खिलाड़ी से 7-15 से हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले भवानी 6 मैच जीतकर क्वार्टर फाइनल में पहुंची थीं। उन्होंने अपने अभियान की शुरूआत सिंगापुर की जूलियत जी मिन हेंग को 5-2 से हरा कर की थी। उसके बाद उन्होंने सऊदी अरब की अलहस्ना अलहम्मद को 5-1 से हराया। कजाकिस्तान की करीना दोस्पायोक को 5-3 से मात दी। वहीं पूल मैचों में उज्बेकिस्तान की जैनब डेइबेकोवा और बांग्लादेश की रोकसाना खातून को हराया था।

### बोकारो विधायक ने कार्यकर्ताओं के साथ की बाबूलाल मरांडी की सभा की तैयारियों की समीक्षा बैठक

# 2024 में केंद्र व राज्य में बनेगी भाजपा की ही सरकार : बिरंची

**28-29 सितंबर को बाबूलाल मरांडी की होगी बोकारो विधानसभा में संकल्प यात्रा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो विधानसभा क्षेत्र में 28-29 सितंबर को आयोजित होने वाली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा की तैयारियों व उसकी सफलता को लेकर मंगलवार को विधायक बिरंची नारायण के आवासीय कार्यालय में समीक्षा बैठक की गई। इसमें बोकारो विधानसभा क्षेत्र में रहने वाले प्रदेश कार्य समिति सदस्यों, जिला पदाधिकारी, मोर्चा के जिलाअध्यक्ष व पदाधिकारी, बोकारो विधानसभा के नौ मंडल अध्यक्ष व महामंत्री, मुखिया, पूर्व मुखिया और निवर्तमान पार्षद आदि शामिल हुए। अपने संबोधन में विधायक बिरंची नारायण ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा निर्णायक सिद्ध होगी। अभी तक के संकल्प यात्रा में अभूतपूर्व जन समर्थन मिला है। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में देश निरंतर आगे बढ़ रहा है। इसके उत्थान और देश की सेवा कार्य की सोच रखकर भाजपा लगभग 18 करोड़ सदस्यों के साथ विश्व की सबसे बड़ी पार्टी हो गई है। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा प्रतिदिन दो विधानसभा में हो रही है। अब तक सभी सभाओं में जनता की ऐतिहासिक उपस्थित हुई है। जो यह दर्शाता है कि समाज भाजपा के साथ है। 28 सितंबर को बाबूलाल मरांडी जी का बोकारो विधानसभा के भवानीपुर साइड में कार्यकर्ताओं की ओर से भव्य स्वागत किया जायेगा। भवानीपुर साइड से रोड शो कर महावीर चौक तक लाया जाएगा। वहां से खुली जीप पर बैठकर बाबूलाल मरांडी चास मेन रोड होते हुए चेक पोस्ट स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। 29 सितंबर को 11 बजे सेक्टर 12 बी स्थित मैदान में विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। जनसभा में निश्चित रूप से ऐतिहासिक उपस्थिति रहेगी। बताया गया कि पूरे बोकारो विधानसभा क्षेत्र में बाबूलाल मरांडी जी के स्वागत के लिए कई तोरण द्वार बनाए जाएंगे, कई जगहों पर उनका स्वागत किया जाएगा। सैकड़ो बाइक से कार्यकर्ता उनका स्वागत करेंगे और बाइक जुलूस के साथ-साथ प्रदेश अध्यक्ष जी को सेक्टर 12 बी कार्यक्रम स्थल तक लेकर आएंगे। उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी की जनसभा स्पष्ट बता रही है कि 2024 लोकसभा चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत होगी। वहीं, जिला अध्यक्ष भरत यादव ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष की संकल्प यात्रा को लेकर आम जनमानस और कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह है। बोकारो विधानसभा के कार्यकर्ता संगठन द्वारा निर्देशित सभी कार्यों को ऐतिहासिक सफल करते हैं। संकल्प यात्रा को लेकर संगठन और समाज में एक नया उत्साह और उमंग का संचार हुआ है। इस संकल्प यात्रा में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी समाज के साथ और प्रत्येक विधानसभा के कार्यकताओं से सीधा संवाद कर रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन बोकारो जिला महामंत्री संजय त्यागी ने की। इस मौके पर प्रदेश कार्य समिति सदस्य मुकुल ओझा, रोहितलाल सिंह, दिलीप श्रीवास्तव, कमलेश राय,लीला देवी,अशोक कुमार पप्पू, इंद्र कुमार झा, महेंद्रराय, केके बोराल, त्रिलोकी सिंह, सुनील गोस्वामी, श्याम मंडल, सुजीत चक्रवर्ती, मुकेश राय, पन्नालाल कांदू, टिंकू तापड़िया, मनोज सिंह, बैधनाथ प्रसाद, अनिल सिंह, हरीश सिंह, ब्रज दूबे, जितेंद्र गोस्वामी, मंतोष ठाकुर, राजीव मालाकार, गोलू उपाध्याय, डॉक्टर अशोक, प्रकाश प्रामाणिक, रंजीत वर्णवाल, मोहन गोराई, अशोक महतो, गौतम शर्मा, हरिपद गोप, विपिन ठाकुर, प्रकाश चटर्जी और सुबोध मंडल आदि मौजूद थे।


बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा की तैयारियों को लेकर बैठक करते विधायव व अन्य।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### मजदूर नेता राजू यादव की मनायी गयी 32वीं पुण्यतिथि




धनबाद (आजाद सिपाही)। कोयलांचल के मजदूर नेता शहीद राजू यादव की 32 वीं पुण्यतिथि के मौके पर मंगलवार को शहर के पूजा टॉकीज मोड़ पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। मोड़ पर स्थित राजू यादव की आदमकद प्रतिमा पर विभिन्न राजनीतिक पार्टी के नेताओं व समाजसेवियों से फूल माला चढ़ा कर श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने स्व राजू यादव के संघर्ष को याद करते हुए कहा कि उनके दिखाए मार्ग पर चल कर ही धनबाद कोयलांचल से माफिया ताकतों को खदेड़ा जा सकता है। इस मौके पर स्व राजू यादव की पत्नी सह पूर्व मंत्री आबो देवी, उनके पुत्र अवधेश यादव, भाजपा नेता योगेंद्र यादव, पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल, कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष सिंह, भाजपा महामंत्री श्रवण राय, प्रदेश प्रवक्ता सरोज सिंह, रेखा मंडल, बेंगू ठाकुर, यादव महासभा के जिला अध्यक्ष आरएन सिंह यादव समाजसेवी, वसंत यादव, शंकर यादव, मिथिलेश यादव, गोपाल यादव, खेदन महतो और राम अवतार गोप आदि थे।

### पेयजलापूर्ति की समस्या और उसके समाधान को लेकर योगेंद्र प्रसाद से मिले पंचायत प्रतिनिधि



गोमिया/कसमार (आजाद सिपाही)। गोमिया प्रखंड के ग्राम पंचायत पलिहारी गुरूडीह के कई पंचायत प्रतिनिधि एवं प्रबुद्धजनों ने मंगलवार को झारखंड राज्य समन्वय समिति के सदस्य योगेंद्र प्रसाद महतो से उनके पेटरवार स्थित कार्यालय पर जाकर मुलाकात की। इस दौरान पंचायत क्षेत्र में पेयजल की विकराल समस्या से अवगत कराते हुए समाधान कराने की मांग की। इनलोगों ने कहा कि बोकारो नदी के इंटेक वेल में लगे दोनों मोटर खराब हो जाने से पिछले एक महीने से पंचायत को पानी नसीब नहीं हो रहा है। पंचायत प्रतिनिधियों एवं प्रबुद्धजनों ने पूर्व विधायक से कोनार नदी से उक्त पंचायत में जलापूर्ति की व्यवस्था कराने का आग्रह किया। कहा कि पूर्व में आपके द्वारा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को संबंधित पत्र लिखा गया है। जिससे हम सभी को उम्मीद है कि बहुत जल्द पलिहारी गुरूडीह पंचायत में पानी की किल्लत दूर होगी। इसी तरह बोकारो नदी स्थित इंटेक वेल में लगे दोनों मोटर के रह-रह कर खराब हो जाने से ग्रामीणों को हो रही परेशानियों से अवगत कराते हुए दो नए मोटर लगवाने की भी मांग की है। इस मौके पर पंचायत समिति सदस्य सुशीला देवी, उप मुखिया कविता कुमारी, वार्ड सदस्य यासमीन परवीन, पूनम देवी, प्रकाश गंजू, पूनम कुमारी गोमिया प्रखंड उपाध्यक्ष अमित पासवान, समाजसेवी राजू शाह, चंदन पासवान, मंजूर इलाही, नौसे राजा, राजेश पासवान, संजय ठाकुर व सुखदेव पासवान आदि उपस्थित थे।

### डीवीसी के पेंशन सिस्टम को सीपीपीसी को हस्तांतरण करने के विरोध में कोलकाता मुख्यालय पर प्रदर्शन



चिरकुंडा (आजाद सिपाही)। डीवीसी के पेंशन सिस्टम को सीपीपीसी को हस्तांतरण करने के विरोध में मंगलवार को दामोदर घाटी निगम के सभी परियोजनाओं से पेंशनर्स एवं कर्मचारियों ने एकत्र होकर प्रदर्शन किया एवं मानव बंधन बनाकर कोलकाता स्थित डीवीसी मुख्यालय का घेराव किया। इसके साथ ही शपथ लिया कि डीवीसी को किसी भी हालत में निजीकरण नहीं करने देंगे एवं डीवीसी की मौजूदा पेंशन प्रणाली को बरकरार रखना होगा व नयी पेंशन योजना (एनपीएस) को रद्द कर सभी के लिए पुरानी पेंशन (ओपीएस) योजना लागू करना होगा। प्रदर्शनकारियों ने शपथ लिया कि जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं हो जाती वे अपना आंदोलन जारी रखेंगे। इस मौके पर डीवीसी पेंशनर्स फेडरेशन, डीवीसी श्रमिक यूनियन, डीवीसी कर्मचारी संघ, डीवीसी स्टाफ एसोसिएशन एवं हिंद मजदूर किसान यूनियन के नेता एवं सदस्यों ने भाग लिया।

## पोषण माह, स्वच्छता ही सेवा, मेरी माटी मेरा देश आदि अभियानों पर चित्र प्रदर्शनी आज से शुरू

**गिरिडीह डीसी करेंगें प्रदर्शनी का उद्घाटन**

**गिरिडीह के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में केंद्रीय संचार ब्यूरो धनबाद की ओर से प्री पब्लिसिटी में रंगोली, चित्रांकन एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गिरिडीह।** भारत सरकार के सूचना प्रसारण मंत्रालय अंतर्गत केंद्रीय संचार ब्यूरो की क्षेत्रीय धनबाद इकाई की ओर से अमृत महोत्सव अंतर्गत पोषण माह, स्वच्छता ही सेवा, मेरी माटी मेरा देश अभियान पर जिला प्रशासन के सहयोग से बुधवार से तीन दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का आयोजन गिरिडीह कॉलेज में किया जायेगा। गिरिडीह डीसी नमन प्रियेश लकड़ा बतौर मुख्य अतिथि के रूप में प्रदर्शनी का कॉलेज परिसर में उद्घाटन करेंगे। प्रदर्शनी स्थल पर गिरिडीह जिला प्रशासन के समाज कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं जन सम्पर्क विभाग की ओर से पोषण, स्वच्छता अभियान आदि पर स्टॉल भी लगाया जाएगा। इस प्रदर्शनी के बारे में जागरूकता के लिए मंगलवार को केंद्रीय संचार ब्यूरो की ओर से प्री-पब्लिसिटी अभियान चलाया गया, जिसमें गिरिडीह कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की छात्राओं के बीच रंगोली, पेंटिंग और निबंध प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। प्राचार्या सीमा अग्रवाल ने कहा कि पोषण माह, मेरी माटी मेरा देश अभियान देश के स्वास्थ्य को बढ़ाएगा, वहीं अपनी माटी से जुड़ने के लिए प्रेरित भी करेगा। मैं सभी विद्यार्थियों से आग्रह करूंगी कि वह प्रतियोगिताओं में हिस्सा लें और इस अभियान से प्रेरणा लें। वहीं, धनबाद केंद्रीय संचार ब्यूरो के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी ओंकार नाथ पांडेय ने 27 को लगने वाली प्रदर्शनी की विषय वस्तु से सभी का परिचय कराया। आज की प्रतियोगिताओं के आयोजन एवं समन्वय में सहायक क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी राजकिशोर पासवान के साथ विद्यालय के शिक्षिकाओं निक्की मिश्रा, शाकीरा बानो, वंदना सिन्हा, आदि ने अहम भूमिका निभाई। आयोजित प्रतियोगिताओं में पेंटिंग की विजेता नौवीं कक्षा की नैना प्रवीण प्रथम आईं, वहीं रंगोली प्रतियोगिता बारहवीं कक्षा की शमा प्रवीण ने प्रथम स्थान पाया। निबंध प्रतियोगिता में कक्षा 12 की मीनाक्षी सिंह ने प्रथम स्थान पाया। सभी विजेताओं को बुधवार को आयोजित फोटो प्रदर्शनी के उद्घाटन समारोह में अतिथियों द्वारा सम्मानित किया जाएगा। विभाग से जुड़े कला निकेतन के कलाकारों द्वारा गीत एवं नाटक का भी मंचन किया जाएगा।

### डीवीसी की मनमानी के खिलाफ अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे पेंशनर

# डीवीसी की मनमानी नहीं चलने देंगे: अरूप चटर्जी

आजाद सिपाही संवाददाता



**चिरकुंडा।** डीवीसी मैथन प्रबंधन के मनमानी रवैए से परेशान होकर पेंसनर रिटायर्ड कर्मी एवं स्थानीय दुकानदार पूर्व विधायक अरूप चटर्जी के नेतृत्व में मंगलवार को डीवीसी प्रशासनिक भवन के समक्ष अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए। धरनार्थियों ने कहा कि जब तक डीवीसी प्रबंधन उनकी मांगे पूरी तरह से मान नहीं लती तब तक धरना जारी रहेगा। आजाद सिपाही से आंदोलन का नेतृत्व कर रहे पूर्व विधायक अरूप चटर्जी ने कहा कि डीवीसी की ओर से जो सर्कुलर निकाल गया है उससे लगता है कि डीवीसी पूरी तरह से मनमानी कर रहा है। लोगों को बिजली और पानी मुहैया करने का काम नहीं करती है। आस पास के गांवों की बिजली काट दी गई है। 250 पेंशनरों या रिटायर्ड कर्मी के घर के भाड़े में 25 फीसदी की बढ़ोतरी कर दी गई है, जिसे एक साल के लिए घर चाहिए। कम से कम दो लाख डिपॉजिट के तौर पर मांगा जा रहा है। इसके लिए उन लोगों को जबरदस्ती फोर्स किया जा रहा है। स्थानीय दुकानदारों पर खाली करने का दबाव बनाया जा रहा है। उन्होंने केंद्र सरकार एवं डीवीसी प्रबंधन पर निजीकरण का आरोप लगाते हुए कहा कि किसी भी कीमत पर डीवीसी को उसके इरादों पर कामयाब नहीं होने देंगे।

Annexure 1
**MINOR IRRIGATION DIVISION, GUMLA**

**e-Procurement Tender Notice**
**Very Short Tender**

Tender Reference No. WRD/MID/GUMLA-F2-16 / 2023-24 Date :- 21.09.2023

| 1. | Name of the work | Estimated Cost (Rs.) | Cost of Tender Paper. | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|
| 2. | Rapair of ST Jalan Boys Hostel (Part-1 or B) Under Block- Sisai, District – Gumla | 2499100.00 | 5000.00 | 06 Month |
| 2. | Time of Completion | 6 Month | | |
| 3. | Date of Publication of Tender on website | 03.10.2023 (2:00 PM) | | |
| 4. | Last date/Time for Submission of Bids online | 10.10.2023 (up to 5:00 PM) | | |
| 5. | Last date for receipt of Bids Fee, Security and Other Documents. | **11.10.2023 (up to 3:00 PM)** | | |
| 6. | Date of opening of e-tender | 12.10.2023 (2:00 PM) | | |
| 7. | Name & Address of Office Inviting Tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division-Gumla. Karamtoli Road, Gumla. | | |
| 8.(a) (b) | Contact No. of Procurement officer<br>E-mail of e-Procurement Officer | 9939909313<br>eemidgum@gmail.com | | |
| 9. | Helpline Number of e-Procurement Cell | 0651-2491232 | | |

**Note :- Only e-Tenders will be accepted.**
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

**Executive Engineer,**
**Minor Irrigation Division,Gumla.**

PR 307683 Minor Irrigation(23-24)#D

कार्यालय :- जिला मत्स्य पदाधिकारी, कोडरमा

**प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना हेतु आवेदन आमंत्रण**

एतद् द्वारा निदेशानुसार कोडरमा जिले के मत्स्य कृषकों एवं मत्स्य पालन को रोजगार के रूप में अपनाने हेतु सभी व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024–25 में भारत सरकार के मात्स्यिकी, पशुपालन एवं गव्य विकास विभाग के द्वारा प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

उक्त योजना का मुख्य लक्ष्य मछली उत्पादन एवं उत्पादकता में गुणात्मक वृद्धि, तकनीकी, आधारभूत संरचना तथा मात्स्यिकी प्रबंधन द्वारा आधुनिकीकरण एवं सुदृढ़ीकरण किया जाना है। इस योजना के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम लाभुक जनित है तथा इसमें केन्द्र सरकार के अनुदान के अतिरिक्त की राशि लाभुक अंशदान के रूप में लाभुक द्वारा स्वयं वहन किया जाना है। लाभुक जनित योजनाएँ निम्नांकित है–

| क्र0सं0 | योजना का नाम | ईकाई | ईकाई लागत (लाख में) | सरकार का अनुदानित राशि | | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | सामान्य जाति | अनु0जाति / अनु0 जनजाति / महिला | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | कार्प हैचरी अधिष्ठापन कार्य | (सं0 में) | 25.00 | 10.00 | 15.00 | |
| 2 | स्कैम्पी हैचरी अधिष्ठापन कार्य | (सं0 में) | 50.00 | 20.00 | 30.00 | |
| 3 | नये रियरिंग तालाब का निर्माण (नर्सरी / बीज रियरिंग तालाब) | (हे0 में) | 7.00 | 2.80 | 4.20 | |
| 4 | नये ग्रो आउट तालाब निर्माण | (हे0 में) | 7.00 | 2.80 | 4.20 | |
| 5 | मिश्रित मत्स्य पालन, पंगेशियस एवं तिलापिया पालन आदि के लिए इनपुट (उपरोक्त अंकित नये ग्रो–आउट तालाबों के निर्माण में) | (हे0 में) | 4.00 | 1.60 | 2.40 | |
| 6 | बायोफ्लोक तालाब का निर्माण (4 लाख प्रति हे0 इनपुट सहित) | 0.1 हे0 | 14.00 | 5.60 | 8.40 | |
| 7 | जलाशयों में अंगुलिकाओं का संचयन @1000 अंगुलिकाएँ प्रति हे0 (3.00 लाख रू0 प्रति एक लाख अंगुलिकओं हेतु) | (हे0 में) | Rs.@03/ Fingerling | Rs.@1.20/ Fingerling | Rs.@1.80/ Fingerling | |
| 8 | बैकयार्ड सजावटी / रंगीन / अलंकारी मछलियों की रियरिंग ईकाई | (सं0 में) | 3.00 | 1.20 | 1.80 | |
| 9 | मध्यम आकार के सजावटी / रंगीन / अलंकारी मछलियों की रियरिंग ईकाई | (सं0 में) | 8.00 | 3.20 | 4.80 | |
| 10 | समेकित सजावटी / रंगीन / अलंकारी मछली इकाई (ब्रिडिंग एवं रियरिंग हेतु) | (सं0 में) | 25.00 | 10.00 | 15.00 | |
| 11 | मीठे जल हेतु सजावटी / रंगीन / अलंकारी मछलियों के ब्रुड बैंक की स्थापना | (सं0 में) | 100.00 | 40.00 | 60.00 | |
| 12 | मात्स्यिकी संबंधी मनोरंजक गतिविधियों को प्रोत्साहन (Promosion of Recreational Fisheries) | (सं0 में) | 50.00 | 20.00 | 30.00 | |
| 13 | बड़े आर0ए0एस0 (रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम) इकाई की स्थापना (कम से कम 90 घनमीटर प्रति क्षमता वाले 08 टैंक एवं 40 टन / कार्प मछली उत्पादन की क्षमता) | (सं0 में) | 50.00 | 20.00 | 30.00 | |
| 14 | 04 मी0 व्यास एवं 1.5 मी0 उँचाई के 50 टैंक वाले बड़े बायोफ्लॉक की स्थापना | (सं0 में) | 50.00 | 20.00 | 30.00 | |
| 15 | मध्यम आर0ए0एस0 (रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम) इकाई की स्थापना (कम से कम 30 घनमीटर प्रति क्षमता वाले 06 टैंक एवं 10 टन / कार्प मछली उत्पादन की क्षमता) | (सं0 में) | 25.00 | 10.00 | 15.00 | |
| 16 | 04 मी0 व्यास एवं 1 मी0 उँचाई के 25 टैंक वाले मध्यम बायोफ्लॉक की स्थापना | (सं0 में) | 25.00 | 10.00 | 15.00 | |
| 17 | छोटे आकार के आर0ए0एस0 (रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम) इकाई की स्थापना (100 घनमीटर क्षमता का 01 टैंक) | (सं0 में) | 7.50 | 3.00 | 4.50 | |
| 18 | 04 मी0 व्यास एवं 1.5 मी0 उँचाई के 07 टैंक वाले छोटे बायोफ्लॉक की स्थापना | (सं0 में) | 7.50 | 3.00 | 4.50 | |
| 19 | बैकयार्ड मिनी आर0ए0एस0 (रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम) इकाई की स्थापना | (सं0 में) | 0.50 | 0.20 | 0.30 | |
| 20 | जलाशयों में केज की स्थापना | (सं0 में) | 3.00 | 1.20 | 1.80 | |
| 21 | आर0एफ0एफ / पेन कल्चर द्वारा मत्स्य पालन | (हे0 में) | 3.00 | 1.20 | 1.80 | |
| 22 | कम से कम 10 टन क्षमता वाले शीत गृह (कोल्ड स्टोरेज) / आईस प्लांट निर्माण | (सं0 में) | 40.00 | 16.00 | 24.00 | |
| 23 | कम से कम 20 टन क्षमता वाले शीत गृह (कोल्ड स्टोरेज) / आईस प्लांट निर्माण | (सं0 में) | 80.00 | 32.00 | 48.00 | |
| 24 | कम से कम 30 टन क्षमता वाले शीत गृह (कोल्ड स्टोरेज) / आईस प्लांट निर्माण | (सं0 में) | 120.00 | 48.00 | 72.00 | |
| 25 | कम से कम 50 टन क्षमता वाले शीत गृह (कोल्ड स्टोरेज) / आईस प्लांट निर्माण | (सं0 में) | 150.00 | 60.00 | 90.00 | |
| 26 | शीत गृह (कोल्ड स्टोरेज) / आईस प्लांट का आधुनिकीकरण | (सं0 में) | 50.00 | 20.00 | 30.00 | |
| 27 | रेफ्रिजेरेटेड वाहन | (सं0 में) | 25.00 | 10.00 | 15.00 | |
| 28 | इनसुलेटेड वाहन | (सं0 में) | 20.00 | 8.00 | 12.00 | |
| 29 | आईस बॉक्स के साथ मोटरसाईकिल | (सं0 में) | 0.75 | 0.30 | 0.45 | |
| 30 | आईस बॉक्स के साथ साईकिल | (सं0 में) | 0.10 | 0.04 | 0.06 | |
| 31 | मछली बिक्री के लिए आईस बॉक्स के साथ तीन पहिया वाहन (ई–रिक्शा भी) | (सं0 में) | 3.00 | 1.20 | 1.80 | |
| 32 | जिंदा मछली बिक्री केन्द्र | (सं0 में) | 20.00 | 8.00 | 12.00 | |
| 33 | लघु फीश फिड मिल (प्रतिदिन 02 टन उत्पादन क्षमता) | (सं0 में) | 30.00 | 12.00 | 18.00 | |
| 34 | मध्यम फीश फिड मिल (प्रतिदिन 08 टन उत्पादनक्षमता) | (सं0 में) | 100.00 | 40.00 | 60.00 | |
| 35 | वृहत फीश फिड मिल (प्रतिदिन 20 टन उत्पादनक्षमता) | (सं0 में) | 200.00 | 80.00 | 120.00 | |
| 36 | फीश फिड प्लांट (प्रतिदिन कम से कम 100 टन उत्पादन क्षमता) | (सं0 में) | 650.00 | 260.00 | 390.00 | |
| 37 | खुदरा मछली बाजार का निर्माण (सजावटी / रंगीन / अलंकारी मछली एवं एक्वेरियम बाजार सहित) | (सं0 में) | 100.00 | 40.00 | 60.00 | |
| 38 | फिश किओस्क (सजावटी / रंगीन / अलंकारी मछली एवं एक्वेरियम सहित) | (सं0 में) | 10.00 | 4.00 | 6.00 | |
| 39 | मछली के मूल्य संवर्धित उत्पाद इकाई (फिश वैल्यू एडेड इन्टरप्राईजेज) | (सं0 में) | 50.00 | 20.00 | 30.00 | |
| 40 | मछली एवं मछली उत्पादों की ई–ट्रेडिंग एवं ई–बाजार हेतु ई–प्लेटफॉर्म | DPR (Detailed Project Report/ SCP (Self Contained Proposal) पर आधारित | | | | |
| 41 | Establishment of Disease diagnostic and quality testing labs (मछलियों की बीमारी की पहचान एवं गुणवत्ता की जाँच हेतु प्रयोगशाला की स्थापना) | (सं0 में) | 25.00 | 10.00 | 15.00 | |
| 42 | Establishment of Disease diagnostic and quality testing Mobile labs/ Clinics (मछलियों की बीमारी की पहचान एवं गुणवत्ता की जाँच हेतु चलंत प्रयोगशाला / क्लीनिक की स्थापना) | (सं0 में) | 35.00 | 14.00 | 21.00 | |
| 43 | Traditional Fisherman के लिए नाव (replacement) एवं जाल | (सं0 में) | 5.00 | 2.00 | 3.00 | |
| 44 | प्रसार एवं सहयोग सेवाएँ (मत्स्य सेवा केन्द्र) | (सं0 में) | 25.00 | 10.00 | 15.00 | |
| 45 | Bivalve cultivation (pearl culture) (भारत सरकार द्वारा स्वीकृत किए जाने पर) | (सं0 में) | 0.20 | 0.08 | 0.12 | |
| 46 | आर्थिक रूप से कमजोर पारम्परिक मछुआरों हेतु मछली शिकारमाही पर प्रतिबंध के समय आर्थिक सहयोग | (सं0 में) | केन्द्रांश – 1500 रू0 + राज्यांश– 1500 रू0 + लाभुक अंशदान– 1500 रू0 = 4500 रू0 प्रति वर्ष | | | |
| 47 | मछुआरों का बीमा | (सं0 में) | बीमित द्वारा कोई प्रीमियम देय नहीं | | | |

**आवेदन के साथ जमा करने हेतु अनुलग्नक :–**

1. मत्स्य प्रशिक्षण के प्रमाण पत्र की छायाप्रति।
2. बैंक पासबुक की छायाप्रति।
3. आधार कार्ड / वोटर आई डी कार्ड की छायाप्रति।
4. दो पासपोर्ट साईज फोटो।
5. लाभुक द्वारा स्वयं तैयार करवाया गया योजना का प्रस्ताव / DPR (Detailed Project Report) अलग से संलग्न करना अनिवार्य होगा।
6. जमीन से संबंधित सभी कागजात, जमीन का फोटोग्राफ, वंशावली, जमीन पर विवाद नहीं होने से संबंधित एवं लाभुक अंशदान लगाने से संबंधित शपथ पत्र तथा संबंधित जमीन निजी होने का भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र अंचलाधिकारी से प्राप्त होना चाहिए।
7. अनु0 जाति एवं अनु0 जनजाति के आवेदकों को जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
8. सभी वांछित कागजातों के साथ पूर्ण आवेदन ही चयन की प्रक्रिया में शामिल किए जायेंगे।

**नोट :–** आवेदन पत्र जिला मत्स्य कार्यालय, कोडरमा में निःशुल्क उपलब्ध है।
कार्यालय से आवेदन प्राप्ति एवं जमा की अंतिम तिथि :– 14.10.2023

जिला मत्स्य पदाधिकारी,
कोडरमा।

PR.NO.307712 Fish(23-24):D

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 27 सितंबर, 2023
www.azadsipahi.in



## न्यूज रील्स

### श्रीलंका बोला, चीनी जहाज को रुकने की इजाजत नहीं

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** श्रीलंका ने चीन के जहाजों को अपने देश में रुकने की इजाजत नहीं दी है। श्रीलंका के विदेश मंत्री अली साबरी ने इसकी पुष्टि की। साबरी ने कहा कि भारत की चिंता हमारे लिए बेहद अहम है। हमने इसके लिए अब एक स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) बनाया है और इसे बनाते वक्त भारत सहित दूसरे दोस्तों से सलाह भी ली थी। हमने अक्टूबर में चीनी जहाज को श्रीलंका आने की इजाजत नहीं दी है। सुरक्षा को लेकर भारत की चिंता सही है। हम अपने क्षेत्र को शांति का जोन बनाना चाहते हैं।

### चीन पर भड़के केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर

**शिमला (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने मंगलवार को शिमला में कहा कि चीन ने अरुणाचल प्रदेश की तीन खिलाड़ियों को वीजा न देकर भेदभाव किया है। भारत के किसी भी कोने के खिलाड़ी को ओलिंपिक चार्टर के अनुसार वीजा मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न अंग है और रहेगा। चीन की यह हरकत भारत को मंजूर नहीं है। दरअसल, चीन ने अरुणाचल प्रदेश की महिला वुशु खिलाड़ी वीजा नहीं दिया था।

## एम्स भुवनेश्वर ने रोमांचक विकास के साथ 11वां वार्षिक दिवस मनाया

# एम्स तीन नये विभाग शुरू करेगा स्थायी शैक्षणिक समिति की मंजूरी मिली







- इन विभागों में संक्रामक रोग विभाग, जैव सूचना विज्ञान विभाग और जैव सांख्यिकी विभाग शामिल हैं।

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** एम्स भुवनेश्वर ने अपना 11वां वार्षिक दिवस बड़े उत्साह और उल्लेखनीय घोषणाओं की एक श्रृंखला के साथ मनाया। पिछला वर्ष स्वास्थ्य देखभाल और अनुसंधान में महत्वपूर्ण उपलब्धियों और योगदान से चिह्नित किया गया है। इस अवसर पर बोलते हुए एम्स भुवनेश्वर के कार्यकारी निदेशक और प्रसिद्ध संक्रामक रोग विशेषज्ञ, डॉ आशुतोष विश्वास ने रोगी कल्याण को बढ़ाने के लिए समर्पित तीन नये विभागों की स्थापना की घोषणा की। इन विभागों में संक्रामक रोग विभाग, जैव सूचना विज्ञान विभाग और जैव सांख्यिकी विभाग शामिल हैं। डॉ बिस्वास ने कहा, स्थायी अकादमिक समिति ने इन महत्वपूर्ण परिवर्धनों के लिए अपनी मंजूरी दे दी है, जिनसे रोगी देखभाल और कई अन्य सेवाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की उम्मीद है। शैक्षणिक कार्यक्रमों के विस्तार पर बोलते हुए, डॉ विश्वास ने चिकित्सा शिक्षा को आगे बढ़ाने के लिए चल रही प्रतिबद्धता के बारे में बताया, एम्स भुवनेश्वर ने कई नये शैक्षणिक कार्यक्रम शुरू किये हैं। इनमें छह साल का एमसीएच बाल चिकित्सा सर्जरी पाठ्यक्रम, बाल चिकित्सा पल्मोनोलॉजी और गहन देखभाल में एक डीएम पाठ्यक्रम, और बाल चिकित्सा संक्रामक रोगों और डीएम नेफ्रोलॉजी में विशेष कार्यक्रम शामिल हैं। डॉ आशुतोष विश्वास ने स्वास्थ्य देखभाल और अनुसंधान में इन विकासों के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने आशा व्यक्त की कि ये नये विभाग और शैक्षणिक कार्यक्रम रोगी देखभाल की बेहतरी और चिकित्सा ज्ञान की उन्नति में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। बहनागा ट्रेन त्रासदी में शारीरिक प्रबंधन के लिए स्वीकार करते हुए, एम्स भुवनेश्वर, बहनागा ट्रेन त्रासदी के दयालु और कुशल प्रबंधन में शामिल सभी व्यक्तियों की हार्दिक सराहना करता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में, आईआईटी भुवनेश्वर के निदेशक प्रोफेसर श्रीपाद कर्मलकर ने एम्स भुवनेश्वर को उसकी उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाओं के लिए बधाई दी और अनुसंधान और रोगी देखभाल के लिए संस्थान के समर्पण की सराहना की। इस कार्यक्रम में आकर्षक कार्यक्रमों और समारोहों की एक श्रृंखला देखी गयी। समारोह के दौरान कई आयोजनों में सफल प्रतिभागियों को सम्मानित और पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा, 11वें वार्षिक दिवस पर वार्षिक स्मारिका द इनसाइट और कई विभागों के सम्मानित संकाय सदस्यों द्वारा लिखित क्लिनिकल फीचर्स ऑफ मेलियोइडोसिस नामक पुस्तक का उद्घाटन किया गया। एम्स भुवनेश्वर में मेलियोइडोसिस रोगियों के प्रबंधन पर आधारित यह पुस्तक भारतीय संदर्भ में मेलियोइडोसिस मामलों से निपटने के लिए एक मूल्यवान संसाधन होने की उम्मीद है। अन्य लोगों में डीन (शिक्षाविद) डॉ पीआर महापात्रा, डीईएएन (अनुसंधान) डॉ सत्यजीत, डीईएएन (परीक्षा) डॉ सौभाग्य, चिकित्सा अधीक्षक डॉ दिलीप, रजिस्ट्रार (प्रभारी) डॉ देबप्रिया बंद्योपाध्याय, मंच पर डीडीए (प्रभारी) रस्मी रंजन सेठी भी उपस्थित थे।

आयोजन का संचालन आयोजन समिति संयोजक डॉ श्वेता सिंह और सह-संयोजक डॉ सोमनाथ पाढ़ी ने किया। एम्स भुवनेश्वर को स्वास्थ्य सेवा और चिकित्सा शिक्षा की सेवा में अपनी उल्लेखनीय यात्रा का एक दशक सफलतापूर्वक पूरा करने पर गर्व है।

## रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने अपना वादा पूरा किया

# संबलपुर-बनारस एक्सप्रेस को बरगढ़, बलांगीर, टिटिलागढ़, केसिंगा और रायगड़ा होते हुए विशाखापत्तनम तक विस्तार को मंजूरी मिली



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भूवनेश्वर।** वादे निभाने के अपने रिकॉर्ड को जारी रखते हुए, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक बार फिर ओड़िशा के पश्चिमी और दक्षिणी जिलों में रेल सेवाओं को बढ़ाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता साबित की है। बलांगीर, बरगड, कलाहांडी, रायगडा और अन्य क्षेत्रों के लोगों की लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी हो गयी है। इस प्रयास का उद्देश्य दक्षिण और पश्चिम ओड़िशा के लोगों को बनारस से जोड़ना है। सबसे महत्वपूर्ण विकासों में से एक दक्षिण ओडिशा के लोगों के लिए बनारस तक ट्रेन सेवाएं प्रदान करना है। अश्विनी वैष्णव की जन-आशीर्वाद यात्रा सहित इन क्षेत्रों की यात्रा के दौरान इस संबंध की मांग को उठाया गया और उन्होंने लोगों को आश्वासन दिया कि उनकी जरूरतों को पूरा किया जायेगा। इस काशी संबंध के महत्व को कम करके नहीं बताया जा सकता है, क्योंकि यह निवासियों को इलाहाबाद और वाराणासि में अनुष्ठान करने जैसी महत्वपूर्ण यात्राएं करने में मदद मिलेगी।


### संबलपुर-विशाखापत्तनम तक विस्तार

इस रेल लिंक में कई उद्देश्यों को पूरा करते हुए पश्चिमी और दक्षिणी ओडिशा में लोगों की जीवन रेखा बनने की क्षमता है। सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण, यह गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल और शैक्षिक सेवाओं तक आसान पहुंच की मांग को पूरा करता है, क्योंकि इन क्षेत्रों के कई निवासी अक्सर विशाखापत्तनम की यात्रा करते हैं। यह कदम नए व्यवसाय और व्यापार साझेदारियों को बढ़ावा देने का वादा करता है, जिससे आर्थिक विकास में योगदान मिलेगा।

### कनेक्टिविटी में क्रांतिकारी बदलाव

संबलपुर और विशाखापत्तनम के बीच विस्तारित ट्रेन सेवा कनेक्टिविटी में एक महत्वपूर्ण छलांग का प्रतिनिधित्व करती है। यह दो महत्वपूर्ण क्षेत्रों को जोड़ते हुए अनेक अवसरों के द्वार खोलता है। 18312/11 वाराणसी-संबलपुर-वाराणसी द्वि-साप्ताहिक एक्सप्रेस के विस्तार को रेल मंत्रालय द्वारा मंजूरी दे दी गयी है। इस विस्तार से ओड़िशा के दक्षिणी और पश्चिमी जिलों, विशेषकर केबीसी क्षेत्र को भी लाभ होगा, जबकि उत्तरी आंध्र क्षेत्र भी इस पहल के माध्यम से जुड़ जायेगा, जिसे काशी, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, हटिया, रांची, राउरकेला, झारसुगुड़ा और संबलपुर जिलों में रेल संपर्क बनाकर पश्चिमी जिलों की आर्थिक गतिविधि और पारगमन कनेक्टिविटी को बढ़ाने का प्रयास किया गया है। आखिरकार पश्चिम और दक्षिण ओड़िशा जिलों की लंबे समय से चली आ रही शिकायतों को हल करने के लिए रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव की निरंतर प्रतिबद्धता रंग लाई है। बेहतर रेल कनेक्टिविटी न केवल इन क्षेत्रों के निवासियों के लिए बल्कि उन क्षेत्रों के आर्थिक परिदृश्य के लिए भी एक उज्जवल भविष्य का वादा करती है जो इसे छूते हैं। प्रगति के पहिये वास्तव में घूम रहे हैं, अवसर और विकास के एक नये युग की शुरूआत हो रही है।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in




P/G HOSPITAL
पी० जी० हॉस्पीटल
रॉंची पटना रोड, करमा, झुमरीतिलैया, कोडरमा
पी जी हॉस्पीटल में ESIC एवं आयुष्मान् कार्डधारकों को मुफ्त ईलाज की सुविधा उपलब्ध है

## कैपिटल हॉस्पिटल में नवजात बच्चे की अदला-बदली का आरोप, डीएनए टेस्ट की मांग




**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** भुवनेश्वर कैपिटल हॉस्पिटल में नवजात बच्चे की अदला-बदली का आरोप लगा है। लड़का हुआ कहकर लड़की थमा दिये। भूवनेश्वर के प्राणकृष्ण बिस्वाल ने ऐसा गंभीर आरोप लगाया है। गौरतलब है कि प्राणकृष्ण की शिकायत के मुताबिक भुवनेश्वर के रहने वाले प्राणकृष्ण बिस्वाल की पत्नी को प्रसव पीड़ा के बाद कैपिटल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। सोमवार रात 10:30 बजे डिलीवरी के बाद नर्स ने बताया कि उसका लड़का हुआ है। फोटो खींचते समय उसने देखा कि वह एक लड़की है। परिणामस्वरूप, प्राणकृष्ण ने डीएनए परीक्षण की मांग की। जबतक रिपोर्ट नहीं आती तव तक मां और बच्चे को अस्पताल से नहीं लेंगे इस संबंध में उन्होंने कैपिटल हॉस्पिटल के निदेशक से शिकायत की है। निदेशक ने शिकायत स्वीकार कर जांच के आदेश दिये। अधीक्षक के नेतृत्व में एक टीम जांच करेगी। ऐसा नहीं होना चाहिए, कहां गलती है इसकी जांच कराई जायेगी। रिपोर्ट मिलने के बाद थाने में शिकायत दर्ज करायी जायेगी। जरूरत पड़ने पर डीएनए टेस्ट कराया जायेगा। कैपिटल हॉस्पिटल के निदेशक ने इसकी जानकारी दी।

## एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय में हिंदी डिजिटल उपकरणों के उपयोग पर कार्यशाला



**रांची (आजाद सिपाही)।** एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय, रांची में हिंदी पखवाड़ा समारोह अंतर्गत मंगलवार को हिंदी भाषा की दक्षता बढ़ाने के लिए राजभाषा अनुभाग द्वारा हिंदी डिजिटल टोल के उपयोग पर एक कार्यशाला आयोजित की गयी। राजभाषा नीति के हिस्से के रूप में हिंदी भाषा के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए कर्मचारी रोजमर्रा के आधिकारिक कामकाज में हिंदी का उपयोग करते हैं, लेकिन अक्सर कई सीमाओं जैसे हिंदी टाइपिंग, हिंदी का कामकाजी ज्ञान, विशेष रूप से वाक्य निर्माण और व्याकरण संबंधी त्रुटियों के कारण इसे प्रभावी ढंग से लागू करना कठिन हो जाता है। इस मुद्दे को संबोधित करने के लिए, हिंदी डिजिटल टूल के उपयोग पर एक कार्यशाला आयोजित की गयी जिसे एल एन प्रधान, उप महाप्रबंधक (सूचना और प्रौद्योगिकी) द्वारा प्रस्तुत किया गया। सत्र के दौरान, ऑनलाइन मोड पर उपलब्ध कई हिंदी उपकरण जैसे हिंदी टाइपिंग, हिंदी डिक्टेशन, हिंदी अनुवाद, हिंदी शब्दकोश का उपयोग आदि को रोजमर्रा के काम में व्यावहारिक उपयोग के लिए प्रस्तुत किया गया। ज्ञान साझा करने वाला सत्र पाया और हिंदी डिजिटल टूल के उपयोग से हिंदी में काम करना आसान होगा।

# विश्व फार्मासिस्ट दिवस मनाया गया

### आईएमएस और सम अस्पताल में मनाया गया





**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज और सम हॉस्पिटल में सोमवार को विश्व फार्मासिस्ट दिवस मनाया गया। इस मौके पर स्वास्थ्य देखभाल के क्षेत्र में फार्मासिस्टों की भूमिका पर जोर दिया गया। ओड़िशा फामेर्सी काउंसिल की रजिस्ट्रार सुनीता राणी पात्र ने मुख्य वक्ता के रूप में कार्यक्रम में भाग लिया और सभी को विश्व फार्मासिस्ट दिवस की बधाई दी। चुंकि देश में उत्पादित 50 प्रतिशत दवाएं भारत को निर्यात की जाती हैं, इसलिए भारत को दुनिया का दवा भंडार कहा जाता है। पात्र ने कहा, भारतीय दवा उद्योग पूरी दुनिया में जाना जाता है और भारतीय दवाएं सस्ती और प्रभावी हैं। इस कार्यक्रम में अस्पताल में कार्यरत कई फार्मासिस्टों ने भाग लिया शिक्षा और अनुसंधान (सोआ) की उपाध्यक्ष और कार्यक्रम की मुख्य अतिथि शास्वती दास ने कहा कि फार्मासिस्ट स्वास्थ्य देखभाल में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और दुनिया भर में कोविड महामारी की करालछाया में रोगी देखभाल में उनका काम सराहनीय है। उन्होंने कहा कि विश्व फार्मासिस्ट दिवस का उत्सव निश्चित रूप से सफल होगा और फार्मासिस्टों का मनोबल बढ़ाने में मदद करेगा। दास ने महामारी की लड़ाई के खिलाफ उनके अथक कार्य के लिए उनकी सराहना की। 25 सितंबर को इंटरनेशनल फार्मास्युटिकल फेडरेशन की स्थापना के बाद से इसे विश्व फार्मासिस्ट दिवस के रूप में मनाया जाता है। आईएमएस एवं सम हॉस्पिटल के डीन प्रो (डॉ) संघमित्रा मिश्र ने फामेर्सी को 24 घंटे की आपातकालीन सेवा बताते हुए कहा कि जटिल उपचार के क्षेत्र में फार्मासिस्टों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक प्रो (डॉ) पुष्पराज सामंतसिंहार ने स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में फार्मासिस्टों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि वे स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में बहुत महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाते हैं।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० रॉंची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!

FREE FRANCHISE
Just call us : 9835502908
Alpha Institute of Computer Education
Franchise Benefit
- All Computer courses
- Vocational courses
- Authorization Letter
- Authorization Certificate
- Web Login ID & Password
- Study Material Support
- Branded Name
- PDF Certificate in 24 Hrs
- Hard Copy Certificate & Mark sheet
- Students Placement Support
- Marketing Support
- Online & Offline Certificate Verification
- Yearly Career Guidance - Seminar in your city
- Paper and Media Support

Registered Office : 262, Delta Bhawan,Adarsh Nagar, Khorha Toli,Kokar, Ranchi (Jharkhand) Mob : 9835502908
Cooperate Office : Kokar Chowk, Kokar, Ranchi (Jharkhand). Mob : 9631103045
Cooperate Office : Noorsarai, Near Police Station Nalanda, Bihar Mob : 7488289546
E-mail : alphaeducational.center@gmail.com, Web site : www.alphaec08.com

डॉ. एल डाली
हेल्प क्लिनिक
बिना ऑपरेशन किये केवल दवा द्वारा 100% गारंटी के साथ
हाइड्रोशील, बवासीर, नामर्दानगी शीघ्रपतन, कमजोरी, स्वपन दोष, धात पतला, लिंग छोटा का सफल इलाज
पिस्का मोड़ के निकट, काली मंदिर के पीछे गैलेक्सिया मॉल के सामने, रातु रोड, रांची
समय प्रात : 9 बजे से 1 बजे तक शाम 4 बजे से 7 बजे तक
अपना स्थायी क्लिनिक
8797681250, 9006078331

कृष्णा ज्वेलर्स
Mob : 9973853279, 9031249105
समस्या है तो ! समाधान भी है !
आचार्य प्रणव मिश्रा
प्रसिद्ध ज्योतिष रत्न गोल्डमेडलिस्ट, M.M (ज्योतिर्विज्ञान) टॉपर 2012 एवं (P.h.D) रांची, वि. वि. रांची
गांधी चौक, सोनार गली, बीण वस्त्रालय के सामने अपर बाजार, रांची

bathsense BALAJEE UDYOG
एक बार अवश्य पधारें
BU Adding value since 2009
Distributors : bathsense ESSESS Flowkem Glocera m-seal ASTRAL Racold
BALAJEE UDYOG
The Mark of Excellence
Plot No. 767, OLD H.B. ROAD, OPP. SADHU MAIDAN, KOKAR, RANCHI
Mob. : 9534207055 / 93869-09008 / 0651-3554978 • Email : balajee_udyog@rediffmail.com

बोरिंग के लिए संपर्क करे
जल ही जीवन
993106883
9113754813
रांची के अंदर कहीं भी अच्छे रेट में
Contact for : Deep Boring, 405" 6" 8" Dia All Motor & Pump Fitting, Building Material

Ranjeet Singh
Kundan Singh
Proprietor
SHIVA TRADERS
T:+91-9934189684
7667384788
Shiva Complex, Rajender Chowk, Giridih Bypass Road Koderma(JH)825410
Mob : 9939563560, 7004525571, Email id : shivacement1212@gmail.com

सभी को मिले रोजगार यही है हमारा प्रयास
PERFECT AQUA
झारखंड बिहार में हमारी सर्विस उपलब्ध है। संपर्क करें। अपने बिजनेस को बढ़ाएंया नया बिजनेस लगाएं काफी किफायती दरों पर लगाया जाता है। आसान किस्तों पर उपलब्ध।
50 जार फ्री
टॉप क्वालिटी वाटर प्लांट सेटअप, शुद्ध पानी के साथ होगा फायदा जबरदस्त
Call now
9431701163
9431701163
Perfect service
H:B ROAD KOKAR RANCHI JHARKHAND

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**